www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

■ वर्ष 30 अंक 301 डाक/नगर संस्करण ■ जबलपुर शुक्रवार 02 मई 2025 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00


# जातिगत जनगणना को लेकर मप्र में चलाएंगे जागरूकता अभियान : जीतू पटवारी

## जून में कांग्रेस के सम्मेलन में भोपाल आएंगे राहुल गांधी

भोपाल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जून के महीने में भोपाल आएंगे। एमपी कांग्रेस की ओर से भोपाल में जातिगत जनगणना को लेकर प्रदेश व्यापी जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। भोपाल में जातिगत जनगणना को लेकर एक बड़ा सम्मेलन होगा। इसमें राहुल गांधी शामिल होंगे। पीसीसी चीफजीतू पटवारी ने भोपाल में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह जानकारी दी। पटवारी ने कहा राहुल गांधी ने पिछले 11 साल में दो लाख बार अलग-अलग मंचों से जातिगत जनगणना कराने की बात कही। लेकिन नरेन्द्र मोदी और बीजेपी के तमाम नेताओं ने जातिगत जनगणना को लेकर अलग-अलग तरह के बयान दिए।

### मोदी ने कहा था जातियों की बात करना पाप है

जीतू पटवारी ने कहा नरेन्द्र मोदी ने जातिगत जनगणना को लेकर कहा था कि जातियों की बात करना पाप है। जो जातियों की बात करता है, वह पापी आदमी है। योगी आदित्यनाथ ने कहा था बटोगे तो कटोगे। यह बयान भी जातिगत जनगणना के खिलाफ ही दिया था। केन्द्र सरकार के बहुत समझदार मंत्री नितिन गडकरी हैं, उन्होंने कहा था जो करेगा जात-पात की बात, उसको मैं मारूंगा लात। हमारे शिवराज सिंह चौहान और मोहन यादव ने भी ऐसी बातें कहीं हैं। मोहन यादव ने तो चार जातियां बताईं थीं। उन्होंने कहा था देश में चार जातियां हैं, किसान, युवा, गरीब और महिला। ये भी उन्होंने जातिगत जनगणना को लेकर क्रिटिसिज्म ही किया था।



### राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना को राष्ट्रीय विमर्श का केन्द्र बनाया

उन्होंने कहा राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना को सामाजिक समानता का आधार बनाकर इसे न केवल राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र बनाया, बल्कि भाजपा की वंचित-विरोधी नीतियों की पोल खोल दी। 2023 से 2024 तक उन्होंने संसद में, रैलियों में, प्रेस कॉन्फ्रेंस में और सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को आंधी की तरह उठाया। तेलंगाना के जातिगत सर्वेक्षण को एक पारदर्शी और समावेशी मॉडल के रूप में प्रस्तुत करते हुए, उन्होंने 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा को हटाने की मांग उठाकर भाजपा की दलित, पिछड़ा वर्ग विरोधी मानसिकता को ललकारा है। यह राहुल गांधी का अडिग संकल्प और मध्यप्रदेश कांग्रेस का साथ था, जिसने भाजपा को इस ऐतिहासिक फैसले के लिए मजबूर किया। पटवारी ने कहा जातिगत जनगणना की यह जीत राहुल गांधी की उस लंबी लड़ाई का हिस्सा है, जिसमें उन्होंने बार-बार भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को न केवल उजागर किया, बल्कि उन्हें वापस लेने के लिए बाध्य किया।

# आतंकियों के निशाने पर थे 4 पर्यटक स्थल

## एनआईए जांच में हो रहे अहम खुलासे

जम्मू-काश्मीर

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के बाद घटना को लेकर तेजी से जांच की जा रही है। जांच के दौरान कई अहम खुलासे भी हो रहे हैं। हमले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी कर रही है और उसे यह अहम सबूत हाथ लगे हैं कि आतंकवादी पहले ही बैसरन में पहुंच गए थे। इन आतंकवादियों के निशाने पर सिर्फ बैसरन ही नहीं बल्कि 3 अन्य पर्यटन स्थल भी थे। आतंकी हमले के बाद केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में संदिग्ध लोगों को ताबड़तोड़ उठाया जा रहा है। हमले के बाद अब तक 2500 से अधिक संदिग्धों को पकड़ा गया था जिसमें 186 लोग अभी भी हिरासत में हैं और इनसे पूछताछ की जा रही है। एनआईए ने 80 ओवरग्राउंड वर्कर्स यानीको भी हिरासत में लिया है। जांच एजेंसी इन ओवरग्राउंड वर्कर्स से भी लगातार पूछताछ कर रही है। सूत्रों के मुताबिक एनआईए की जांच और ओवरग्राउंड वर्कर्स से पूछताछ में कई बड़े खुलासे हो रहे हैं। हिरासत में लिए गए ओवरग्राउंड वर्कर्स से पूछताछ में यह पता चला कि पहलगाम आतंकी हमले से 2 दिन पहले आतंकवादी बैसरन घाटी में मौजूद थे। बताया जा रहा है कि ये आतंकवादी हमले से करीब एक हफ्ते पहले ही 15 अप्रैल को ही पहलगाम पहुंच गए थे। इन आतंकवादियों के निशाने पर बैसरन घाटी ही नहीं पहलगाम के 3 अन्य पर्यटन स्थल भी थे। इन लोगों की ओर से इन जगहों की रेकी की भी गयी थी। ये तीनों लोकेशन भी आतंकियों के टारगेट पर थी।



### ओजीडब्ल्यू ने आतंकियों की कराई थी रेकी

बैसरन के अलावा पहलगाम की आरु घाटी, एम्यूजमेंट पार्क और बेताब घाटी भी आतंकियों के निशाने पर थी। लेकिन यहां पर हमले करने की योजना काम नहीं कर सकी। अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि 20 के करीब ओवर ग्राउंड वर्कर की पहचान की जा चुकी है, इसमें से कई की गिरफ्तारी की जा चुकी है। सूत्रों का कहना है कि 4 ओजीडब्ल्यू ने पाकिस्तानी आतंकियों को रेकी करने में मदद की थी। इससे पहले जांच के दौरान आतंकी टूलकिट को लेकर बड़ा खुलासा हुआ था। इस टूलकिट के जरिए आतंकवादियों को कई तरह की हिदायतें दी जाती हैं। इसमें आतंकवादियों को क्या करना है और क्या नहीं करना है, इसकी जानकारी दी होती है।

### जुटाई जा रही खुफिया जानकारी

पहलगाम और आस-पास के इलाकों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी रहने के बावजूद हमलावर अभी भी फरार हैं, वहीं एनआईए जांचकर्ता बैसरन घाटी में कई गवाहों से पूछताछ कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए घटनाओं के सिलसिले को जोड़ रही है और हमलावरों के बारे में खुफिया जानकारी जुटा रही है। कश्मीर में हुए सबसे भीषण आतंकवादी हमलों में से एक को अंजाम देने वाले घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ने के लिए पिछले एक सप्ताह में कई गवाहों से पूछताछ की गई है। फोरेंसिक और अन्य विशेषज्ञों की मदद से एनआईए की टीमें आतंकी साजिश को उजागर करने के लिए सबूतों की तलाश में पूरे इलाके की गहन जांच कर रही हैं।

### हमले की जांच की समीक्षा के लिए पहलगाम पहुंचे एनआईए प्रमुख

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की ओर से 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले की जांच औपचारिक रूप से अपने हाथ में लेने के कुछ दिनों बाद एजेंसी प्रमुख सदानंद वसंत दाते गुरुवार को पहलगाम पहुंचे। एनआईए की टीमें पिछले सप्ताह से ही आतंकवादी हमले वाली जगह पर डेरा जमाए हुए हैं और सबूतों की तलाश तेज कर दी है। श्रीनगर पहुंचने के बाद एनआईए प्रमुख तुरंत पहलगाम के लिए रवाना हो गए, जहां आतंकवाद निरोधी एजेंसी के अधिकारी उन्हें चल रही जांच के बारे में जानकारी देंगे। एक अधिकारी ने बताया कि एनआईए के डीजी नरसंहार वाली जगह बैसरन घाटी का भी दौरा कर सकते हैं। जम्मू-कश्मीर में नागरिकों पर हुए सबसे घातक आतंकी हमलों में से एक में 22 अप्रैल को पहलगाम के बैसरन मैदान में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय निवासी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस हमले के लिए लश्कर ए तैयबा के छद्म संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट को जिम्मेदार ठहराया और कथित तौर पर हमले को अंजाम देने वाले पाकिस्तान के दो आतंकवादियों सहित तीन आतंकवादियों के स्केच जारी किए थे।

## राममंदिर के 6 दरवाजों पर मढ़ा जा रहा 18 किलो सोना



**आयोध्या।** राम मंदिर के दरवाजों पर फिर सोना लगाए जाने की शुरुआत हो गई है। अब फर्स्ट फ्लोर के 6 दरवाजों पर 18किलो सोना लगाया जा रहा है। हर दरवाजे पर 3 किलो सोना लगाया जाएगा। मुख्य कलश और राम दरबार के सिंहासन पर भी सोना लगाया जाएगा। करीब एक साल पहले राम मंदिर के ग्राउंड फ्लोर के 14 दरवाजों पर सोना लगाया गया था। हर दरवाजे पर करीब 3 किलो सोना लगा। जून में श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा होनी है, ट्रस्ट 3 दिन तक उत्सव मनाने की तैयारी कर रहा है। फर्स्ट फ्लोर पर राम दरबार की प्रतिमाएं आ चुकी हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि राम और सीता सिंहासन पर विराजमान होंगे। लक्ष्मण और शत्रुघ्न पंखा डोलाते हुए दिखेंगे। हनुमानजी और भरत की प्रतिमाएं चरणों में बैठे हुए होंगी।

## बारात लेकर अस्पताल पहुंचा दूल्हा ओपीडी में लिए सात फेरे



**ब्यावरा, राजगढ़।** जिले ब्यावरा में अक्षय तृतीया पर एक अनोखी शादी देखने को मिली। दूल्हा बारात लेकर किसी मैरिज गार्डन या घर नहीं, अस्पताल पहुंचा। यहां भर्ती अपनी मंगेतर को गोद में उठाकर सात फेरे लिए। ओपीडी वार्ड में शादी की सारी रस्में निभाई गई। दरअसल ब्यावरा की परम सिटी कॉलोनी में रहने वाले ठाकुर वीरेंद्र सिंह बेस के बेटे आदित्य सिंह की शादी 30 अप्रैल को कुंभराज के रहने वाले ठाकुर बलवीर सिंह सोलंकी की बेटी नंदिनी से तय थी। शादी से 7 दिन पहले नंदिनी की तबीयत बिगड़ गई थी। तब से वह एक नर्सिंग होम में भर्ती थी। दोनों परिवारों ने अस्पताल में ही शादी करवाने का फैसला लियाए क्योंकि अगला मुहूर्त दो साल बाद का था।



## रामदेव किसी के काबू में नहीं : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को बाबा रामदेव के नए वीडियो को लेकर तीखी टिप्पणी की। जस्टिस अमित बंसल ने कहा कि रामदेव किसी के नियंत्रण में नहीं हैं। वे अपनी ही दुनिया में जीते हैं। बाबा रामदेव ने हमदर्द कंपनी का नाम लिए बिना रूह अफ्जा को शरबत जिहाद कहा था। इसके बाद विवाद बढ़ गया था। जस्टिस बंसल ने कहा पिछले आदेश के मद्देनजर उनका हलफनामा और यह वीडियो प्रथमदृष्टया अवमानना के अंतर्गत आते हैं। मैं अब अवमानना नोटिस जारी करूंगा। हम उन्हें यहां बुला रहे हैं। कोर्ट ने गुरुवार को ये बताया कि बाबा रामदेव ने नया वीडियो जारी किया, जिसमें हमदर्द के खिलाफ टिप्पणी की गई है। ये नया वीडियो कब आया, इसकी जानकारी नहीं मिली है। इससे पहले 22 अप्रैल को हाईकोर्ट ने रामदेव को दिए आदेश में कहा था हमदर्द उत्पादों को लेकर न तो कोई बयान दें और न ही कोई वीडियो शेयर करें। हाईकोर्ट ने रामदेव के वीडियो पर तल्खी जताई तो उनके वकील ने कहा कि योगगुरु के ताजा वीडियो से आपत्तिजनक हिस्सा हर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से 24 घंटे के अंदर हटा दिया जाएगा। इस पर कोर्ट ने कहा कि आपने आदेश का पालन किया, एक हफ्ते के भीतर हलफनामा दायर करें। हाईकोर्ट कल यानी 2 मई को फिर इस मामले की सुनवाई करेगा। इसमें देखेगा कि पूर्व आदेश का पालन हुआ या नहीं।

**योगगुरु ने कोर्ट की रोक के बावजूद जारी किया वीडियो, जारी होगा अवमानना नोटिस**

## ध्रुव को मिली उड़ान की मंजूरी

**नई दिल्ली।** इंडियन आर्मी और इंडियन एयरफोर्स के लिए एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर ध्रुव को जांच के बाद उड़ान की मंजूरी मिल गई है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने इसे जल्द शुरू करने की योजना बनाई है। तकनीकी खराबी के कारण इसकी उड़ान पर रोक लगी थी। एएलएच ध्रुव के स्वैशप्लेट में खराबी की बात सामने आई थी। इसका पता 5 जनवरी 2025 को पोरबंदर में हुए हेलिकॉप्टर क्रैश के बाद चला था। हादसे में कोस्ट गार्ड के दो पायलट और एक क्रू मेंबर की मौत हुई थी।

## अपने-अपने दायरे में सीमित रहें संवैधानिक संस्थाएं : धनखड़

**लखनऊ।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को लखनऊ दौरे पर रहें। उन्होंने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की किताब चुनौतियां मुझे पसंद हैं का विमोचन किया। इस दौरान आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा पहलगाम में हमें चुनौती मिली है। लेकिन हमारे पास डायनामिक पीएम मोदी हैं। उन्होंने चुनौतियों को अवसर में बदला है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र समेत कैबिनेट मंत्री मौजूद रहे। स्वामी चिदानंद सरस्वती भी साथ में रहे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह हमारा बाध्यकारी कर्तव्य है कि हमारी संवैधानिक संस्थाएं एक-दूसरे का सम्मान करें और यह सम्मान तभी होता है जब सभी संस्थाएं अपने-अपने दायरे में सीमित रहती हैं। हमारा लोकतंत्र तब फलता फूलता नहीं है जब संस्थाओं के बीच टकराव होता है। संविधान इस बात की मांग करता है कि समन्वय हो, सहभागिता हो, विचार विमर्श हो, संवाद और वाद-विवाद हो।

# छेड़ेंगे तो छोड़ेंगे नहीं: मुख्यमंत्री

## पहलगाम हमले पर बोले सीएम, प्रधानमंत्री के नाम से दुश्मनों के हलक सूख रहे

खंडवा

खंडवा के हरसूद पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गुरुवार को तेंदूपत्ता समिति, वन समिति और जनजातीय सम्मेलन के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। पहलगाम आतंकी हमले को मुख्यमंत्री ने कहा कि ये मोदी जी का जमाना है, छेड़ेंगे तो छोड़ेंगे नहीं, ये पक्की बात है। हमारे देश के दुश्मनों का हाल प्रधानमंत्री के माध्यम से सेना करने वाली है, उसके लक्षण दिख रहे है, देश के दुश्मनों के हलक सूख रहे है, हाथ पैर कांप रहे है, समझ नहीं पड़ रही है, सोच रहे है क्या होगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने हरसूद में 100 बेड के सिविल हॉस्पिटल का शुभारंभ किया। इसका नाम श्री संत बुखारदास बाबा सिविल हॉस्पिटल करने की घोषणा की। सीएम जनजातीय एवं वन समिति सम्मेलन कार्यक्रम शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को पानी-पीने के छागल और बुजुर्ग आदिवासियों को आधुनिक तकनीक से लैस छड़ी का वितरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्र और प्रदेश सरकार की चल रही कई योजनाओं की मंच से तारीफ की और हर गरीब वर्ग को इससे जोड़ने की बात कर योजना का लाभ दिलाने को कहा। इसके अलावा हरसूद में दो बर्तन बैंकों का शुभारंभ किया। ये बर्तन बैंकों से पांच रुपए में गरीबों लोगों को शादी समारोह और अन्य कार्यक्रमों के लिए सुविधा उपलब्ध होगी।



### जबलपुर में प्रदेश के पहले हाईटेक राजस्व रिकार्ड का सीएम ने किया शुभारंभ

मध्यप्रदेश का पहला डिजिटल रिकॉर्ड रूम जबलपुर कलेक्ट्रेट में बनाया गया है। करीब डेढ़ करोड़ की लागत से 100 साल पुराने दस्तावेजों को स्कैन कर सहेज कर रखा गया है। गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव हाईटेक डिजिटलाइजेशन रिकार्ड रूम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कलेक्टर दीपक सक्सेना के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कलेक्टर सक्सेना ने एक के बाद एक नवाचार करके मध्य प्रदेश में इतिहास रचा है। उनके कार्यों ने प्रदेश में एक नई दिशा दिखाई है और लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। इस मौके पर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे सहित विधायक और राजस्व के अधिकारी भी मौजूद रहे। जबलपुर कलेक्टर कार्यालय में स्थित राजस्व अभिलेखागार को आधुनिकतम रूप में विकसित किया गया है, जिससे आवेदकों को राजस्व अभिलेखों की नकल प्राप्त करना अब आसान हो गया है। माना जा रहा है कि आज जबलपुर के रिकॉर्ड रूम के उद्घाटन के बाद मध्य प्रदेश के बाकी जिलों में भी इसी तरह रिकॉर्ड को संरक्षित करने का प्रयोग शुरू किया जा सकता है। जबलपुर जिले का साल 1909-10 से आज तक का राजस्व रिकार्ड उपलब्ध है।

# पहलगाम हमले की न्यायिक जांच से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

## याचिकाकर्ता को फटकार, कहा सुरक्षाबलों का मनोबल गिराना चाहते हैं क्या

नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की न्यायिक जांच का आदेश देने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच ने याचिकाकर्ता को फटकार भी लगाई। कोर्ट ने कहा कि यह संवेदनशील समय है। पूरा देश एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है। क्या आप सिक्योरिटी फोर्स का मनोबल गिराना चाहते हैं। ऐसी याचिकाएं कोर्ट में मत लाइए। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा ऐसी जनहित याचिकाएं दायर करने से पहले जिम्मेदारी से काम लें। देश के प्रति भी आपका कुछ कर्तव्य है। आप रिटायर्ड जज से जांच करने के लिए कह रहे हैं। हम जांच (आतंकी हमले) के एक्सपर्ट कब से बन गए। हमारा काम केवल फैसला सुनाना है। हालांकि कोर्ट ने कहा स्टूडेंट की सुरक्षा से जुड़े मुद्दे पर आज हाईकोर्ट जा सकते हैं। इसके बाद तीन याचिकाकर्ताओं में से एक ने याचिका वापस ले ली। जनहित याचिका कश्मीर के रहने वाले मोहम्मद जुनैद ने दायर की थी। याचिकाकर्ताओं में फतेश कुमार साहू और विकी कुमार का भी नाम है। याचिका में ये भी कहा गया है कि केंद्र और जम्मू.कश्मीर सरकार कश्मीर में पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

# विश्वविद्यालय के छात्रों ने मजदूर दिवस मनाया

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

विश्व श्रमिक दिवस के अंतर्गत पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल समाज कार्य विभाग, विभागाध्यक्ष प्रोफेसर नीलिमा खरे के मार्गदर्शन में कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त विभाग का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। श्रम आयुक्त कार्यालय की गतिविधियों एवं सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में चरणा पांडे सहायक संभागीय श्रम निरीक्षक एवं बाल श्रम नोडल ऑफिसर, आपने मास्टर ऑफ सोशल वर्क के छात्रों को 1 मई के बारे में बताया की पूरी दुनिया में मजदूर दिवसष् या अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवसष् के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को मई दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

यह दिन मजदूरों और श्रमिकों के समर्पण, अधिकारों और संघर्षों को समर्पित है। इस दिन मजदूरों के अधिकारों के लिए लोगों को और खुद मजदूरों को भी जागरूक करने की कोशिश की जाती है। मजदूरों के पास न तो कोई अधिकार थे और न ही उन्हें छुट्टी मिलती थी। वर्तमान में ऐसा वैसा नहीं है। निरीक्षक ने सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजना जैसे प्रसूति सहायता योजना, चिकित्सा सहायता योजना आयुष्मान भारत योजना निरामयम के समकक्ष, विवाह सहायता योजना, निर्माण स्थल पर कार्य के दौरान अपंजीकृत श्रमिक की मृत्यु की दशा में अंत्येष्टि एव अनुग्रह राशि भुगतान योजना, शिक्षा हेतु प्रोत्साहन राशि योजना, सुपर 5000, कक्षा



10 वी, कक्षा 12 वी राज्य लोक सेवा आयोग एवं संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता पर पुरूस्कार योजना, विदेश अध्ययन हेतु नि:शुल्क शिक्षा योजना, खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना, कौशल प्रशिक्षण योजना, औजार उपकरण खरीदी ठेतु शिक्षा योजना, सायकल अनुदान योजना, मुख्यमंत्री भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार नगरीय आवास योजना, मुख्यमंत्री भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार ग्रामीण आवास योजना, निर्माण श्रमिक रैन बसेरा योजना, निर्माण पीठा श्रमिक आश्रय योजना, श्रमोदय आवासीय विद्यालय, निर्माण श्रमिक आदर्श आई.टी.आई. तथा कर्मकार एवं संबल कार्ड में अंतर को इंगित किया। मध्यप्रदेश असंगठित शहरी एवं ग्रामीण कर्मकार कल्याण मंडल संबल योजना की पात्रता शर्तों के बारे में बताया की 18 से 60 वर्ष की आयु के ऐसे असंगठित श्रमिक जिनके पास एक हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि नहीं हो, शासकीय सेवा में नहीं हो, आयकर दाता नहीं होना, ग्रामीण क्षेत्र हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत नगरी निकाय हेतु आयुक्त हेतु आयुक्त नगर पालिका निगम मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका नगर परिषद पंचायत पदाभिहित अधिकारी एवं पंजीकृत श्रमिक के मृत्यु की दशा में अंत्येष्टि सहायता योजना अंत्येष्टि राशि रूपये 5000 अनुग्रह सहायता योजना अनुग्रह, सामान्य मृत्यु 2 लाख, दुर्घटना मृत्यु 4 लाख, आंशिक स्थायी अपंगता 1 लाख, स्थायी अपंगता 2 लाख, इस हेतु पदाभिहित अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत एवं शहरी क्षेत्र- मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका नगर परिषद, मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना पंजीकृत श्रमिक अथवा श्रमिक की पत्नी का वैध पंजीयन होने पर राशि 16000 रूपये हितलाभ देय होगा पदाभिहित अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं शहरी क्षेत्र सिविल सर्जन अधीक्षक मेडिकल कॉलेज अस्पताल विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारी मुख्यमंत्री जनकल्याण महाविद्यालयीन शिक्षा प्रोत्साहन शैक्षणिक शुल्क मंडल द्वारा पदाभिहित अधिकारी शैक्षणिक संस्थान के प्रमुख होते हैं। बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन 1986 संशोधित अधिनियम 2016 के अंतर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बालकों बालिकाओं को सभी तरह के कार्यों में नियोजित (काम करवाना) पूर्णत: प्रतिबंधित है।

इस कानून के तहत 14 से 18 वर्ष तक के बच्चे जिन्हें किशोर कहा जाता है उनको खतरनाक व्यवसाय एवं उद्योगों में नियोजित करना पूर्णत: निषेध है। 14 से 18 वर्ष के किशोरों को अपने परिवार में गैर खतरनाक व्यवसाय में मदद के लिए रखा जा सकता है। यह काम भी बच्चा स्कूल से आने के बाद या छुट्टियों में ही कर सकता है। साथ ही किशोरों को शाम 7 बजे से सुबह 8 बजे तक नियोजित करना प्रतिबंधित है। किशोरों के गैर खतरनाक व्यवसाय में नियोजन खतरनाक व्यवसाय जैसे ऑटोमोबाइल वर्कशॉप गेराज, सरकस, साबुन बनाना, अगरबत्ती बनाना, कचड़ा उठाना होटल एवं ढाबा में काम करना तथा घरेलू श्रम सहित अन्य 86 व्यवसाय एवं प्रतिकियाओं में किशोर श्रमिक कार्य नहीं कर सकता है। बाल श्रम नियोजित होने की सूचना म.प्र. शासन श्रम विभाग को पेंसिल पोर्टल पुलिस 100, चाईल्ड लाईन 1098 पर शिकायत करने की सुविधा उपलब्ध है।

उक्त प्रावधानों का पालन न करने कि स्थिति में बालश्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधि. 1986 के अंतर्गत अधिकतम दो वर्ष का कारावास व 50,000 रुपये जुमनि के दण्ड का प्रावधान है। उसे दौरान विजिटिंग फैकल्टी नितिन गर्ग, अर्पित दुबे एवं चंद्रकांत त्रिपाठी एवं एम.एस.डब्लू द्वितीय सेमेस्टर एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र शिवम रजक, शिवानी चौरसिया, आकांक्षा गुप्ता, अंजली गुप्ता, पुष्पलता सिंह, आंचल शर्मा, टीकबती बैगा भारती, किशन बैगा, सोनू बैगा, कोमल द्विवेदी, अंजली गौतम, वंदना नापित, संजना ढीमर, सुषमा यादव, आयुष मिश्रा, रोहिणी बंजारा तथा श्रम कार्यालय में पंकज के माध्यम से समन्वय किया गया।



## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में ड्रोन से होगी निगरानी

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व सहित एम पी के वन्य जीव बाहुल्य जंगलों में वन्य जीव ड्रोन कैमरे की नजर में होंगे,जिसके लिए बी टी आर द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन कर ड्रोन कैमरे के माध्यम से वन्य जीवों की दिनचर्या पर नजर रखने का प्रशिक्षण प्राप्त किया गया है। जिले के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ईको सेन्टर ताला में मंगलवार को डायलॉग आईटीईएस भोपाल से आए एयर कोमोडोर राजीव मित्तल एवं उनकी टीम द्वारा वन एवं वन्यजीव सुरक्षा एवं मॉनिटरिंग हेतु थर्मल इमेजिंग ड्रोन को संचालित करने की ट्रेनिंग दी गई। थर्मल ड्रोन से रेस्क्यू कार्य, वन्यजीव मॉनिटरिंग, सेंसटिव एरिया की लाइव मॉनिटरिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी किया जा सकेगा। प्रशिक्षण में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व टीम के अलावा प्रदेश के वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व, संजय टाइगर रिजर्व, दक्षिण शहडोल, उत्तर शहडोल, रीवा एवं मंदसौर वन मंडल से उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स में चमकेंगे शहडोल के खिलाड़ी, हुए चयनित



शहडोल (स्वतंत्रमत)।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन पटना ( बिहार) में 4 मई से 15 मई तक आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस प्रतियोगिता में 28 खेलों को शामिल किया गया है, जिसमें 10,000 खिलाड़ी शामिल होंगे। जिले के लिए यह गौरव की बात है कि शहडोल के सिपक टकरा खेल खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025, 18 वर्ष आयु वर्ग (बालक, बालिका) में खिलाड़ी, कुमारी रिषिका वर्मा पिता दयानंद वर्मा, वेदांत मिश्रा पिता अखिलेश मिश्रा एवं कोच के रूप में शहडोल के रामकिशोर चौरसिया पिता भारत चौरसिया का चयन किया गया है। जहां अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे।

सहायक संचालक खेल रईस अहमद ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्वालियर में चल रहा है, 2 मई को ग्वालियर से पटना (बिहार) के लिए मध्य प्रदेश का दल खेलो इंडिया यूथ गेम 2025 में भाग लेने के लिए रवाना होगा। चयनित खिलाड़ियों को कमिश्नर संभाग सुरभि गुप्ता, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक शहडोल रामजी श्रीवास्तव सहित अन्य लोगों ने खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## विधायक ने शासकीय उचित मूल्य दुकान दरौडी का किया निरीक्षण

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** विधायक मनीषा सिंह ने ग्राम पंचायत दरौडी में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान का औचक निरीक्षण कर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत खाद्यान्न प्राप्त कर रहे हितग्राहियों से संवाद की। निरीक्षण के दौरान हितग्राहियों से राशन की गुणवत्ता, वितरण व्यवस्था तथा पात्रता पर्ची की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशानुसार प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पारदर्शिता एवं समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें।



## हजारों की संख्या में मौजूद रहे विप्र जन

### धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**नगर में निकाली गई शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए मोहन राम मंदिर में यात्रा का हुआ समापन**

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** वैशाख माह के शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव नगर में बड़े ही हर्ष एवं प्रसन्नता व धूमधाम से मनाया गया। भगवान परशुराम जो की भगवान श्री हरि के छठवें अवतार हैं।



पूरे दिन लोग पहले भगवान परशुराम की शोभायात्रा तैयारी में जुटे। इसके बाद दोपहर 2.00 बजे से भगवान परशुराम की पूजा आराधना के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसके साथ ही नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें मुख्य रूप से ब्राम्हण समाज का भगत सिंह कांप्लेक्स से 5 बजे एवं दूसरा जयस्तंभ चौक से 6 बजे शोभायात्रा निकाली गई जो कि मोहनराम मंदिर में पहुंचकर संपन्न हुई।

**जगह-जगह हुआ प्रसाद वितरण**

नगर के मुख्य चौराहे से होकर गुजर रही भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा जिसमें हजारों की संख्या में जिले के ब्राह्मण बंधुओं की उपस्थिति रही है। शोभा यात्रा के दौरान मुख्य मार्गों पर जगह-जगह छोटे-छोटे स्टॉल लगाकर प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है साथ ही यात्रा में पदार्पण कर रहे भगवान परशुराम के भक्तों के लिए जगह-जगह ठंडा शरबत की व्यवस्था किया गया।

## वन अधिकार पट्टे पात्र हितग्राहियों को देने मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण

### एसडीएम डिंडौरी ने बताया कैसे होगा चयन

**डिण्डौरी (स्वतंत्र मत)।** कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम में अनुविभागीय अधिकारी के अंतर्गत आने वाले विकासखंड समनापुरए अमरपुर एवं डिंडौरी के जनपद सीईओ और रेंजर्सए पटवारीए सचिवए मोबेलाइजरए को वन अधिकार के पट्टे बांटने को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया। और कैसे ग्राम पंचायत एराजस्व और वन कर्मियों को फील्ड में भेजकर पात्र हितग्राहियों के चयन की प्रक्रिया बताई। उक्त प्रशिक्षण में डिप्टी कलेक्टर अक्षयए एसडीओ वन विभाग सुरेन्द्र जाटवए तहसीलदार शशांक शेण्डे सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। एसडीएम ने अधिकारियों को बताया कि ग्राम पंचायत या ग्राम सभा में जागरूकता के



अभाव में वन अधिकार के पात्र हितग्राही कितनी जमीन पर काबिज है इसकी जानकारी नहीं दे पा रहे है। इसलिए ग्राम पंचायत के सचिवए रोजगार सहायकए पटवारी और बीट गार्ड आज 01 मई को प्रशिक्षण दिया गया। 3 मई से 10 मई तक वन ग्रामों में जाकर पात्र वन अधिकार धारक कितनी जमीन पर काबिज है या उसे जमीन लीज पर मिली है।उसका नक्शा और सीमा सत्यापित करेंगे। एसडीएम ने बताया कि ग्राम स्तरीय समितिए ग्राम पंचायत या फिर ग्राम सभा वन भूमि पर काबिज हितग्राहियों का चयन करेगी। इस काम में पटवारी और बीट गार्ड उनका सहयोग करेंगे। संकल्प पारित होने के बाद आवेदन ग्राम सभा में जाएगाए प्रस्ताव में पटवारी और बीट गार्ड अपना अभिमत उसी प्रपत्र में देंगे। इसके बाद ग्राम पंचायत अपना प्रस्ताव उपखंड स्तरीय समिति के पास भेजेगी। समिति में सीईओ ए एसडीओ और एसडीएम के साथ तीन अशासकीय सदस्य होंगे। समिति आवेदनों की जांच करेंगे और दस्तावेज में कमी पाए जाने पर फिर ग्राम सभा को भेजेंगे। ग्राम सभा या तो दस्तावेज कंप्लीट कर वापस भेजेगी या फिर निरस्त करेगी। इसके बाद उपखंड स्तरीय समिति से सीधे जिला स्तरीय समिति के पास आवेदन आयेंगे। जिला स्तरीय समिति में कलेक्टरए डी एफ ओ और सहायक आयुक्त के साथ तीन अशासकीय सदस्य होंगे एजो आवेदनों की जांच करेंगे। यह पूरी प्रक्रिया डेढ़ महीने में पूरी करनी है।ताकि पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार के पट्टे वितरित किए जा सके।

## सिंगल क्लिक से संबल योजना के तहत 351 हितग्राहियों को 7.36 करोड़ की सहायता राशि वितरित

डिण्डौरी (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के अंतर्गत डिंडोरी जिले के 351 पात्र हितग्राहियों को 7 करोड़ 36 लाख रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। उक्त जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर सभाकक्ष में किया गयाए जहां कलेक्टर नेहा मारव्याए श्रम निरीक्षकए अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीए कर्मचारी एवं हितग्राही मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों ने सरकार की इस जनकल्याणकारी योजना के प्रति आभार प्रकट किया और इसे अपनी आजीविका के लिए सहायक बताया। यह योजना राज्य सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है।





## भगवान परशुराम जयंती पर मेकलसुता ब्राह्मण सेवा संघ ने निकाली भव्य शोभायात्रा

### नौ बटुकों का हुआ उपनयन संस्कार

**डिण्डौरी (स्वतंत्र मत)।** गाडासरई में मेकलसुता ब्राह्मण सेवा संघ द्वारा भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी की जयंती बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम जी के पूजन.अर्चन से हुई। इसके उपरांत नौ बटुकों का विधिवत उपनयन संस्कार संपन्न कराया गया।

उपनयन संस्कार के बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गयाए जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के उपरांत नगर में भगवान परशुराम जी की भव्य झांकी निकाली गईए जिसमें समाज के अनेक प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेकलसुता ब्राह्मण सेवा संघ के अध्यक्ष तुलसी महाराज ने बताया कि शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकली और समस्त नगरवासियों ने श्रद्धाभाव से भगवान परशुराम जी का स्वागत किया।

## कलेक्टर की सख्ती से खनिज विभाग में हलचल

# कोयला-गिट्टी भंडारण की दो अनुज्ञप्तियाँ निरस्त, एफआईआर दर्ज

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।

जिला प्रभारी अधिकारी खनिज़ की जांच रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर नेहा मारव्या द्वारा गिट्टी भंडारण एवं कोयला भंडारण की अनुज्ञप्ति निरस्त कर एफआईआर दर्ज की गईए ग्राम लुटगांव ;रैयतद्धए तहसील डिंडौरी में खनिज कोयला भंडारण हेतु जारी की गई व्यापारी अनुज्ञप्ति को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। कार्यवाही जिला प्रभारी अधिकारी खनिज की जांच रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर नेहा मारव्या द्वारा की गई। यह अनुज्ञप्ति तौसीफ अण् अयूब निवासी वार्ड क्रमांक 12ए भालूमाड़ा डबल स्टोरीए जिला अनूपपुर को 25 मई 2023 से 24 मई 2033 तक की अवधि के लिए जारी की गई थीए जिसमें उन्हें खनिज कोयले के भंडारण की अनुमति प्रदान की गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसारए तहसील डिंडौरी के अंतर्गत ग्राम लुटगांव स्थित खसरा नंबर 114र्2 रकबा 0ण्170 हेक्टेयर भूमि पर कोयला भंडारण की स्वीकृति दी गई थी। 25 अप्रैल 2025 को नायब तहसीलदार अमरपुर द्वारा की गई स्थल निरीक्षण रिपोर्ट में यह पाया गया कि उक्त भूमि पर न तो कोई खनिज भंडारित थाए न ही कोई खनन गतिविधिए व्यापार अथवा परिवहन कार्य संचालित हो रहा था। इसके अतिरिक्तए नायब तहसीलदार द्वारा अनुज्ञप्तिधारी को तीन दिवस के भीतर सभी दस्तावेजों के साथ समुचित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का अवसर भी दिया गया था। अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्रस्तुत जवाब एवं दस्तावेज संतोषजनक नहीं पाए गए। इस स्थिति में मध्यप्रदेश खनिज ;अवैध खननए परिवहन तथा भंडारण का निवारणद्ध नियम 2022 की धारा 17;1द्ध तथा 17;2द्ध के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए कलेक्टर नेहा मारव्या द्वारा अनुज्ञप्ति को निरस्त करने का आदेश पारित किया गया। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि जब किसी अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अनुमोदित स्थल पर निर्धारित अवधि में खनिज भंडारण अथवा व्यापारिक गतिविधि नहीं की जातीए तो यह नियमों का उल्लंघन माना जाता है। ऐसे में जनहित एवं शासन के निर्देशों का पालन करते हुए अनुज्ञप्ति निरस्त की गई है। कलेक्टर नेहा मारव्या ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि भविष्य में खनिज संबंधी स्वीकृतियों में समय.समय पर निरीक्षण एवं नियमों के पालन की पुष्टि की



कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला डिण्डौरी (म0प्र0)
E-mail :- modgmdin@mp.gov.in

-: आदेश :-

कलेक्टर
डिण्डौरी (म.प्र.)



कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला डिण्डौरी (म0प्र0)
E-mail :- modgmdin@mp.gov.in

-: आदेश :-

कलेक्टर
डिण्डौरी (म.प्र.)

जाएए ताकि खनिज संसाधनों का दुरुपयोग रोका जा सके।

इसी प्रकार से अनुज्ञप्ति राकेश कुमार तेकाम निवासी ग्राम बहेरा तहसील व जिला डिंडौरी को 19 दिसंबर 2022 से 11 सितंबर 2032 तक की अवधि के लिए जारी की गई थीए जिसमें उन्हें खनिज गिट्टीए पत्थरए बोल्डर भंडारण की अनुमति प्रदान की गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसारए तहसील डिंडौरी के अंतर्गत ग्राम लुटगांव स्थित खसरा नंबर 106र्2 रकबा 0ण्30 हेक्टेयर भूमि पर खनिज गिट्टीए पत्थरए बोल्डर भंडारण की स्वीकृति दी गई थी। 22 अप्रैल 2025 को नायब तहसीलदार अमरपुर द्वारा की गई स्थल निरीक्षण रिपोर्ट में यह पाया गया कि उक्त भूमि पर न तो कोई खनिज भंडारित थाए न ही कोई खनन गतिविधिए व्यापार अथवा परिवहन कार्य संचालित हो रहा था। इसके अतिरिक्तए नायब तहसीलदार द्वारा अनुज्ञप्तिधारी को तीन दिवस के भीतर सभी दस्तावेजों के साथ समुचित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का अवसर भी दिया गया था।

अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्रस्तुत जवाब एवं दस्तावेज संतोषजनक नहीं पाए गए। इस स्थिति में मध्यप्रदेश खनिज ;अवैध खननए परिवहन तथा भंडारण का निवारणद्ध नियम 2022 की धारा 17;2द्ध के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए कलेक्टर नेहा मारव्या द्वारा अनुज्ञप्ति को निरस्त करने का आदेश पारित किया गया। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि जब किसी अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अनुमोदित स्थल पर निर्धारित अवधि में खनिज भंडारण अथवा व्यापारिक गतिविधि नहीं की जातीए तो यह नियमों का उल्लंघन माना जाता है। ऐसे में जनहित एवं शासन के निर्देशों का पालन करते हुए अनुज्ञप्ति निरस्त की गई है।कलेक्टर नेहा मारव्या ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि भविष्य में खनिज संबंधी स्वीकृतियों में समय.समय पर निरीक्षण एवं नियमों के पालन की पुष्टि की जाएए ताकि खनिज संसाधनों का दुरुपयोग रोका जा सके।

# भ्रष्ट अधिकारियों का खामियाजा भुगत रहे लाखों नर्सिंग, पैरामेडिकल छात्र

## एनएसओ छात्र संगठन ने कार्यवाही करने कुलपति को सौंपा ज्ञापन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

गुरूवार को एनएसओ छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष कुशवाहा के द्वारा राज्यपाल के नाम मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति को ज्ञापन सौंपा गया। संगठन के गोपाल पाराशर और सुभाष कुशवाहा ने बताया कि मप्र सरकार के द्वारा नर्सिंग काउंसिल भोपाल, मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर व पैरामेडिकल काउंसिल भोपाल के अधिकारियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार का खामियाजा लाखों नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टूडेंट्स को भुगतना पड़ रहा है। हजारों स्टूडेंट्स फर्जीवाड़े के कारण 3-4 साल पढ़ाई करने के बाद बीच में टीसी लेकर वापस घर चले गए है। 4 साल से स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप नहीं मिली है, 2 साल की पीजी डिग्री 5 साल में और 4 साल की यूजी डिग्री 7-8 साल में पूरी हो रही है। मेडिकल यूनिवर्सिटी में सबसे ज्यादा संबद्ध कालेज नर्सिंग व पैरामेडिकल के है लेकिन मप्र सरकार द्वारा आज तक नर्सिंग व पैरामेडिकल क्षेत्र के एक भी व्यक्ति को असिस्टेंट रजिस्ट्रार तक नहीं बनाया है, जिससे यूनिवर्सिटी को इनके सिलेबस व नियमों की जानकारी मिल सके और अब तो मप्र सरकार द्वारा नर्सिंग व पैरामेडिकल कालेजों की गुणवत्ता बर्बाद करने के लिए इन कालेजों को मेडिकल यूनिवर्सिटी से हटाकर क्षेत्रीय यूनिवर्सिटीज में जोड़ने का आदेश जारी किया है, क्षेत्रीय यूनिवर्सिटीज में तो एक भी अधिकारी मेडिकल क्षेत्र का ही नहीं है, और जीवाजी यूनिवर्सिटी ग्वालियर, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में तो फेल पास का भ्रष्टाचार की रोजाना की खबरें बनती हैं।

### परीक्षाओं, रिजल्ट में बढ़ रहा विलंब

छात्र संगठन ने बताया कि राज्यपाल से आदेश को रद्द करने की मांग की गई है, जिससे नर्सिंग व पैरामेडिकल कालेजों की गुणवत्ता बनी रहे साथ ही जबलपुर को शिक्षा का हब बनाने व विकास में सहायक संस्थाओं को शहर से बाहर ले जाकर जबलपुर के साथ भेदभाव ना किया जाए। छात्रों ने बताया कि मेडिकल यूनिवर्सिटी में अधिकारियों व कर्मचारियों के 90 प्रतिशत पद रिक्त हैं इस कारण भी परीक्षाओं व परिणाम लेट होते हैं, इनको तत्काल भरा जाए। साथ ही सत्र ज्यादा लेट ना हो इसलिए सभी परीक्षाएं घोषित टाइम टेबल पर ही हो व रिजल्ट समय पर घोषित करने की मांग की गई। अगर संगठन की मांगो पर जल्द एवं उचित कार्यवाही नहीं की गई तो संगठन द्वारा भोपाल व दिल्ली में आंदोलन ज्ञापन धरना प्रदर्शन किए जाएंगे। ज्ञापन सौंपते समय नीलम, वर्षा, धर्मेंद्र, पूजा, राखी सहित दर्जनों स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।





# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पहुंचे मेयर हाउस

### मेयर अन्नू ने किया आत्मीय स्वागत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। शहर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मदन महल स्थित महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के निज निवास पहुँचे और सौजन्य भेंट की।

इस अवसर पर महापौर श्री अन्नू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मध्यप्रदेश शासन के लोकनिर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, वरिष्ठ सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित अन्य वरिष्ठजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर महापौर ने मुख्यमंत्री सहित सभी सम्माननीय जनों का आत्मीय सौगत किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, डॉ. सुभाष तिवारी, एमआईसी मेम्बर, बीजेपी पार्षद आदि उपस्थित रहे।

## श्री कृष्ण-सुदामा की मित्रता से लेनी चाहिए सीख

सिहोरा (स्वतंत्र मत)। शिव मंदिर बाबाताल पर चल रही भागवत कथा के अंतिम दिन की कथा मेंवृंदावन से आए पंडित अंशुल शास्त्री ने सुदामा चरित्र की कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता द्वापरयुग से लेकर कलयुग तक प्रासंगिक है। कलयुग में लोगों को भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता से सीख लेनी चाहिए। क्योंकि श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता निस्वार्थ थी। श्रीकृष्ण द्वारिकाधीश थे जबकि सुदामा निर्धन थे। उनमें कोई समानता नहीं थी लेकिन इसके बाद भी उनकी मित्रता को आज भी याद किया जाता है। जीवन में सच्चे मित्र का होना आवश्यक होता है। अच्छे मित्र हमेशा सुख-दुख में काम देते हैं। मित्रता में अमीरी और गरीबी का कोई भेद नहीं रहता है। हर व्यक्ति को भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की पवित्र मित्रता से सीख लेनी चाहिए, लेकिन आज के समय में लोग मित्रता हैसियत देखकर करते हैं। गुरुवार को भंडारा के साथ भागवत कथा का समापन हुआ।

# 2 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों के संचालन में हुआ विस्तार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। समर के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर-कटिहार-श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि को 04-04 ट्रिप विस्तार करने का निर्णय लिया है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना होकर गंतव्य को जाती है। ट्रेन संख्या 01405 कोल्हापुर-कटिहार साप्ताहिक (प्रत्येक रविवार) स्पेशल ट्रेन, जो दिनांक 27 अप्रैल तक अधिसूचित थी, अब दिनांक 04 से 25 मई तक और चलती रहेगी। ट्रेन



संख्या 01406 कटिहार-कोल्हापुर साप्ताहिक (प्रत्येक मंगलवार) स्पेशल ट्रेन, जो दिनांक 29 अप्रैल तक अधिसूचित थी, अब दिनांक 06 से 27 मई तक और चलती रहेगी। इसी प्रकार मर के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने मुंबई सेन्ट्रल-कटिहार-मुंबई सेन्ट्रल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि को 05-05 ट्रिप विस्तार करने का निर्णय लिया है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के संत हिरदराम नगर, विदिशा एवं बीना होकर गंतव्य को जाती है। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 09189 मुंबई सेन्ट्रल-कटिहार साप्ताहिक (प्रत्येक शनिवार) स्पेशल ट्रेन, जो दिनांक 26 अप्रैल तक अधिसूचित थी, अब दिनांक 03 से 31 मई तक और चलती रहेगी।

ट्रेन संख्या 09190 कटिहार-मुंबई सेन्ट्रल साप्ताहिक (प्रत्येक मंगलवार) स्पेशल ट्रेन, जो दिनांक 29 अप्रैल तक अधिसूचित थी, अब दिनांक 06 से 03 जून तक और चलती रहेगी।

# 11 लाख, कार मांगने पर नप गये टीचर

### रिश्ता तोड़ा दुल्हन पहुंची थाने, 9 पर एफआईआर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

एक सरकारी शिक्षक ने सगाई के बाद लड़की के पिता से दहेज में 11 लाख और लग्जरी कार मांगी। मांग पूरी नहीं होने पर शादी के 5 दिन पहले रिश्ता तोड़ दिया। दुल्हन के पिता जब उसे मनाने पहुंचे तो इतना तो बनता है कहकर घर से निकाल दिया। युवती बुधवार रात परिजन के साथ थाने पहुंची और एफआईआर दर्ज कराई। गोहलपुर पुलिस ने सरकारी शिक्षक शैलेंद्र झारिया समेत उसके परिवार के 9 लोगों को आरोपी बनाया है।

जानकारी के मुताबिक त्रिमूर्ति नगर की रहने वाली युवती की शादी कृष्णा कॉलोनी निवासी शैलेंद्र झारिया से तय हुई थी। शहर



के एक होटल में 27 अप्रैल को सगाई की रस्में पूरी हुईं।

### 6 मई को होना थी शादी,डिमांड नहीं हुई पूरी

युवती के पिता ने युवक को दो लाख कैश और जेवर दिए थे। 6 मई को शादी होने वाली थी। इसकी तैयारियां चल रही थीं। शादी की तैयारियों के बीच वर पक्ष से 11 लाख नकद और लग्जरी कार की डिमांड आ गई। युवती के परिवार ने नकद और कार देने में असमर्थता जताई, तो लड़के वालों ने यह कहते हुए रिश्ता तोड़ दिया। युवती की शिकायत पर पुलिस ने दूल्हे शैलेंद्र झारिया समेत सरोज झारिया, भगवत झारिया, शिल्पा झारिया, पवन राज, आस्था झारिया, शुभम झारिया, चंद्रिका मेहरा और उमा झारिया के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# सात दिवस में योजनाओं पर कार्य करें पूर्ण

### समीक्षा बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ने दिए निर्देश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। नये शैक्षणिक सत्र मे बच्चों की पढ़ाई पर सभी को फोकस करना जरुरी है इसके लिए अभी से समस्त कार्यो को पूर्ण कर लिया जाए. सभी प्राचार्य विभाग में शासन की योजनाओं का समय पर सफल क्रियान्वयन हो, उक्त निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी ानश्याम सोनी के



द्वारा आज दिनांक 1 मई 2025 को मॉडल स्कूल में सभी शासकीय विद्यालयों के प्रचार्यो, बीआरसी, बीएसी, जनशिक्षकों की समीक्षा बैठक मे दिए।

बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के द्वारा जबलपुर विकासखंड अंतर्गत ग्रामीण, नगर एक एवं नगर दो प्राचार्यो से शाला में प्रत्येक कक्षा में नामांकन बढ़ाने, समस्त छात्रों की शतप्रतिशत मैपिंग करने, छात्रों के फेल्ड अकाउंट सही करना, विगत वर्ष 30 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाली शालाओं पर विशेष फोकस एवं मॉनिटरिंग, दो दिवस में समस्त कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका का पूर्ण करना, उनकी लंबित समस्याओं को वरिष्ठ कार्यालय को भेजना, अधोसंरचना, विद्यालय के निर्माण कार्य, मरम्मत, पुस्तक वितरण, कक्षाओं मे प्रकाश व्यवस्था, पंखो की जानकारी, शौचालय, पेयजल जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में बीईओ सरिता तंतुवाय, बीबीआरसी केशव दुबे, आशीष श्रीवास्तव, अजय रजक सहित विकासखंड जबलपुर के सभी प्राचार्य, समस्त बीएसी,जनशिक्षक उपस्थित रहे।

# बहन की थी शादी, भाई को ट्रक ने रौंदा

### ग्रामीणों ने फूंक दिया ट्रक, कटंगी गुबरा में हादसा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। कटंगी से सटे हुए ग्राम गुबरा में देर रात बहन की बारात की स्वागत व्यवस्था में लगे सौरभ मेहरा (18) को बेलगाम भाग रहे ट्रक ने कुचल दिया।

हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इससे घर में विवाह की खुशियां शोक में बदल गईं। गुस्से में आए लोगों ने गेहूं से लदे ट्रक को फूंक दिया। वहीं आग बुझाने कटंगी से भेजें गये फायर ब्रिगेड वाहन पर आक्रोशित ग्रामीणों ने पत्थर बरसाने दिए। पत्थरबाजी में एक दमकल कर्मी बुरी तरह घायल हो गया। सिर में आयी गंभीर चोट के चलते घायल कर्मी को जबलपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जाता है कि इसके बाद सड़क पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस की खासी समझाइश के बाद रात करीब एक बजे यातायात बहाल हो पाया। ट्रक में आग लगाने के बाद टायर धमाकों के साथ फटे। इससे पूरा क्षेत्र दहल उठा। एक-एक करके टायर फटने से दहशत फैल गई।

### आ गई थी बारात, सामान लेने गया था भाई

ग्रामीण ने बताया कि मृतक सौरभ की बहन की बारात आ चुकी थी। तैयारियों में सौरभ भी लगा हुआ था। जिस सड़क पर घटना हुई उसके एक तरफ वधु पक्ष का घर तो दूसरी तरफ जयमाला के लिए टेंट लगा था। सौरभ कुछ सामान लेने सड़क पार कर रहा था। तभी हादसा हो गया।



# वक्फ संशोधन एक्ट के विरोध में मुस्लिम समाज ने रखी बत्ती गुल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के देशव्यापी आह्वान पर बुधवार को मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में मुस्लिम विकास परिषद के तत्वावधान में जबलपुर में मुस्लिम समाज ने एकजुट होकर बत्ती गुल अभियान में भाग लिया और बुधवार रात 9 से 9.15 बजे तक अपने-अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों, मस्जिदों और फैक्ट्रियों की लाइटें बंद रखकर शांतिपूर्वक विरोध दर्ज कराया। वक़्फ़ संपत्तियों की सुरक्षा, धार्मिक आज़ादी और संविधान प्रदत्त अधिकारों के संरक्षण की मांग को लेकर यह आंदोलन पूरी तरह से गंभीर, शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हुआ। जबलपुर के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में नागरिकों ने बड़े पैमाने पर इस अभियान में भाग लिया। समाजसेवी संगठनों, इमामों, बुद्धिजीवियों और युवा कार्यकर्ताओं ने जनता से अपील की कि वक़्फ़ संशोधन अधिनियम से संबंधित विषयों को समझें, और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। इस अवसर पर मुस्लिम विकास परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी, अशफाक आरिफ, इस्त्याक अंसारी, इरफान कुरैशी, फैजान कुरैशी, मुज्जफर कुरैशी, नोशाद खलीफा, एड. सलमान खान, अहमद राजा, डॉ. निसार अंसारी, मोनिश अंसारी, साजिद काज़ी, एड. अय्यूब अंसारी, गुलाम साबरी, जावेद मिर्जा, एड. रियाज आदि की उपस्थिति रही।

## अंतराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर शहर में हुये आयोजन

# मजदूर दिवस पर एआईडीईएफ ने भरी हुंकार





जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मजदूर दिवस के अवसर पर एआईडीईएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉम एसएन पाठक द्वारा जीसीएफ इस्टेट में वाहन रैली निकाल कर सतपुला मैदान में बने हुए मंच पर संबोधन किया गया। मंच से श्री पाठक द्वारा मई दिवस का इतिहास और महत्व बताते हुए कहा गया कि सन 1886 में शिकागों शहर में हुआ आंदोलन मजदूरों के कार्य के घंटे निर्धारित करने एवं अन्य अधिकारों की मांग को लेकर था जिसको पूंजीपतियों द्वारा कुचलने के लिए हिंसा की गई, जिसमें कई मजदूर घायल हुए थे।

मजदूरों ने उन घायलों और हताहत मजदूरों के लाल रक्त से रंजित कपड़े को फहराकर अपना विरोध दर्शाया। उसी के बाद से लाल झंडा यह मजदूरों की पहचान बन गया। उन्होंने कहा कि आगामी 20 मई को फेडरेशन के बैनर तले एक विरोध कार्यक्रम किया जाएगा कार्यक्रम में शरद बोरकर, अजय रजक, पंकज रंजन, उत्तम विश्वास, रवि शाह आदि उपस्थित रहे।

### जबलपुर स्टेशन पर मनाया मजदूर दिवस

जबलपुर मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के मार्गदर्शन में गुरूवार एक मई मजदूर दिवस के अवसर पर स्टेशन निदेशक संजय शर्मा द्वारा जबलपुर स्टेशन पर कार्यरत संविदा सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की गई। इस अवसर पर संजय जयसवाल स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य), प्रकाश चंद्र सेन राजेश प्रसाद गुप्ता स्वास्थ्य निरीक्षक के साथ ही ठेकेदार अरविंद सिंह परिहार उपस्थित रहे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन नियम के तहत बैठक संपन्न

## 69 विद्यालयों व्दारा मान्यता संबंधी जानकारी प्रस्तुत नही करने पर कलेक्टर ने व्यक्त की अप्रसन्नता

उमरिया (स्वतंत्रमत)



मप्र निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) नियम 2020 प्रसारित किया गया है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में गुरुवार 1 मई को जिला पंचायत सभागार में फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन नियम के संबंध में बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर ने कहा कि मप्र निजी विद्यालय 2020 की धारा 3 एवं 4 के तहत अभिभावकों को दिए जाने वाली शुल्क विवरण स्पष्ट एवं मदवार उल्लेखत किया जावे। नियम के तहत विद्यालय की प्रस्तावित फीस संरचना के अनुरूप सत्र प्रारंभ के 180 दिवस पूर्व शासन व्दारा नियत पोर्टल, जिला समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है। परिवर्तन की स्थिति में यह अनिवार्य होगा, जिसका पालन जिले में होना नही पाया जा रहा है। निरीक्षण में प्रतिकूल पाए जाने पर विद्यालयों के विरूध्द कार्यवाही की जाएगी। बिंदु का पालन न किए जाने पर मान्यता समाप्त की कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कहा कि निजी विद्यालय प्रबंधन व्दारा पाठ्य पुस्तकों का निर्धारण ऐसे संबध्द बोर्ड अथवा परीक्षा निकाय के विनियमो के अनुसार विनिश्चत किया जाए जिससे कि वह सबध्द हो। आरएसके, एमपीबीएसई, सीबीएसई से संबध्द होने की स्थिति में नियत बोर्ड के व्दारा अधिकृत पाठ्यपुस्के से ही अध्यापन किया जाना होगा। किसी भी हालत में अनावश्यक पुस्तको को क्रय किए जाने हेतु किसी भी अभिभावक को बाध्य नही किया जाए। प्राय: देखने मे आता है कि विद्यालयो व्दारा किसी नियत दुकानदार को चिन्हित कर उन्हें पुस्तकों की सूची उपलब्ध कराई जाती है जहां से अभिभावक बाध्य होकर या अनावश्यक पुस्तके क्रय करता है। कुछ विद्यालयो मे अमान्य पुस्तके, बिना आईएसबीएन, फर्जी आईएसबीएन क्रमांक की पुस्तके विद्यालयों व्दारा बच्चों को क्रय किए जाने हेतु बाध्य किया जा रहा है।उन्होने कहा कि अगर किसी स्कूल ने अतिरिक्त पुस्तकें खरीदवा दी है तो उनकी पुस्तके वापस कराकर पैसे भी वापस कराएं। यदि दुकान वापस नही करता है तो कडी कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कहा कि यदि निरीक्षण मे ऐसी स्थिति पाई जाती है तो विद्यालय प्रबंधन एवं संबंधित दुकानदार दोनो के विरूध्द कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कहा कि संबंधित बोर्ड व्दारा मान्य पाठ्य पुस्कें भी विद्यालय में उपयोग की जाए। इस स्थिति मे बोर्ड के पाठ्यक्रम बदलाव की स्थिति मे ही इस तरह की परिस्थिति होनी चाहिए। अनावश्यक पुस्तिको के लिए अभिभावक पर किसी भी प्रकार का दबाव नही डालें। शासन के निर्देशानुसार बच्चों को मानसिक एवं शारीरिक स्वा0 के लिए खेल एक आवश्यक गतिविधि के रूप में शामिल है। निजी विद्यालयो व्दारा क्री?ा शुल्क प्राप्त किया जाता है, किंतु इसका उपयोग खेल गतिविधियों मे नही किया जाता है। विद्यालयों व्दारा क्री?ा अंशदान भी शासन के पक्ष में समय पर जमा नही किया जा रहा है जो की नियम विरूध्द है। उन्होने कहा कि निजी विद्यालय प्रबंधन परिवहन विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग व्दारा जारी दिशा निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें। विद्यालय में उपलब्ध स्वयं, अनुबंधित वाहनों के संबंध में संपूर्ण जानकारी विद्यालय प्रबंधन के पास होनी चाहिए। सभी वाहन परिवहन विभाग से पंजीकृत व मापदंड के अनुसार हो। विद्यालय प्रबंधन व्दारा छात्रों को परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की स्थिति में अभिभावकों से प्राप्त राशि नियम 3 के उप नियम 2 के खंड 4 अनुसार प्रस्तावित फीस संरचना में सम्मिलित की जाएगी। वाहन चालक तथा अन्य समस्त कर्मचारियों एवं शिक्षकों के विरूध्द किसी भी तरह का आपराधिक प्रकरण दर्ज न होने संबंधी अनिवार्य रूप से पुलिस वेरीफिकेशन कराया जाए। प्रत्येक वाहन में विद्यालय की ओर से परिवहन के दौरान शिक्षकों की ड्युटी लगाई जाए। वाहन मे क्षमता से अधिक विद्यार्थियों को नही बैठाया जाए। वाहन शुल्क 10 माह का लिया जाए। मान्यता के लिए स्पष्ट किया गया है कि राज्य शिक्षा केंद्र एवं जिला शिक्षा अधिकारी व्दारा जानकारी मांगी जाती है, उसे नियत समय में उपलब्ध कराए। राज्य सरकार, स्थानीय प्राधिकारी के ऐसे अनुदेशो का पालन करेगा जैसा कि स्कूल के संचालन की कमियों को दूर करने के लिए अथवा मान्यता व शर्तो के निरंतर पूर्ति सुनिश्चित करने हेतु जारी किए जाए। बैठक में बताया गया कि 69 विद्यालयों व्दारा जानकारी प्रस्तुत नही की गई है, जो स्पष्ट रूप से मान्यता शर्तो का उल्लंघन है। जिस पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जानकारी उपलब्ध कराए अन्यथा उक्त विद्यालयों के विरूध्द मान्यता समाप्ति की कार्यवाही की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग तथा जिला परियोजना समन्वियक सर्व शिक्षा अभियान को निर्देशित किया है कि समस्ति विद्यालयों के निरीक्षण हेतु दल गठित किए जाए जो निजी विद्यालयों में मप्र निजी विद्यालय नियम 2020 तथा मान्यता नियम , शर्तो के अनुरूप तथा इस वर्ष की गई फीस वृध्दि की कार्यवाही एवं औचित्य का परीक्षण कर कलेक्टर के समक्ष एक माह के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगे। यह भी निर्देशित किया कि इन नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित शाला की मान्यता समाप्त किए जाने का प्रस्ताव भी प्रस्तुत करें। सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि निजी विद्यालयों के संचालक एवं प्राचार्य एक महीने के अंदर समस्त कार्यवाही को पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही शासन के निर्देशों के अनुरूप ही विद्यालयों का संचालन करें अन्यथा न्यायोचित कार्यवाही की जाएगी। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत 25 प्रतिशत बच्चों का निशुल्क स्कूलों में दाखिला कराए। आरटीई नियम के अनुसार योग्यता पूर्ण शिक्षकों की भर्ती करें। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी आर एस मरावी, सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग डा पूजा व्दिवेदी, जिला समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान संजय सिंह बघेल, संयुक्त संचालक शिक्षा, ए.पी.सी. विनीत कुमार के.व्ही सहित निजी विद्यालयों के संचालक, प्राचार्य उपस्थित रहे।

# पेड़ के नीचे बैठे बाघ का फोटो कैमरे में हुआ कैद



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** बांधवग? नेशनल पार्क अंतर्गत मगधी जोन में पे? के नीचे जमहोल बाघ के बैठे हुए मिलने पर उसकी तस्वीर सोशल मीडिया में वायरल हुई है। जानकारों की माने तो मगधी जोन में वायरल हो रहा खूबसूरत बाघ जमहोल बाघ है,जो लंबे समय से पर्यटकों का आकर्षण का केंद्र रहा है।बांधवगढ टाइगर रि?र्व में वैसे तो कई बाघों का ब?ा कुनबा है,इनमें कई बाघों की कालर आईडी भी है,मतलब इनकी पहचान है।पर कई बाघ अभी भी विशालकाय बांधवगढ टाइगर रि?र्व के वन क्षेत्र में बिना पहचान के ही रहवास बनाये हुए है।पर्यटकों के साथ दोस्ताना व्यवहार और शिकार में कमाल का अनुभव संजोय जमहोल टाइगर की अपनी अलग कहानी है।पर्यटकों को आकर्षित करने वाला जमहोल बाघ अक्सर ताला परिक्षेत्र के अलावा मगधी एवम धमोखर बफर में देखा जाता है।ये ज्यादातर बोदा तालाब,सेहरा घास मैदान,राजबहरा घास मैदान,झिलकी नाला,नाडु गुफा,अरहरिया सासर, सूखा बांध,गोहाडी में देखा जाता है।आपको बता दे जमहोल टाइगर वर्ष 2018 में जोभी क्षेत्र में जन्म लिया था।इसकी माता जोभी मादा है एवं जानकारों की माने तो पिता महावन नर बाघ है।जमहोल टाइगर का नाम बांधवगढ टाइगर रि?र्व के मशहूर जमहोल तालाब के नाम से प?ा है।ये अक्सर शिकार के बाद पानी के गड्ढों या सासर में वक्त बिताता है।।जानकार तो यह भी बताते है कि बफर वाली मादा के चार शावकों का जमहोल टाइगर ही पिता है।

# सेक्टर - 1 पाली बन्नौदा पंचायत मे बोरी बंधान कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जल गंगा संवर्धन अभियान के साथ- साथ अपनी मिट्टी अपना जल नवाचार के तहत जल संरक्षण और संवर्धन के लिये निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सेक्टर - 1 पाली बन्नौदा व्दारा बन्नौदा कमराई नदी में 51 बोरियों का बोरी बंधान किया गया। कार्यक्रम में रविन्द्र शुक्ला जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, ब्लॉक समन्वयक पुष्पा टेकाम, नगर विकास प्रस्फुटन समिति नवांकुर संस्था से कृष्णा विश्वकर्मा, मेंटर्स उषा प्रजापति सहयोगी सीएमसीएलडीपी छात्र शिवराम सिंह, राहुल विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

# बालाघाट दुष्कर्म मामले मे कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ ने सौंपा ज्ञापन

उमरिया (स्वतंत्रमत)



प्रदेश के बालाघाट मे चार आदिवासी महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटना को लेकर गत दिवस कांग्रेस के आदिवासी प्रकोष्ठ ने अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डॉ. नागेन्द्र सिंह को महामहिम राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन सौंपा। जिसमे कहा गया है कि भाजपा शासन मे आदिवासियों के सांथ अन्याय, उत्पीडन तथा शोषण लगातार हो रहा है। बालाघाट की वारदात ने एक बार फिर प्रदेश को शर्मसार किया है। कांग्रेस ने राष्ट्रपति से इस मामले की त्वरित सुनवाई करा कर आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने की मांग की है। प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजेश कोल के नेतृत्व मे सौंपे गये ज्ञापन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पूर्व विधायक अजय सिंह, पूर्व अध्यक्ष राजेश शर्मा, ठाकुरदास सचदेव, अमृतलाल यादव, त्रिभुवन प्रताप सिंह, ब्लाक अध्यक्ष प्रमोद उपाध्याय, शिशुपाल यादव, मोहन साहू, उदय प्रताप सिंह, लाल बहादुर सिंह, मयंक सिंह, रघुनाथ सोनी, संतोष सिंह, युंकाध्यक्ष विजेंद्र सिंह अब्बू, निरंजन सिंह, एनएल पटेल, सावित्री सिंह, शकुंतला सिंह धुर्वे, ताजेंद्र सिंह, राजीव सिंह, मो. आजाद, शेख शाहरुख, आदित्य तिवारी, बिंदे सिंह, अयाज खान, केपी सिंह, किशोर सिंह, चंदू राठौर, माधव हेमनानी, संदीप यादव, राज सिंह, विनीत सिंह, विनोद यादव, जितेंद्र सिंह, रघुनंदन सिंह सहित सैक?ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नरवाई के जलाने पर होने वाले नुकसानों से किसानों को कराया जा रहा अवगत

उमरिया (स्वतंत्रमत)



कृषि विभाग एवं किसान कल्याण विभाग व्दारा रथ के माध्यम से किसानों को नरवाई नही जलाने की जानकारी दी जा रही है। सहायक कृषि यंत्री मेगा पाटिल ने बताया कि गत दिवस सेमरिया, अमहा सहित विभिन्न ग्रामों में रथ के माध्यम से किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान, नरवाई के प्रबंधन एवं उपाय नरवाई प्रबंधन में सहायक भूसा मशीन, बेलर, हार्वेस्टर मैनेजमेंट सिस्टम, रीपर कम्बाइंडर, सीपर सीडर, मल्चर आधुनिक कृषि यंत्र, फसल अवशेष प्रबंधन उपाय बनाने, खेत और पर्यावरण को नुकसान से बचाने, नरवाई प्रबंधन के लाभ आदि के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पर्यावरण सुरक्षा, जन स्वा0 एवं जीव जंतुओ की जीवन सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूजनल के आदेश के परिपालन में पर्यावरण प्रदूषण एवं नियंत्रण अधिनियम के तहत शासन ने धान एवं गेहू तथा अन्यव फसल की कटाई के बाद नरवाई जलाना प्रतिबंधित किया है। इसका उल्लंघन किए जाने पर संबंधित से पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप मे जुर्माना लिया जाएगा। नोटिफिकेशन के प्रावधान अनुसार जुर्माना राशि निर्धारित की गई है।

# स्वर्गीय प्यारेलाल बैगा की स्मृति में हॉकी प्रतियोगिता आयोजित कराने हेतु आवश्यक बैठक आज स्टेडियम में

उमरिया (स्वतंत्रमत)

स्वर्गीय प्यारेलाल बैगा जी के स्मृति में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 20 मई 2025 से 27 मई 2025 तक उमरिया के नगर पालिका स्टेडियम में आयोजित किया जाना है जिसमें आपकी उपस्थिति इष्ट मित्रों सहित आयोजन की रूप रेखा तैयार करने हेतु एक बैठक दिनांक 02 मई 2025 दिन शुक्रवार को समय शाम 06 बजे नगर पालिका स्टेडियम में रखी गई है। बैठक की अध्यक्षता श्री अशुतोष अग्रवाल जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जिला उमरिया की उपस्थिति में सम्पन्न होगी। बैठक में उपस्थित होकर होने वाले आयोजन में अपनी सहभागिता सानिध्य एवं मार्गदर्शन आयोजन समिति को दे।

# पाली सगरा तालाब जीर्णोद्धार कार्यक्रम एवं भूमिपूजन आज

उमरिया (स्वतंत्रमत)

बहुप्रतिक्षित सगय तालाब का जीणोंडार एवं भवता पूर्ण निर्माण हेतु दिनांक 2 मई 2025 दिन शुक्रवार दोपहर 12 बजे का समय सुनिश्चित हुआ है, उक्त कार्यक्रम परम पूजनीया श्री श्री 1008 श्री बच्चू बाबा जी महाराज जी के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में बिरासिनी जी के आशीर्वाद एवं पाली नगावासियों के सहयोग से संपन्न होगा।

भूमि पूजन एवं अन्य कार्यक्रम भूमि पूजन कार्यक्रम दिनांक 2 मई 2025 को समय 11 बजे से विश्रामगृह (रेस्ट हाउस) से भव्य शोभायात्रा कलश यात्रा परम पूज्य श्री बच्चू बाबा की सानिध्य एवं मार्गदर्शन में पारम्भ होकर माता बिग्रसिनी मंदिर में पूजा अर्चना पश्चात ब्रह्मदेव के पूजन के सॉंथ पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा का आयोजन हरिहर दरबार सगय तालाब में किया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद शहडोल हिमाद्री सिंह और स्थानीय मानपुर विधायक शुश्री मीना सिंह जी के मुख्य आतिथ्य में होगा। पाली नपा अध्यक्ष शकुंतला प्रधान की अध्यक्षता में कार्यक्रम होगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सभी के सहभागिता की अपील की है।

# सड़क हादसे मे युवक की मौत

उमरिया (स्वतंत्रमत)

चंदिया थाना अंतर्गत कटनी बाईपास के पास एक युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि युवक का शव खून से लथपथ हालत में है। सम्भावना जताई जा रही है कि युवक किसी स?क हादसे का शिकार हुआ होगा।इस हादसे में मृत युवक स्थानीय चंदिया का ही बताया जा रहा है। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ और मृत युवक किनके साथ और क्या करने इतना दूर आया था,फिलहाल ये ब?ा सवाल है



# म,प्र, अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला उमरिया के सहसचिव बने राजीव लोचन सोनी

उमरिया (स्वतंत्रमत)




अधिकारी कर्मचारी सयुक्त मोर्चा के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी श्री ज्ञानेंद्र पाण्डेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि, संगठन के प्रान्तीय अध्यक्ष एम पी द्विवेदी प्रांतीय संरक्षक महेंद्र शर्मा जी के दिशानिर्देश पर अधिकारी कर्मचारी सयुक्त मोर्चा जिला उमरिया के जिलाध्यक्ष कैलाश गौतम ने संगठन द्वारा प्रदाय शक्तिओ का प्रयोग करते हुए संगठन विस्तार की दृष्टिकोण से संगठन को गति एवं मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से श्री ज्राजीव लोचन सोनी को सभी संगठन पदधिकरिओ सदस्यों की सहमति से अधिकारी कर्मचारी सयुक्त मोर्चा जिला उमरिया का सहसचिव मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति पर अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संरक्षक श्री अरविंद चतुर्वेदी, संरक्षक श्री बीरेंद्र कुमार दुबे संरक्षक मोहम्मद सिद्दीकी, संरक्षक एवं तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष श्री अनिल शर्मा लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष श्री रवी बर्मा शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष श्री कैलाश प्रसाद गौतम राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष श्री प्रकाश चंद्र भट्ट कांग्रेश शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष श्री भीम सिंह रानू चतुर्वेदी मध्यप्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष श्री धनेशपुरी गोस्वामी सयुक्त मोर्चा के कार्यवाहक अध्यक्ष रविकुमार वर्मा ,डॉ अभय पांडे, अनिल शर्मा ,प्रकाश चन्द्र भट्ट, राज्य पत्रित संघ के जिलाध्यक्ष श्री सुशील कुमार मिश्रा, राजीव लोचन सोनी,कमलेश प्रसाद सोनी,लाला प्रसाद यादव,राकेश उरमलिया,निर्मला वर्मा,हेतराम यादव,सरला सिंह,मोहन तिवारी, संदीप त्रिपाठी तोताराम यादव,नरनारायण सिंह,रामचरण साकेत,हेमराज पनिका,राजेन्द्र गडारी,जयकरण सिंह आदिल सिद्दीकी अंकज चतुर्वेदी आदि सभी संगठन पदाधिकारिओ वा सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# 1 मई अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस पर विधिक साक्षरता षिविर का आयोजन

उमरिया (स्वतंत्रमत)



मध्यप्रदेष राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीष श्री विवेक कुमार गुप्ता के मार्गदर्षन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया श्री मोहन डावर की अध्यक्षता में दिनांक 01 मई 2025 को समय सायं 5 बजे अंतर्राष्टीय श्रम दिवस के अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय, शासकीय जिला चिकित्सालय उमरिया के नवीन निर्माधाधीन भवन में नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिये विधिक सेवाएं योजना), 2015 के विषय पर विधिक साक्षरता षिविर का आयोजन किया गया, उक्त कार्यक्रम में श्री मोहन डावर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया द्वारा सर्वप्रथम मजदूरों सम्मान में ''दो पंक्ति प्रस्तुत की गई-मेहनत करने वालों का कभी अपमान न हो, उनके पसीने की एक-एक बूंद का सम्मान हो'' नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिये विधिक सेवाएं योजना), 2015 के संबंध में विधिक सेवा प्रदान करने हेतु उद्देष्य, योजना का नाम, मार्गदर्षक सिद्धांत, विषेष सेलों की स्थापना, उपयुक्त कार्य वातावरण, पुनर्वास योजनाएं, कानूनी सहायता एवं कानूनी प्रतिनिधित्व आदि के बारे में बताया गया। शिविर में न्यायाधीश श्री मोहन डाबर जी द्वारा उपस्थित श्रमिकों को उनके कानूनी वह संवैधानिक अधिकार बताते हुये नालसा की असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को विधिक सेवा योजना की जानकारी प्रदान की गयी, न्यूनतम मजदूरी, समान मजदूरी, ई-श्रमिक कार्ड योजना, कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948, आयुष्मान कार्ड आदि लाभकारी योजनाओ के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। साथ मे श्रमिक दिवस मनाने का उद्देश्य तथा श्रमिकों के कानूनी अधिकार, नि:शुल्क विधिक सहायता योजना, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा श्रमिकों के लिए संचालित योजनाओं तथा श्रमिकों के लिए शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयीं। साथ ही 15100 के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी कि कोई भी व्यक्ति अपनी विधिक समस्या के लिए उक्त टोल फ्री नंबर कॉल कर विधिक सलाह एवं सहायता ले सकता है। श्रम विभाग पदाधिकारी आरके गुप्ता और श्रम निरीक्षक यू एस त्रिपाठी द्वारा म.प्र.भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल तथा म.प्र. असंगठित (ग्रामीण एवं शहरी) कर्मकार कल्याण मंडल की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई और संबल कार्ड की जानकारी दी और बताया गया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा मजदूरों के बच्चो को प?ने के लिये श्रमोदय विद्यालय की स्थापना की है जिसमे श्रमिकों के बच्चो को मुफ्त शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही हैं। द्वितीय पंक्ति में श्री के0के0 शुक्ला, पैरालीगल वॉलेन्टियर द्वारा योजना की कार्ययोजना, असंगठित कामगारों की पहचान, कार्य की शर्ते, एवं न्यूनतम मजदूरी कर का उपयोग कानूनी जागरूकता, कामगार सहायता केन्द्र आदि के बारे में बताया। उक्त शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी, ठेकेदार के कर्मचारी, पत्रकार सहित करीब 2 दर्जन असंगठित महिला पुरूष श्रमिक मजदूर उपस्थित रहे।


# संरक्षण प्राप्त रोजगार सहायक ने कहा हम तो करते हैं भ्रष्टाचार और करते रहेंगे जहां लगे वहां करते रहो शिकायत

मण्डला(स्वतंत्रमत)

जनपद पंचायत नारायणगंज की ग्राम पंचायत घोंटखेड़ा के रोजगार सहायक सुरेश कुमार कुशराम के कारनामे इन दिनों चर्चा में बनें हुए हैं। रोजगार सहायक को किसका संरक्षण प्राप्त हैं। यह तो नही पता लेकिन इतना जरूर है कि उक्त रोजगार सहायक के सामने कर्मचारी क्या अधिकारी भी बौने नजर आते हैं। रोजगार सहायक की हिमाकत इतनी ज्यादा है कि वह फर्जी हाजरी के साथ बाहर बसे लोगों के नाम से भी जॉब कार्ड भरके राशि निकाल लेते हैं शिकायत पर कितनी कार्यवाही होती है यह तो आने वाले दिनों में पता चलेगा लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि रोजगार सहायक की बुआ के दो पुत्र 20 वर्षों से इंदौर में निवासरत हैं लेकिन दोनों के जॉब कार्ड में फर्जी हाजरी भरकर राशि का आहरण किया गया। रोजगार सहायक ने अपनी शासकीय टीचर पत्नी को भी नहीं छोड़ा इनके नाम पर भी राशि डाली गई। 9 वर्षीय अपनी पुत्री एवं 13 वर्षीय भतीजी के नाम पर भी किया गया राशि का आहरण। अपने वृद्ध नाना-नानी के नाम का भी लिया गया लाभ, बाहर से नौकरी करने आये छात्रावास अधीक्षक का भी बनाया गया जॉब कार्ड इनके मृत होने के बाद भी जॉब कार्ड जीवित है। इस तरह से अनेक फर्जी जॉब कार्ड बनाकर मनरेगा के विभिन्न कार्यों में घपलेबाजी करते हुए फर्जी हाजरी भरकर राशि निकाली गई है। ऐसा आरोप नारायणगंज जनपद पंचायत घोंटखेड़ा के रोजगार सहायक सुरेश कुमार कुशराम




पर लगाते हुए, लगातार शिकायत की जा रही है। यहाँ के पोषक ग्राम चाटी के निवासी रामप्रसाद आर्मो द्वारा 43 पेज दस्तावेज लगाकर उक्त रोजगार सहायक पर एफआईआर दर्ज कराने की माँग जिला कलेक्टर से विगत दिवस की गई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि जनपद स्तरीय जाँच गोलमोल की जा रही है जबकि आवेदन में लिखे गये बिन्दु पूर्णत: प्रमाणित हैं। शिकायत के बाद आरोपी रोजगार सहायक शिकायतकर्ता को मारने पीटने की धमकी दे रहा है जिसकी शिकायत भी पिछले दिनों पुलिस अधीक्षक से की गई है। रोजगार सहायक सुरेश कुमार कुशराम पिता स्व. ओमकार कुशराम के द्वारा अपना नाम बदलकर स्वयं सूरज पिता ओमकार के नाम पर जॉब कार्ड क्र. 65 बनाया गया है। उक्त जॉब कार्ड में अपनी पत्नी नीलू का नाम बदलकर नीलम के नाम से फर्जी हाजरी लगाकर शासकीय राशि का आहरण किया गया है जबकि इनकी पत्नी शासकीय शिक्षक है। अनावेदक की माँ धन्नो बाई पिता हरिलाल के नाम से बना जॉब कार्ड क्र. 101 में अनावेदक की पुत्री समृध्दि की फर्जी हाजरी लगाकर राशि का आहरण किया गया है जबकि समृध्दि की उम्र 9 वर्ष है। अनावेदक के बड़े भाई स्व.सुरेन्द्र पिता स्व.ओमकार कुशराम की पुत्री साक्षी जिसकी आयु 13 वर्ष है इनके नाम पर भी जॉब कार्ड क्र. 65 के माध्यम से फर्जी हाजरी लगाकर राशि का आहरण किया गया है। भाभी राजेन्ती कुशराम के पति मृत हो चुके हैं और इनके पति के नाम का जॉब कार्ड क्र. 65 बना हुआ है जिसमें नाबालिग बच्चियों की हाजरी लगायी जा रही है और भाभी का अलग से जॉब कार्ड क्र. 66 बनाकर फर्जी हाजरी भरकर राशि का आहरण किया जा रहा है जबकि नियमानुसार अनावेदक की भाभी राजेन्ती कुशराम का नाम उनके पति स्व.सुरेन्द्र कुशराम के जॉब कार्ड में जोड़ा जाना चाहिए था। बड़े भाई स्व.सुरेन्द्र पिता स्व.ओमकार कुशराम के पुत्र विवेक उर्फ (मिथलेश, विनय) की आयु 15 वर्ष है इनके नाम पर भी जॉब कार्ड क्र. 56 के माध्यम से फर्जी हाजरी लगाकर राशि का आहरण किया गया है। नाना हरिलाल उइके जिनकी आयु



लगभग 80 वर्ष है एवं नानी तिज्जो बाई उइके जिनकी आयु लगभग 75 वर्ष है जो वृद्ध हो चुके हैं जिनकी शारीरिक स्थिति श्रम करने योग्य नहीं है उन्हें वृद्धा पेंशन का लाभ मिल रहा है। फिर भी जॉब कार्ड क्र. 85 के माध्यम से इनके नाम से फर्जी हाजरी लगाकर राशि का आहरण किया गया है। बुआ धनिया बाई उइके के पुत्र सियाराम पिता गोपाल लगभग 20 वर्षों से इंदौर में निवासरत हैं जो प्राइवेट जॉब कर रहे हैं। इनका भी जॉब कार्ड क्र. 3 बनाकर फर्जी हाजरी लगाकर राशि का आहरण किया गया है। इसी तरह बुआ के दूसरे पुत्र रवि उइके पिता गोपाल का जॉब कार्ड क्र. 77 बनाकर फर्जी हाजरी लगाकर राशि का आहरण किया गया है। पोषक ग्राम चाटी में संचालित आँगनबाड़ी केन्द्र की सहायिका खुजला बाई पति स्व. इंदर के नाम से भी जॉब कार्ड क्र. 4 में फर्जी हाजरी लगाकर राशि का आहरण किया गया है। जिसका उपस्थिति पत्रक व मस्टर रोल की तिथि देखी जा सकती है। रनमत पिता रामसिंह परते जबलपुर में निवासरत हैं जो ट्रांसपोर्ट वाहन के ड्राईवर हैं इनके नाम से भी जॉब कार्ड 39 बनाकर फर्जी हाजरी लगाकर राशि का आहरण किया गया है। ग्राम चाटी निवासी पारवती मरकाम पति हीरासिंह मरकाम दोनों मृत हो चुके हैं और इनके पुत्र रमेश मरकाम अपने ससुराल ग्राम घोंटखेड़ा में 15 वर्षों से निवासरत हैं जिनका जॉब कार्ड क्र. 138 ग्राम घोंटखेड़ा में बना हुआ है। फिर भी पोषक ग्राम चाटी में मृत पारवती मरकाम पति हीरासिंह मरकाम के जॉब कार्ड क्र.9 में फर्जी हाजरी लगाकर राशि का आहरण किया गया है। इस तरह एक ही व्यक्ति के दो जॉब कार्ड बना दिए गये हैं। ग्राम मधुपुरी तहसील मण्डला निवासी स्व.महासिंह मरावी पिता स्व. परम मरावी ग्राम चाटी में शासकीय आदिवासी बालक छात्रावास के अधीक्षक थे इनके नाम से भी जॉब कार्ड क्र. 96 बनाया गया है। उक्त जॉब कार्ड में भूतपूर्व सरपंच राजेश्वरी तेकाम के पुत्र छब्बीलाल तेकाम की फर्जी हाजरी लगाकर राशि का आहरण किया गया है। भोपत पिता हरीसिंह परते पोषक ग्राम चाटी में रहते थे इस दौरान इनका जॉब कार्ड क्र. 11 बनाया गया था। अब ये लगभग 15 वर्षों से ग्राम खुखसर बकौरी मण्डला के पास निवासरत हैं। नियमानुसार उक्त जॉब कार्ड निरस्त कर दिया जाना चाहिए था किन्तु उक्त जॉब कार्ड में अनावेदक के दोस्त संजीव कुमार यादव एवं रोशनी यादव का नाम जोड़कर फर्जी हाजरी लगाकर राशि का आहरण किया गया है। जबकि उक्त जॉब कार्ड एसटी वर्ग के नाम से बना है और उसमें ओबीसी वर्ग के लोगों का नाम जोड़ दिया गया है। सुबासिया बाई पति सुकाली ग्राम चाटी निवासी हैं दोनों की लगभग 15 वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है जिनका जॉब कार्ड क्र. 88 बनाया गया है जिसमें मृतक की परनातिन शकुन्तला की फर्जी हाजरी लगाकर राशि का आहरण किया गया है। जबकि शकुन्तला पॉलिटेक्निक कॉलेज मण्डला में छात्रावास पर रहकर वर्ष 2023-24 में अध्ययनरत थी और इसी दौरान उनके खाते में राशि डाली गयी है जो नियम विरूद्ध है। ग्राम चाटी निवासी हरिचन्द पिता देवल का जॉब कार्ड क्र. 10 बनाया गया है जिसमें उनकी पत्नी सुशीला परते एवं बच्चों का नाम दर्ज है। फिर भी एक दूसरा जॉब कार्ड क्र. 10 संध्या परते हरिचन्द के नाम से बनाया गया है जिसमें फर्जी हाजरी भरकर राशि का आहरण किया गया है जबकि हरिचन्द के जॉब कार्ड क्र. 10 में उनकी पत्नी सुशीला एवं बच्चों का नाम दर्ज है। फिर ये महिला संध्या परते कौन है जिसे गाँव वाले आज तक नहीं देखे और इनके नाम पर राशि डाली जा रही है। अब देखना यह है कि उक्त शिकायत को जिम्मेदार कितनी गंभीरता से लेते हैं।

## योजना भवन में बैठक आयोजित

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** जिला योजना भवन में कलेक्टर ने आगामी 4 एवं 5 मई को होने वाले आदि उत्सव के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि आदि उत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दें। सभी तैयारियाँ समय से पूर्व कराना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है इसके लिए टिकरवारा के कार्यक्रम की तरह ही तैयारियाँ कराएं। 5 मई को आदि उत्सव के दौरान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह निकाह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इसके लिए सुबह से ही सामग्री वितरण, दुल्हन की तैयारी के साथ-साथ सभी जोड़ों को 10 बजे तक विवाह स्थल में पहुंचाने की तैयारी रखें।

## बाल विवाह रोकने जागरुकता

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** भारत सरकार द्वारा बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान के तहत बाल विवाह मुक्त भारत के लिये विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस उपलक्ष्य में कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी शालिनी तिवारी के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह रोकने हेतु गतिविधियां जिसमें अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में वन स्टॉप सेंटर द्वारा ग्राम खटिया परियोजना बिछिया में बाल विवाह रोकने हेतु जागरुकता रैली निकाली गई।

## संगम घाट में बावड़ी सफाई

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत शासन के विभागों एवं सहयोगी संस्थाओं के माध्यम से जल स्त्रोतों की सफाई जनसहयोग श्रमदान किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा संगम घाट महा राजपुर स्थित प्राचीन बावड़ी में श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता कार्य किया गया। इस श्रमदान कार्यक्रम में जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था इनर वाईस सोसाइटी प्रमुख नवीन झारिया, परामर्शदाता श्रीमती रागिनी हरदहा, संतोष रजक, लालाराम चक्रवर्ती अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं समाजकार्य स्नातक-स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## चौगान हेलीपेड का निरीक्षण

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** 4 एवं 5 मई 2025 को रामनगर में होने वाले आदि उत्सव को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने ग्राम चौगान स्थित हेलीपेड का अवलोकन करते हुए, तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि हेलीपैड में सुरक्षा, बेरीकेटिंग, मेडीकल टीम आदि की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। हेलीपेड के नजदीक रखे मुरम तथा अन्य सामग्री को हटाकर व्यवस्थित करें। हेलीपेड से लगे हुए ग्रीन रूम की साफ-सफाई कराएं। ग्रीनरूम से लगे हुए शौड में स्वागत करने वाले माननीय जनप्रतिनिधिगण के लिए बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** रामनगर भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने हायरसेकेंडरी स्कूल के ग्राऊंड का निरीक्षण किया। ग्राउंड में वैकल्पिक हेलीपेड बनाए जाने के संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि चौगान के तीन हेलीपेड के साथ-साथ इसे वैकल्पिक हेलीपेड के तौर पर तैयार रखें। अतिथियों के आगमन पर हेलीकॉप्टर्स की अधिक संख्या होने पर इसका उपयोग किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हेलीपेड की सफाई, तैयारी, बेरीकेटिंग, ग्राउंड से सटे स्कूल अथवा हॉस्टल में ग्रीन रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# आप ने चलाया सदस्यता अभियान

मण्डला(स्वतंत्रमत)

1 मई को मजदूर दिवस के अवसर पर आम आदमी पार्टी ने मजदूरों से मुलाकात की है। और उनसे चर्चा करते हुये मिल रही सुविधाओं के बारे में पूछा है इस दौरान मजदूरों को स्वल्पाहार भी कराया गया। मजदूरों ने कहा कि उनके बैठने की उचित व्यवस्था नहीं है यही नहीं स्थाई स्थान ना होने से मजदूर मुख्य मार्ग चौपाटी के पास ही खड़े रहते हैं जिससे दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष पंकज सोनी ने मजदूरों की पीड़ा को समझा और कहा कि मजदूरों को उनके अधिकार मिले इसको को लेकर जवाब दारों से चर्चा की जायेगी साथ ही आम आदमी पार्टी



का सदस्यता अभियान भी आरम्भ किया गया अनेक लोगों ने सदस्यता ली है। इस दौरान जिला संगठन पर्यवेक्षक आनंद प्रकाश तिवारी, जिला सचिव अशोक पांडेय,जिला कार्यालय प्रभारी नितिन झरिया, शिशु सिंधु भलावी, राकेश उसराठे, सतीश यादव, राजेश महोबिया, सुनील पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आदि उत्सव का छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री करेगें शुभारंभ

मण्डला(स्वतंत्रमत)

रामनगर में आगामी 4 एवं 5 मई को होने वाले आदि उत्सव के कार्यक्रम की तैयारियां तेज हो गई हैं। बुधवार को सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कार्यक्रम स्थल पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों पर समीक्षा की उन्होंने कार्यक्रम के लिए तैयार किए जा रहे स्टॉल, मंच, ग्रीनरूम, भोजन व्यवस्था, सामुहिक विवाह आदि के विषय में जानकारी ली। बैठक व्यवस्था, मंच, मंच के मिनिट-टू-मिनिट कार्यक्रम, भोजन, पेयजल, मेडीकल टीम, एम्बुलेंस, बेरी केटिंग, साउंड सर्विस, हितलाभ वितरण, जोड़ों के विवाह कार्यक्रम आदि की अंतिम



तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि 4 मई को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव दो दिवसीय आदि उत्सव का शुभारंभ करेंगे। साथ ही केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके कैबिनेट मंत्री विजय शाह, मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, नगर सिंह चौहान, सहित अन्य प्रदेशों के मंत्री उपस्थित रहेंगे। 5 मई को समापन कार्यक्रम में मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री रहेंगे कार्यक्रम में जनजाति राज परिवार के सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह जूदेव सांसद कमलेश शाह विधायक सहित, पंडा, पुजारी, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। सांसद कुलस्ते ने कहा कि दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, संगोष्ठी, सामूहिक विवाह, स्वास्थ्य शिविर, दिव्यांगों का शिविर सहित जनजाति संस्कृति से जुड़े अनेक कार्यक्रम होंगे। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, पूर्व विधायक देवसिंह सैयाम, एसडीएम बिछिया सोनाली देव, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, एसी ट्राइबल वंदना गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर घोरमारे, बीईओ रंजीत गुप्ता, सीएमएचओ डॉ केसी सरोते, पी डब्ल्यूडी आईएएस अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मानव अधिकार ने मांगी जानकारी

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** जिले के 2 मामले जो समाचार पत्रों मे प्रकाशित हुए थे जिसमें प्रथम दृष्टया मानव अधिकार का उल्लंघन है ऐसे मामले को संज्ञान मे लेकर संबंधितों से जवाब मांगा है। इस बात की जानकारी कार्यालय प्रभारी म. प्र. मानव अधिकार आयोग-मित्र, शिकायत प्रकोष्ठ शाखा के वरूण विकास नीखर ने दी है। जिले के मोतीनाला थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सूरजपुरा में एक महिला को जादू टोने के शक में उसकी हत्या करने की घटना सामने आई है। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक, मंडला से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही तथा क्षेत्रों में जादू टोने के संदर्भ में आवश्यक जागरूकता एवं सतर्कता के संबंध में अभियान चलाये जाने के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है। जिले के जनपद नारायणगंज के ग्राम पंचायत रतनपुर चौकी के ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति की समस्या से परेशान होने का मामला सामने आया है। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने कलेक्टर, मंडला से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

# 16 वी कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप सम्पन्न

मण्डला (स्वतंत्रमत)

इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज इंटेक की 16 वी कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व मंडला चैप्टर द्वारा किया गया इस कार्यशाला में भारत के 56 प्रतिनिधियों ने भाग लिया कार्यशाला का उद्देश्य स्थानीय चैप्टर की कार्यक्षमता को सुदृण करना हमारी विरासत धरोहर संरक्षण की रणनीतियां विकसित करना तथा समुदाय आधारित कार्यक्रमों में महत्व देना प्राकृतिक धरोहरों की रक्षा करना तथा हमारे भारतीय विरासतों के संरक्षण में योगदान देना व स्कूल एवं महाविद्यालय स्तर पर हेरिटेज क्लब का गठन कर उन्हें सक्रिय बनाना जैसे अनेक कार्यक्रम विशेष विशेषज्ञों के द्वारा प्रतिनिधियों का परिचय कराया गया इस कार्यक्रम का शुभारंभ अशोक सिंह ठाकुर अध्यक्ष इंटेक एवं ग्रुप कैप्टन अरविंद शुक्ला डायरेक्टर के द्वारा



कार्यशाला का आयोजन किया गया। वरिष्ठ इंटेक सदस्य में राजेश क्षत्री एवं आशीष अग्रवाल के द्वारा जिले में हो रहे चैप्टर के कार्यक्रमों को जिले की विरासतों के संरक्षण एवं प्रकृति के संरक्षण में किया जा रहे प्रयासों की जानकारी देश भर के उपस्थित सदस्यों को दी इसे सभी ने सराहा जिले के अनेक ऐतिहासिक नैसर्गिक एवं प्राकृतिक स्थलों के पुनर्निर्माण एवं संरक्षण के लिए चर्चा की गई।

# आंदोलन पथ पत्रिका का विमोचन सम्पन्न

मण्डला(स्वतंत्रमत)

अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर मासिक पत्रिका आंदोलन पथ का शुभारम्भ हुआ इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, पूर्व विधायक देवसिंह सैयाम, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, सरपंच टिकरवारा श्रद्धा उइके, पत्रिका के प्रधान संपादक नितिन राय, पत्रिका के सह संपादक आशीष द्विवेदी, सह संपादक रंजीत कछवाहा, पूर्व विधायक निवास डॉक्टर अशोक मर्सकोले, कांग्रेस जिला अध्यक्ष एडवोकेट राकेश तिवारी,



शारदात्मक जी महाराज, आचार्य भीमदेव मुख्यरूप से उपस्थित रहे अतिथियों ने मां सरस्वती के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण करते हुये दीप प्रज्वलित किया। और आन्दोलन पथ पत्रिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि वर्तमान समय में किसी भी पत्र पत्रिका प्रकाशन चुनौती भरा है साथ ही समय के साथ अब डिजिटल युग भी आ चुका है। लिहाजा डगर कठिन है लेकिन सफलता सामने है। इस दौरान अतिथियों का पुष्पमाला से स्वागत किया गया।

## कृषि उपजमंडी अधिनियम के उल्लंघन पर एसडीएम ने लगाया जुर्माना

**नैनपुर ( स्वतंत्र मत)।** एसडीएम नैनपुर आशुतोष महादेव सिंह ठाकुर के दिशा निर्देश में गठित संयुक्त जाँच दल द्वारा कृषि उपज मण्डी नैनपुर क्षेत्रांतर्गत चिरईडोंगरी (रेल्वे) में मंडी अनुज्ञप्तिधारी फर्म मेसर्स संजय साहू के गोदाम/प्रतिष्ठान का औचक निरीक्षण किया गया। तहसीलदार विजय त्यागी के नेतृत्व में की गई इस कार्यवाही में निरीक्षण के उपरान्त संबंधित फर्म के ई-अनुज्ञा पोर्टल स्टॉक तथा भौतिक गणना में पाई गई मात्रा में अंतर परिलक्षित होनापाया गया। कृषि उपज मण्डी अधिनियम 1972 तथा उपविधि-2000 के प्रावधानों का स्पष्टत: उल्लंघन किया जाना पाया गया। भारसाधक अधिकारी एसडीएम के निर्देशानुसार मण्डी अधिनियम 1972 एवं उपविधि-2000 की धारा 19 (4) तथा धारा-53 के अंतर्गत कार्यवाही करते हुये संबंधित फर्म पर प्रो.प्रा. संजय साहू द्वारा कुल दाण्डिक मण्डी शुल्क 21567 रूपये समझौता शुल्क 5000 रूपये तथा निराश्रित शुल्क 4314 रूपये कुल जुर्माना राशि 30881 रूपये वसूल कर शासन के खजाने में जमा कराये गये।

# माता शीतला मंदिर स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

नगर में आस्था और श्रद्धा के सबसे बड़ा केंद्र माँ शीतला मंदिर में भक्ति का सैलाब नजर आया। मंदिर निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने पर समिति ने अमृत महोत्सव का आयोजन किया। जिसमें समूचे दिवस विभिन्न धार्मिक आयोजन किये गये। जाहिर है कि आज से 75 वर्ष पूर्व आज ही माता शीतला माता की स्थापना की गई थी। जो आज बड़ी खेरमाई के नाम से प्रसिद्ध है। मंदिर समिति के आह्वान पर नगर व वार्ड क्रमांक 15 के श्रद्धालु श्रद्धा भक्ति भाव से अमृत महोत्सव के आयोजन के सहभागी बने। यह कार्यक्रम नगर की सुख समृद्धि एवं स्वस्थ्य जीवन की मनोकामना के साथ किया गया था। सुबह सभी भक्त मातारानी के मंदिर में एकत्र हुए जहां माता का श्रृंगार कर पूजन आराधन और हवन के उपरांत आरती उतारी गई। इस अवसर पर नगर की सैकड़ो महिलाओं की सहभागिता से सुहागले पूजन का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 6 बजे मां



शीतला का अभिषेक एवं श्रृंगार किया गया। 7 बजे आरती एवं प्रसाद वितरण, 10 बजे सामूहिक सुहागले कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाम 6 बजे विश्राम भवन स्थित भोलेनाथ मंदिर से चुनरी एवं शोभायात्रा निकाली गई। जो नगर भ्रमण के साथ मातारानी के दरबार बड़ी खैर माई पहुंची। चुनरी यात्रा में प्रदेश सरकार में मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके ने भी शिरकत किया आपके साथ नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, पार्षद श्रीमति निशा चन्दील सहित बड़ी संख्या में नगर की मातृशक्ति उपस्थित रहीं। देर रात्रि यहां भजन संध्या का आयोजन किया गया। अंत में माता शीतला की महा आरती के बाद महाप्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया गया।



## श्रमिक यूनियन शाखा नैनपुर ने मनाया मजदूर दिवस

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** 1मई मजदूर दिवस के अवसर पर श्रमिक यूनियन शाखा नैनपुर के द्वारा मजदूर दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में रेल्वे कर्मचारियों ने भाग लिए। ध्वजा रोहण के बाद वक्ताओं ने आपना उद्बोधन ?दिया और बताया कि लाल झंडे का एतिहास शिकांगो शहर में जब मजदूरों पर अत्याचार हुआ तब मजदूरों ? ने अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई तो उस आन्दोलन ?को कुचलने ?के लिए निहत्थे मजदूरों पर गोलियां ?चलाई गई थी। शिकागो शहर की सड़के खून से लाल कर हो गई थी। इसी घटना के बाद से मजदूर संघर्ष ?का प्रतीक बनकर ?लाल झंडे की उत्पत्ति हुई।

**कार्यालय ग्राम पंचायत ढेको जनपद पंचायत मंडला जिला मंडला म.प्र**

क्रमांक/2025/क्यू. मंडला दिनांक 01/05/2025

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत ढेको जनपद पंचायत मंडला के अंतर्गत मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद से बस्ती अंदर तालाब गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण एव घाट निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री रेत, लोहा 8एमएम,10एम एम, 12 एमएम, गिट्टी 20 एमएम, 40एमएम, 30 एमएम सीमेंट, सेंट्रिंग, मि. र,ब्राईवेटर एवं जेसीबी मशीन चेकर, स्टील कुर्सी व ट्रेक्टर परिवहन हेतु एव एस्टीमेंट के आधार व अन्य आवश्यक सामग्री तकनीकि स्वीकृति के अनुसार जीएसटी बिलधारक सामग्री सप्लायर से बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित दिनांक 01/05/2025 से 07/05/2025 के अन्दर कार्यालय में बंद लिफाफे में कोटेशन दर प्रस्तुत करे। निविदा संबंधित अधिक जानकारी ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर देखी व पढ़ी जा सकती हैं।

नोट-अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत ढेको का होगा।

सरपंच ग्राम पंचायत ढेको

सचिव ग्राम पंचायत ढेको

संपादकीय

# जातिगत जनगणना

पहलगाम आतंकी हमले के बाद देशभर में फैले आक्रोश के बीच केंद्र सरकार ने एक बड़ा राजनीतिक फैसला लिया है। सरकार ने अगली जनगणना में जातियों की गणना कराने का फैसला किया है। केंद्र सरकार के इस फैसले को एक बड़ा राजनीतिक कदम बताया जा रहा है। सरकार ने यह फैसला बिहार विधानसभा चुनाव से पहले लिया है। बिहार की राजनीति में जाति एक बड़ा मुद्दा है. देश में इससे पहले जातीय जनगणना 1931 में उस समय कराई गई थी, जब देश में अंग्रेजी सरकार थी।

देश में सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाले दल इसकी मांग बहुत पहले से कर रहे थे। बाद में इस मांग में कांग्रेस भी शामिल हो गई थी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी संसद और संसद से बाहर एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बना रहे थे। जाति जनगणना एक केंद्रीय मुद्दा बन गया था। जाति जनगणना की मांग का बीजेपी ने कभी-कभी सीधे विरोध नहीं किया था लेकिन वह कभी खुलकर सामने नहीं आई थी। पिछले साल के शुरू में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था कि बीजेपी जाति जनगणना की विरोधी नहीं है। इसके बाद सितंबर 2024 में केरल के पलक्कड़ में आयोजित आरएसएस की अखिल भारतीय समन्वय बैठक से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने जातीय जनगणना का समर्थन किया था। संघ के मुख्य प्रवक्ता सुनील आंबेकर ने जातीय जनगणना को राष्ट्रीय एकीकरण के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा था कि देश और समाज के विकास के लिए सरकार को डेटा की जरूरत पड़ती है। समाज की कुछ जाति के लोगों के प्रति विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। इन उद्देश्यों के लिए जाति जनगणना करवाना चाहिए। इसका इस्तेमाल लोक कल्याण के लिए होना चाहिए। इसे पॉलिटिकल टूल बनने से रोकना होगा।

इससे पहले आरएसएस जातीय जनगणना के समर्थन में नहीं था। संघ प्रचारक और विदर्भ प्रांत के प्रमुख श्रीधर गाडगे ने 19 दिसंबर 2023 को नागपुर में महाराष्ट्र विधानसभा और विधान परिषद में बीजेपी और शिव सेना शिंदे गुट के विधायकों को संबोधित करते हुए जातिगत जनगणना को लेकर कहा था कि हमें इसमें कोई फायदा नहीं बल्कि नुकसान दिखता है। यह असमानता की जड़ है और इसे बढ़ावा देना ठीक नहीं है। इधर कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार जातीय जनगणना की वकालत कर रहे है। उन्होंने लोकसभा में कहा था कि वो जातिगत जनगणना करवा कर रहेंगे। वो इसे कांग्रेस के संगठन में भी दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस के संगठन में ओबीसी नेताओं को जगह दी जा रही है। बहरहाल जातिगत जनगणना सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम हो सकता है क्योंकि जातिगत आंकड़े सरकार को विभिन्न समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेंगे। जातिगत जनगणना से उन समुदायों की पहचान हो सकेगी जो ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर रहे हैं। जातिगत डेटा सामाजिक असमानताओं को उजागर करेगा, जिससे सरकार और समाज को इन मुद्दों को संबोधित करने का अवसर मिलेगा।

# आदि शंकराचार्य ने हिन्दू संस्कृति को पुनर्जीवित किया



ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

महापुरुषों की कीर्ति युग-युगों तक स्थापित रहती। उनका लोकहितकारी चिंतन, दर्शन एवं कर्तृत्व कालजयी होता है, सार्वभौमिक, सार्वदेशिक एवं सार्वकालिक होता है और युगों-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करता हैं। आदि शंकराचार्य हमारे ऐसे ही एक प्रकाशस्तंभ हैं जिन्होंने एक महान हिंदू धर्माचार्य, दार्शनिक, गुरु, योगी, धर्मप्रवर्तक और संन्यासी के रूप में 8वीं शताब्दी में अद्वैत वेदांत दर्शन का प्रचार किया था। हिन्दुओं को संगठित किया। उन्होंने चार मठों की स्थापना की, जो भारत के विभिन्न हिस्सों में स्थित हैं। आदि गुरु शंकराचार्य हिंदू धर्म में एक विशेष स्थान रखते हैं, उनके विराट व्यक्तित्व को किसी उपमा से उपमित करने का अर्थ है उनके व्यक्तित्व को ससीम बनाना। उनके लिये इतना ही कहा जा सकता है कि वे अनिर्वचनीय है। उन्हें हम धर्मक्रांति एवं समाज-क्रांति का सूत्रधार कह सकते हैं। अपने जन्मकाल से ही शिशु शंकराचार्य के मस्तक पर चक्र का चिन्ह, ललाट पर तीसरे नेत्र तथा कंधे पर त्रिशूल जैसी आकृति अंकित थी, इसी कारण आदि शंकराचार्य को भगवान शिव का अवतार भी माना जाता है। भगवान शिव ने उन्हें साक्षात् दर्शन देकर अंध-विश्वास, रूढ़ियों, अज्ञानता एवं पाखण्ड के विरूद्ध जनजागृति का अभियान चलाने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने भयाक्रांत और धर्म विमुख जनता को अपनी आध्यात्मिक शक्ति और संगठन युक्ति से संबल प्रदान किया था। उन्होंने नए ढंग से हिंदू धर्म का प्रचार-प्रसार किया और लोगों को सनातन धर्म का सही एवं वास्तविक अर्थ समझाया।

आदि शंकराचार्य के अनूठे प्रयासों से ही आज हिन्दू धर्म बचा हुआ है एवं सनातन धर्म परचम फहरा रहा है। शंकराचार्य ने अपने 32 वर्ष के अल्प जीवन में ही पूरे भारत की तीन बार पदयात्रा की और अपनी अद्भुत आध्यात्मिक शक्ति और संगठन कौशल से उस समय के 72 संप्रदायों तथा 80 से अधिक राज्यों में बंटे इस देश को सांस्कृतिक एकता के सूत्र में इस प्रकार बांधा कि यह शताब्दियों तक विदेशी आक्रमणकारियों से स्वयं को बचा सका और अखण्ड बना रहा। ऐसे दिव्य एवं अलौकिक संत पुरुष का जन्म धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आठवीं सदी में वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को केरल के कालड़ी गांव में ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम शिवगुरु और माता का नाम आर्यम्बा था। बहुत दिन तक सपत्नीक शिव की आराधना करने के अनंतर शिवगुरु ने पुत्र-रत्न पाया था, अतः उसका नाम शंकर रखा। जब ये तीन ही वर्ष के थे तब इनके पिता का देहांत हो गया। ये बड़े ही मेधावी तथा प्रतिभाशाली थे। छह वर्ष की अवस्था में ही ये प्रकांड पंडित हो गए थे और आठ वर्ष की अवस्था में इन्होंने संन्यास ग्रहण किया था। इनके संन्यास ग्रहण करने के समय की कथा बड़ी विचित्र है। कहते हैं, माता एकमात्र पुत्र को संन्यासी बनने की आज्ञा नहीं दे रही थीं। तब एक दिन नदी किनारे एक मगरमच्छ ने शंकराचार्यजी का पैर पकड़ लिया तब इस वक्त का फायदा उठाते हुए शंकराचार्यजी ने अपने माँ से कहा 'माँ मुझे संन्यास लेने की आज्ञा दो, अन्यथा यह मगरमच्छ मुझे खा जायेगां।' इससे भयभीत होकर माता ने तुरंत इन्हें संन्यासी होने की आज्ञा प्रदान की; और आश्चर्य की बात है कि जैसे ही माता ने आज्ञा दी वैसे ही तुरन्त मगरमच्छ ने शंकराचार्यजी का पैर छोड़ दिया। इन्होंने गोविन्द नाथ से संन्यास ग्रहण किया, जो आगे चलकर आदि गुरु शंकराचार्य कहलाए।



आदि शंकराचार्य जयन्ती आज

आदि शंकराचार्य ने प्राचीन भारतीय उपनिषदों के सिद्धांत और हिन्दू संस्कृति को पुनर्जीवित करने का अनूठा एवं ऐतिहासिक कार्य किया। साथ ही उन्होंने अद्वैत वेदान्त के सिद्धान्त को प्राथमिकता से स्थापित किया। उन्होंने धर्म के नाम पर फैलाई जा रही तरह-तरह की भ्रांतियों को मिटाने का काम किया। सदियों तक पंडितों द्वारा लोगों को शास्त्रों के नाम पर जो गलत शिक्षा दी जा रही थी, उसके स्थान पर सही शिक्षा देने का कार्य आदि शंकराचार्य ने ही किया। आज शंकराचार्य को एक उपाधि के रूप में देखा जाता है, जो समय-समय पर एक योग्य व्यक्ति को सौंपी जाती है। आदि गुरु शंकराचार्य ने हिंदू धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए चार अगल दिशाओं में चार मठों की स्थापना की। भगवद्गीता, उपनिषदों और वेदांतसूत्रों पर लिखी हुई इनकी टीकाएँ बहुत प्रसिद्ध हैं। इन्होंने अनेक विधर्मियों को भी अपने धर्म में दीक्षित किया था। इन्होंने ब्रह्मसूत्रों की बड़ी ही विशद और रोचक व्याख्या की है।

आदि शंकराचार्य ने हिन्दुओं को संगठित करने के लिए सबसे पहले दक्षिण दिशा में तुंगभद्रा नदी के तट पर श्रृंगेरी मठ की स्थापना की। यहां के देवता आदिवाराह, देवी शारदाम्बा, वेद यजुर्वेद और महावाक्य 'अहं ब्रह्मस्मि' है। सुरेश्वराचार्य को मठ का अध्यक्ष नियुक्त किया। इसके बाद उन्होंने उत्तर दिशा में अलकनंदा नदी के तट पर बद्रिकाश्रम (बद्रीनाथ) के पास ज्योतिर्मठ की स्थापना की जिसके देवता श्रीमन्नारायण तथा देवी श्रीपूर्णगिरि हैं। यहां के संप्रदाय का नाम आनंदवार, वेद अर्थवेद तथा महावाक्य 'अयमात्मा ब्रह्म' है। मठ का अध्यक्ष तोटकाचार्य को बनाया। पश्चिम में उन्होंने द्वारकापुरी में शारदा मठ की स्थापना की जहां के देवता सिद्धेश्वर, देवी भद्रकाली, वेद, सामवेद और महावाक्य 'तत्वमसि' है। इस मठ का अध्यक्ष हस्तमानवाचार्य को बनाया। उधर पूर्व दिशा में जगन्नाथ मठ, जहां की देवी विशाला, वेद ऋग्वेद और महावाक्य 'प्रज्ञान ब्रह्म' है। यहां उन्होंने हस्तामलकाचार्य को मठ का अध्यक्ष बनाया। इस प्रकार शंकाराचार्य ने अपने सांगठनिक कौशल से संपूर्ण भारत को धर्म एवं संस्कृति के अटूट बंधन में बांधकर विभिन्न मत-मतांतरों के माध्यम से सामंजस्य स्थापित किया।

आठ वर्ष की आयु में चारों वेदों में निष्णात हो गए, बारह वर्ष की आयु में सभी शास्त्रों में पारंगत, सोलह वर्ष की आयु में शांकरभाष्य तथा बत्तीस वर्ष की आयु में शरीर त्याग दिया। ब्रह्मसूत्र के ऊपर शांकरभाष्य की रचना कर विश्व को एक सूत्र में बांधने का प्रयास भी शंकराचार्य के द्वारा किया गया है, जो कि सामान्य मानव से सम्भव नहीं है। शंकराचार्य के दर्शन में सगुण ब्रह्म तथा निर्गुण ब्रह्म दोनों का हम दर्शन कर सकते हैं। निर्गुण ब्रह्म उनका निराकार ईश्वर है तथा सगुण ब्रह्म साकार ईश्वर है। जीव अज्ञान व्यष्टि की उपाधि से युक्त है। तत्त्वमसि तुम ही ब्रह्म हो; अहं ब्रह्मास्मि मैं ही ब्रह्म हूं; अयामात्मा ब्रह्म यह आत्मा ही ब्रह्म है; इन बृहदारण्यकोपनिषद् तथा छान्दोग्योपनिषद वाक्यों के द्वारा इस जीवात्मा को निराकार ब्रह्म से अभिन्न स्थापित करने का प्रयत्न शंकराचार्यजी ने किया है। ब्रह्म को जगत् के उत्पत्ति, स्थिति तथा प्रलय का निमित्त कारण बताया हैं। ब्रह्म सत् (त्रिकालाबाधित) नित्य, चैतन्यस्वरूप तथा आनंद स्वरूप है। ऐसा उन्होंने स्वीकार किया है।

जिस युग में आदि शंकराचार्य ने जन्म लिया उस समय देशी-विदेशी प्रभावों के दबाव में भारतीय संस्कृति संक्रमण के दौर से गुजर रही थी और उसका पतन आरंभ हो गया था। उन्होंने भयाक्रांत और धर्म विमुख जनता को अपनी आध्यात्मिक शक्ति और संगठन युक्ति से संबल प्रदान किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'आदि शंकर जन्म भूमि क्षेत्रम' में प्रार्थना करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियां संत-दार्शनिक आदि शंकराचार्य द्वारा हमारी संस्कृति की रक्षा में दिए योगदान की ऋणी रहेंगी। उन्होंने भारत के हर कोने में वेद-वेदांत का प्रसार कर सनातन परंपरा को सशक्त एवं सुदृढ़ किया। दिव्य ज्ञान से आलोकित उनका संदेश देशवासियों के लिए सदैव पथ-प्रदर्शक बना रहेगा। पूर्व राष्ट्रपति एवं दार्शनिक डॉ. राधाकृष्णन ने उन्हें प्राचीन परंपरा का भाष्यकार आचार्य बताते हुए लिखा है कि देश के अन्य भाष्यकारों की तरह अपने अध्ययन में उन्होंने कभी भी किसी प्रकार की मौलिकता का दावा नहीं किया। भारत में आदि शंकराचार्य के प्रयास से एक ऐसे आंदोलन का आविर्भाव हुआ जो सनातन वैदिक धर्म को उसकी अस्पष्टताओं और असंगतियों से निकालकर स्पष्ट तथा सर्वसाधारण के लिए स्वीकार्य बनाना चाहता था। उनकी शिक्षा का आधार उपनिषद थे। उनके द्वारा स्थापित मठों की उपासना पद्धतियां सरल है। वेदांत के विरोधियों से शास्त्रार्थ करने के उनके उत्साह के कारण देश के विभिन्न दार्शनिक केंद्रों में जो जड़ता आई थी उनमें एक नए विचार-विमर्श की प्रेरणा आरंभ हुई। शंकर द्वारा स्वीकृत दर्शन तथा संगठन बौद्धों के दर्शन और संगठन से मिलते-जुलते थे। आदि शंकराचार्य ने भारत में बढ़ते विभिन्न मतों पर उन्हीं की पद्धति से अपनी वैचारिक श्रेष्ठता सिद्ध की और सनातन वैदिक धर्म की पुनरुत्थान किया।

# पाक को करारा सबक मिलेगा



आदित्य कुमार चौपड़ा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

स्वतन्त्र भारत की यह खूबी रही है कि कभी भी यह आक्रमणकारी देश नहीं रहा है और जब भी इसकी सेनाओं को रणक्षेत्र में कूदना पड़ा है तो आत्मरक्षार्थ और राष्ट्रीय सीमाओं की सलामती के लिए। जबकि इसके साथ ही स्वतन्त्र हुआ देश पाकिस्तान हमेशा आक्रमणकारी रहा है। कश्मीर की पहली जंग से लेकर कारगिल युद्ध तक पाकिस्तान ने पहले भारत पर हमला किया जिसके जवाब में भारत की सेनाओं ने सर्वदा विजय प्राप्त की। चाहे वह 1947-48 का कश्मीर युद्ध हो या 1965 का भारत-पाक रण हो अथवा 1971 की बंगलादेश लड़ाई हो। बंगलादेश युद्ध में सीधे भारतीय सेनाएं तभी कूदीं जब पाकिस्तान ने हमारे पंजाब व राजस्थान की सीमा से लगे इलाकों में अतिक्रमण किया वरना प. बंगाल की सीमा से लगे पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगलादेश) का मामला सीधे-सीधे मानव अधिकारों के हनन का था क्योंकि पूर्वी पाकिस्तान के लोगों पर पाकिस्तान की सेना ने जुल्मो-गारत का दौर चला रखा था। भारत की विदेश नीति शुरू से ही यही रही है कि वह किसी सिद्धान्त या दर्शन का निर्यात नहीं करता है बल्कि मानता है कि किसी भी देश का शासन उस देश की जनता की इच्छा के अनुसार चलना चाहिए।

किस देश में कैसी सरकार हो इसकी जिम्मेदारी वहां की जनता पर ही छोड़ी जानी चाहिए। मगर हम में से काटकर बना पाकिस्तान ऐसा किराये का मुल्क है जो कुछ बड़े देशों के इशारे पर अपनी जमीन को आतंकवादियों की सैरगाह में तब्दील करने से नहीं हिचकता। अपने वजूद में आने से लेकर अब तक पाकिस्तान की कोई स्वतन्त्र विदेश नीति नहीं रही है बल्कि भारत व हिन्दुओं से दुश्मनी इसका ईमान रहा है। पाकिस्तान भारत विरोधी जुनून में यह भी भूल बैठा है कि भारत दुनिया का ऐसा दूसरा मुल्क है जिसमें मुस्लिम आबादी सबसे बड़ी है। अतः इस्लाम के नाम पर 1947 में बने पाकिस्तान की आज हकीकत यह हो गई है कि कोई भी मुस्लिम देश उसके साथ नहीं है। इसकी मुख्य वजह यह है कि दहशतगर्द तंजीमों को सुरक्षा देने के चक्कर में पाकिस्तान के हुक्मरान यह भूल गये कि वह अब खुद दहशतगर्द मुल्क बनने के मुंहाने पर आकर बैठ गये हैं। अतः विगत 22 अप्रैल को कश्मीर के खूबसूरत व दिलकश सैलानी स्थान पहलगाम में जिस तरह पाकिस्तान से आये आतंकवादियों ने पर्यटकों का धर्म पूछ-पूछ कर उनकी हत्या की उससे पूरी दुनिया के लोग ही सकते में आ गये। कश्मीर भारत का ऐसा मनोरम इलाका है जहां दुनियाभर से पर्यटक आते हैं। इसलिए पाकिस्तान ने पहलगाम में जो बुजदिलाना काम किया है उसके खिलाफ विश्व भर के देश हैं और भारत के साथ खड़े हैं। क्या तुर्की और अफगानिस्तान की सरकारों ने पहलगाम कांड पर भारत का समर्थन ऐसे ही कर दिया है। भारत जानता है कि पहलगाम में हुआ हत्याकांड उसकी अस्मिता को चुनौती है जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए। अतः प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की है कि पहलगाम हत्याकांड करने वाले आतंकवादियों को भारत ऐसी सजा देगा जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

भारत की इस दृढ़ इच्छाशक्ति से जाहिर है कि आतंकवादियों की आका पाकिस्तानी सरकार भीतर से हिल चुकी है और वह जंग के खौफ से दुबली होती जा रही है। श्री मोदी ने रक्षामन्त्री श्री राजनाथ सिंह व सुरक्षा सलाहकार श्री अजीत डोभाल सहित तीनों सेनाओं के कमांडरों व मुख्य रक्षा कमांडर की बैठक बुला कर जिस तरह आतंकवाद के विरुद्ध माकूल कदम उठाने को सेना को अधिकृत किया है उससे लगता है कि भारत अपनी संप्रभुता पर किसी भी प्रकार का हमला बर्दाश्त नहीं कर सकता है। जब 2019 में पाकिस्तानी आतंकवादियों ने कश्मीर के पुलवामा में हमारे सुरक्षा बलों के 40 रणबांकुरों को शहीद किया था तो उसके जवाब में भारत ने पाकिस्तान स्थित बालाकोट में सर्जिकल स्ट्राइक करके साफ कर दिया था भारत में पाकिस्तान के भीतर घुसकर उसे सबक सिखाने की कूव्वत है। इसके बाद पाकिस्तान को अपनी हैसियत समझ लेनी चाहिए थी और आतंकवादियों के प्रशिक्षण शिविरों को खत्मकर देना चाहिए था मगर इसने छह साल बाद फिर से कश्मीर के ही पहलगाम में ऐसी बर्बर कार्रवाई कर डाली जिसकी निन्दा पूरी दुनिया कर रही है और पाक के रक्षामन्त्री ख्वाजा आसिफ फरमा रहे हैं कि पाकिस्तान तो पिछले 30 सालों से भी ज्यादा वक्त से दहशतगर्दों को पाल-पोस कर बड़ा कर रहा है। आसिफ का यही बयान पाकिस्तान को आतंकवादी देश बना देता है। मगर अब सवाल यह है कि भारत सैनिक मोर्चे पर पाकिस्तान को क्या सबक सिखायेगा? इसी के लिए सेना को सीमा पर अपने हिसाब से कदम उठाने के लिए कहा गया है जिससे पाकिस्तान थर-थर कांप रहा है। मगर पहलगाम कांड की साजिश में पाकिस्तान का यह एजेंडा भी छिपा हुआ है कि भारत में हिन्दुओं को मुस्लिमों के खिलाफ भड़काया जाये। उसका यह मन्तव्य कभी पूरा नहीं हो सकता है क्योंकि भारत के मुसलमानों की राष्ट्रभक्ति पर सन्देह नहीं किया जा सकता और न ही कश्मीर मुसलमानों की देशभक्ति को सन्देह के घेरे में रखा जा सकता है। बेशक कुछ लोग हैं जो पाकिस्तान द्वारा बिछाये गये जाल में फंस जाते हैं मगर उनका इलाज भारत की जांच एजेंसियां करने में सक्षम हैं। 5 अगस्त 2019 को गृहमन्त्री श्री अमित शाह ने जब 370 अनुच्छेद को समाप्त किया था तो साफ कर दिया था कि पाकिस्तान अब किसी भी सूरत में कश्मीर के मुद्दे को अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर नहीं उठा सकता है क्योंकि पूरा जम्मू-कश्मीर राज्य भी वैसा ही है जैसा कि भारत का कोई अन्य राज्य। यह भी सनद रहनी चाहिए कि इसके बाद से कश्मीर के विकास को बल मिला और इस सूबे के लोगों को भी वे अधिकार मिले जो भारत के किसी अन्य सूबे के लोगों को मिलते हैं। पहलगाम कांड के बाद कश्मीरियों को यह भी साफ हो गया है कि पाकिस्तान उनके मुख्य उद्योग धंधे पर्यटन को ही तबाह कर देना चाहता है। अतः ऐसे मुल्क को कश्मीरी भी करारा जवाब दिये जाने के पक्ष में हैं और प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ हैं। इसलिए बहुत जरूरी है कि भारत के विभिन्न प्रान्तों में पढ़ाई या काम धंधा करने वाले कश्मीरियों को पूरा सम्मान दिया जाये और पूरे देश में साम्प्रदायिक सौहार्द को बना कर रखा जाये।

# उचित काम करने का उचित समय

संतोष उत्सुक

किसी काम को करने के लिए कोई भी समय, उचित समय होता है लेकिन पर्यावरण के मोहल्ले की साफ़ सफाई करने का उचित समय पर्यावरण दिवस के दिन ही होता है। साफ़ सुथरे कपडे पहनकर, एप्रिन लगाकर, दस्तानों में हाथ डालकर, सिर पर टोपी फंसाकर, जोर और शोर से साफ सफाई की जाती है। इस दिन समारोह ज़रूर होना होता है। बिना समारोह, बिना फोटो, बिना खबर छपवाए ही साफ़ सफाई हो जाए तो उचित नहीं मान सकते। पर्यावरण की तरह, वातावरण को साफ़ करने का भी उचित दिन और समय होता है।



व्यंग्य

वातावरण में नवनिर्माण जारी रहता है। मूर्तियां वातावरण का ज़रूरी हिस्सा हो चुकी हैं। ईंट, पत्थर, लोहे, तांबे और प्लास्टिक की मूर्तियां बढ़ती जा रही हैं। यह प्रशंसनीय है कि इस विकास के कारण मानवीय मूर्तियों को भी काफी काम मिल रहा है। उचित समय पर भरपूर लग्न से काम किया जाता है ताकि उचित नाम भी मिलता रहे। हमारी अनेक सामाजिक संस्थाएं निर्णय लेते हुए असमंजस में रहती हैं कि वार्षिक शिड्यूल में अगला उचित कार्यक्रम क्या किया जाए। इस सन्दर्भ में शहर में लगी, बदरंग हुई, उखड़े सीमेंट, पक्षियों की बीट लगी, धूल, मिटटी, कूड़ा कचरा सहती महाव्यक्तियों की उदास मूर्तियां, प्रेरणा का उचित स्त्रोत हो सकती हैं। हमारे यहां महाव्यक्तियों के जन्म या अवसान दिवस के अवसर पर, प्रेरणा लेने की राष्ट्रीय सांस्कृतिक परम्परा भी है।

काफी हाउस के सामने खड़े खड़े प्रेरणा बैठक कर ली गई जिसमें विचार किया कि फलानी जगह पार्क की दुर्दशा हो रही है। कुछ ही दिन बाद पार्क में लगी मूर्त व्यक्ति की जयन्ती है। इस उचित अवसर पर पार्क की सुध लेने के लिए गोद ले लिया जाए। शुभ काम में देरी नहीं की जाती। लंबे समय से बदहाल चल रहे पार्क की ज़मीन को समतल करवाने, वहां फेंका कूड़ा कचरा उठवाकर उचित स्थान पर ठिकाने लगवाने, चार दीवारी पर रंग रोगन पुतवाने का नैतिक कार्य शुरू किया जाता है। यह पुण्य कार्य जयंती से एक दिन पहले ही करवा दिया जाता है ताकि उस दिन वहां आने वालों के साथ साथ मूर्ति को भी बेहतर लगे। आयोजन छोटा हो या बड़ा, गोल हो या चौकोर, संस्था ने मूर्ति क्षेत्र की मरम्मत और साफ़ सफाई के बहाने अपना भी एक सामाजिक प्रोजेक्ट पूरा कर लिया। इस महत्त्वपूर्ण अवसर पर, परम्परा अनुसार अध्यक्ष के उचित उदगार प्रकट होने आवश्यक थे। वह बात अलग थी कि सार्वजनिक जीवन में उन्होंने ऐसा बहुत कम बार किया था फिर भी उन्होंने बड़ी संजीदगी से ऐसा किया और डेढ़ दर्जन माइक्स के सामने कहा, 'हमारे क्लब द्वारा सुधारे परिसर में लगी मूर्ति की शिक्षाएं, माफ़ करें जिनकी मूर्ति है, इस बार वे उनका नाम भी भूल गए, फिर भी उन्होंने संभाल लिया, बोले 'उन महान आत्मा की शिक्षाएं आज भी बेहद प्रासंगिक है और हमारे समाज के लिए लाभकारी हैं। हम सभी को उनका अनुसरण करना चाहिए। संभवत उन्हें पता न चल पाया कि उन्होंने क्या कहा लेकिन मूर्ति को ज़रूर अच्छा और उचित लगा। यह तारीफ़ के काबिल है कि इंसानों के सदव्यवहार से अब मूर्तियां भी खुश रहने लगी हैं। वातावरण और पर्यावरण ने पक्की दोस्ती कर ली है। उचित समय पर, उचित तरीके से किया गया, उचित कार्य सभी पसंद करते हैं।

# श्रीकृष्ण-भक्ति के दिव्य एवं अलौकिक प्रतीक हैं सूरदास

इस संसार में यदि सबसे बड़ा कोई संगीतकार है तो वो हैं श्रीकृष्ण। जिस प्रकार से तत्व, रज और तम-इन तीनों गुणों के समन्वय को प्रकृति कहा गया है, उसी प्रकार से गायन, वादन और भक्ति इन तीनों में जो रमा हो, जो पारंगत हो उसे श्रीकृष्ण-भक्त गया गया है। ऐसे ही दिव्य एवं अलौकिक श्रीकृष्ण भक्ति के एक महान् चितेरे एवं श्रीकृष्ण भक्ति को समर्पित शीर्षस्थ भक्त-कवि व्यक्तित्व हैं सूरदासजी। वे एक दृष्टिहीन संत थे, जिन्होंने पूरी दुनिया को श्रीकृष्ण भक्ति का मार्ग दिखाया। वे बचपन से ही भगवान श्रीकृष्ण के प्रति समर्पित थे और उनकी भक्ति में पूरी तरह से डूब गए। वे एक महान भक्ति कवि एवं हिन्दी साहित्य के सूर्य माने जाते हैं। उनका आदर्श चरित्र और जीवन दर्शन अंधेरे को भी उजाला प्रदान करता है। वे जहां भक्त, वैरागी, त्यागी और संत थे, वहीं वह उत्कृष्टतम काव्य प्रतिभा के धनी एवं गायन में कुशल भी थे। इसलिए उनके अन्तर्मन की पावन भक्तिधारा मन्दाकिनी की भांति कल-कल करके प्रस्फुटित हुई।

सूरदास ने जीवनपर्यंत भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति की और ब्रज भाषा में उनकी लीलाओं का वर्णन किया। कान्हा की भक्ति में उन्होंने कई गीत, दोहे और कविताएं लिखी हैं। प्रभु श्रीकृष्ण का गुणगान करते हुए उन्होंने सूरसागर, सूर-सारवली और साहित्य लहरी जैसी महत्वपूर्ण रचनाएं कीं, जो भक्ति-साहित्य की अनमोल धरोहर है। उनका जन्म एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में संभवतः सन् 1535 की वैशाख शुक्ल पंचमी को हुआ जो इस वर्ष की 2 मई, 2025 है। चार भाइयों में सूरदास सबसे छोटे एवं नेत्रहीन थे। माता-पिता इनकी ओर से उदासीन रहते थे। निर्धनता एवं माता-पिता की उनके प्रति उदासीनता ने उन्हें विरक्त बना दिया। वह घर से निकल कर चार कोस की दूरी पर तालाब के किनारे रहने लगे।

सूरदास, श्रीकृष्ण भक्ति के महान कवियों में से एक हैं, जिनकी भक्ति में प्रेम, माधुर्य और विरह का अनूठा संगम है। सूरदास की भक्ति सगुण भक्ति धारा के पुष्टिमार्ग से जुड़ी है, जहाँ वे श्रीकृष्ण को अपने जीवन का सर्वस्व मानते हैं। उनकी भक्ति में सख्य भाव की प्रधानता है, जहाँ वे श्रीकृष्ण को अपना सखा मानते हैं और उनके साथ प्रेममय संबंध स्थापित करते हैं। सूरदास का व्यक्तित्व भी बहुत विरल है, वे एक अनूठे भक्त थे जो श्रीकृष्ण के प्रति सर्वात्मना समर्पित थे और उनकी भक्ति में पूरी तरह से लीन थे। उन्होंने ऐसे समय में श्रीकृष्ण भक्ति की धारा प्रवाहित की जब समाज में धर्म की हानि हो रही थी, अधर्म पुष्ट हो रहा था, सज्जन कष्ट झेल रहे थे और दुर्जन आनन्द भोग रहे थे। ऐसे समय में सूरदास भला तटस्थ कैसे रहते? इस तरह सूरदास की भक्ति केवल श्रीकृष्ण तक ही सीमित नहीं थी, बल्कि उन्होंने अपने काव्य में मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं को भी चित्रित किया है।



सूरदास जयन्ती आज

मान्यता के अनुसार एक बार सूरदास श्रीकृष्ण की भक्ति में इतने डूब गए थे कि वे एक कुंए में जा गिरे, जिसके बाद भगवान श्रीकृष्ण ने खुद उनकी जान बचाई और आंखों की रोशनी वापस कर दी। जब श्रीकृष्ण भगवान ने उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर वरदान में कुछ मांगने के लिए कहा तो उन्होंने कहा कि 'आप फिर से मुझे अंधा कर दें। मैं श्रीकृष्ण के अलावा अन्य किसी को देखना नहीं चाहता।' वे भले ही अंधे थे, लेकिन उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं को अपने हृदय से देखा और सुना और उनके बारे में सुंदर पद लिखे। संत सूरदास द्वारा रचित काव्य साहित्य का महत्वपूर्ण योगदान भारतीय लोक संस्कृति और परम्परा को उच्च शिखर पर आसीन कराने में हुआ। उन्होंने द्वापर के नायक श्रीकृष्ण की बाल-लीलाओं का समसामयिक लोक-आस्था के अनुरूप चित्रण किया और भगवान को एक लोकनायक के रूप में प्रस्तुत किया। भगवान को लौकिक रूप में प्रस्तुत कर सूरदासजी ने हमारे समाज को एक नई आस्था एवं नई भक्ति की अवधारणा दी है। वास्तव में सूरदासजी का काव्य लालित्य, सौन्दर्य, वात्सल्य, श्रृंगार, शांत रस और प्रेम का काव्य है।

कुछ लोगों के अनुसार सम्राट अकबर सूरदास से मिलने आए थे। कहते हैं कि तानसेन ने अकबर के समक्ष सूरदास का एक पद गाया। पद के भाव से मुग्ध होकर सम्राट अकबर मथुरा जाकर सूरदास से मिले। सूरदास ने बादशाह को 'मना रे माधव सौं करु प्रीती गाकर सुनाया।' बादशाह ने प्रसन्न होकर सूरदास को अपना यश वर्णन करने का आग्रह किया। तब निर्लिप्त सूरदास ने 'नाहिन रहनो मन में ठौर' पद गाया। पद के अंतिम चरण 'सूर ऐसे दरस को ए मरत लोचन व्यास' को लेकर बादशाह ने पूछा "सूरदासजी आप नेत्र ज्योति से वंचित हैं, फिर आपके नेत्र दरस को कैसे प्यासे मरते हैं?" सूरदासजी ने कहा, "ये नेत्र भगवान को देखते हैं और उस स्वरूप का रसपान प्रतिक्षण करने पर भी अतृप्त बने रहते हैं।" अकबर ने सूरदास से द्रव्य-भेंट स्वीकार करने का अनुरोध किया पर निडरतापूर्वक भेंट अस्वीकार करते हुए सूरदासजी ने कहा आज पीछे हमको कबहू फेरि मत बुलाइयो और मोको कबहूं लिलियो मती।

सूरदासजी संगीत-शास्त्र के परम ज्ञाता, काव्य नेपुण्य एवं गान-विद्या विशारद विषय में प्रतिभा सम्पन्न थे। सूरदास आशु कवि थे। उन्होंने काव्य लिखा नहीं बल्कि उनके मुखारविन्द से स्वतः श्रीकृष्ण की लीला गान करते हुए पद झड़ने लगे थे और वे पद रूप सामृत-बिन्दू की तरह एकत्र होकर सागर ही नहीं काव्य रस का महासागर बन गए, जिसे 'सूरसागर' के नाम से जाना जाता है। महाकवि सूरदासजी का जीवन वृत स्वल्प अंश में ही ज्ञात है। उनके लिए महत्व अपनी अस्मिता का नहीं, आराध्य का था। इसलिए उनके जीवन संबंधी साक्ष्य नहीं के बराबर मिलते हैं। कुल मिलाकर 'संसार से विराग और ईश्वर से राग' यही सूरदास की आरंभिक दौर की भक्ति का मूल आधार रहा है, जिसे उन्होंने बड़ी तल्लीनता के साथ व्यक्त किया है। सूरदास ने स्वयं को अपने ईश्वर का तुच्छ सेवक मानते हुए उनके समक्ष दैन्य प्रकट किया है। इस कारण सूरदास की भक्ति 'दास्य भाव' की भक्ति कहलाती है, जिसमें भक्त स्वयं को अपने ईश्वर का दास मानकर उनकी सेवा और भक्ति करता है।

एक प्रसंग प्रचलित है कि सूरदास जब गाऊघाट पर रहते थे तो उन्हें वहां एक दिन वल्लभाचार्य के आने का पता चला। सूरदास उचित समय पर वल्लभाचार्य से मिलने गए और उनके आदेश पर अपने रचित दो पद उन्हें गाकर भी सुनाए-'हौं हरि सब पतितन कौ नायक' एवं 'प्रभु! हौं सब पतितन कौ टीकौ।' वल्लभाचार्य ने सूरदास के इन दीनतापूर्ण पदों को सुना और उन्होंने सूरदास से कहा कि-'जो सूर ह्वै कै ऐसो घिघियात काहे को है? कुछ भगवत् लीला वर्णन करौ।' इस पर सूरदास ने वल्लभाचार्य से कहा कि- 'प्रभु! मुझे तो भगवान की लीलाओं का किंचित भी ज्ञान नहीं।' ऐसा सुनकर वल्लभाचार्य ने सूरदास को अपने संप्रदाय में स्वीकारते हुए पुष्टिमार्ग में दीक्षित करने का निश्चय किया। उन्होंने सूरदास को श्रीमद्भागवत के दशम स्कंध की बनाई हुई अपनी अनुक्रमणिका सुनाई, जिसके पश्चात् सूरदास ने विनय के पदों का गान छोड़कर पुष्टिमार्गी परिपाटी के अनुसार ईश्वर की भक्ति का वर्णन करना आरंभ कर दिया।


सूरदास ने ब्रजभाषा में सरल, सहज बोधगम्य भाषा का प्रयोग किया है, जिससे उनकी भक्ति भावना और अधिक प्रभावशाली हो गई है। सूरदास की रचनाओं में संगीत का भी महत्वपूर्ण स्थान है, जो उनकी भक्ति भावना को और भी दिव्य, सुंदर और मधुर बनाता है। उनकी भक्ति का केंद्रबिंदु श्रीकृष्ण प्रेम है, जो उनके जीवन का सार है। सूरदास ने श्रीकृष्ण के बाल रूप का भी सुंदर वर्णन किया है और यशोदा के वात्सल्य भाव को भी अपने काव्य में दर्शाया है। सूरदास ने श्रीकृष्ण के विरह में भी गहरे भाव व्यक्त किए हैं, जो उनकी भक्ति की गहराई को दर्शाते हैं। सूरदास की भक्ति विशेषताएं उनके काव्य में प्रेम, माधुर्य, सांख्य भाव, विरह, और वात्सल्य जैसे भावों का मिश्रण है। सूरदास का विरल व्यक्तित्व श्रीकृष्ण प्रेम, आत्मसमर्पण, विरह, वेदना, और व्यापकता से युक्त है। उनकी भक्ति और व्यक्तित्व ने उन्हें श्रीकृष्ण भक्ति धारा के महान कवियों में से एक बना दिया है।

# ईरान ने 33 बलूचों को फांसी पर लटकाया 85 और को सजा-ए-मौत की तैयारी

तेहरान

ईरान में बलूचिस्तान के नागरिकों को दी जा रही मौत की सजा ने दुनिया के मानवाधिकार संगठनों का ध्यान खींचा है। सिर्फ एक महीने में ही ईरान में बलूचिस्तान के 33 कैदियों को फांसी पर लटका दिया गया। दावा किया गया है कि इन लोगों को सजा देने में कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। इन कैदियों को बचाव का पूरा मौका दिए बिना ही इनको फांसी दे दी गई। ईरान के बलूचिस्तान में मानवाधिकारों के उल्लंघन और बलूच कैदियों को सजा की बढ़ती संख्या ने मानवाधिकार संगठनों की चिंता बढ़ाई है।

बलोचवरना की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते साल अप्रैल में यानी एक महीने के अंदर ही कम से कम 33 बलूच कैदियों को फांसी दी गई। ये फांसियां देश की 10 अलग-अलग जेलों में हुईं। बलूच एक्टिविस्ट्स कैंपेन की एक रिपोर्ट के अनुसार, ये सजा बिना उचित कानूनी प्रक्रिया के और परिवारों को सूचना दिए बिना दी गई। इससे ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई को आलोचना का शिकार होना पड़ रहा है।



रिपोर्ट के मुताबिक, ईरानी सरकार बलूच नागरिकों को राजनीतिक रूप से प्रेरित आरोपों के तहत निशाना बना रही है। इस साल के आखिर तक जाहिदान सेंट्रल जेल में 85 और बलूच कैदियों को फांसी दी जा सकती है। बलूच लोग ईरान की कुल आबादी का करीब पांच फीसदी हैं। बलूचिस्तान के लोग लंबे समय से भेदभाव और हाशिए पर रहने का सामना कर रहा है। अपनी आबादी से कहीं ईरान में होने वाली फांसी की सजा में बलूच नागरिकों की संख्या 10 प्रतिशत से ज्यादा है।

बलूच एक्टिविस्ट्स कैंपेन की एक रिपोर्ट बताती है कि ईरानी सरकार बलूच नागरिकों को गलत और राजनीतिक कारणों से फंसा रही है। जिन कैदियों को फांसी दी गई, उन पर राजनीतिक और वैचारिक गतिविधियों, ड्रग्स से जुड़े अपराधों और हत्या जैसे आरोप लगाए गए थे। 33 लोगों में से चार पर राजनीतिक अपराधों का आरोप था। 24 पर ड्रग्स से जुड़े आरोप थे। कई फांसी कैदियों के परिवारों को बताए बिना और बिना पारदर्शिता के हुई। ऐसे में यह अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों का उल्लंघन है। रिपोर्ट में ईरान की जाहिदान सेंट्रल जेल की स्थिति पर भी चिंता जताई गई है। यह ईरान के बलूचिस्तान की सबसे बदनाम जेलों में से एक है। इस जेल में कैदियों के उत्पीड़न को लेकर कई रिपोर्ट आ चुकी हैं। बलूचिस्तान दो देशों- ईरान और पाकिस्तान में फैला हुआ है। पाकिस्तान और ईरान दोनों ही देशों में बलूच सरकारों से संघर्ष कर रहे हैं और उनके उत्पीड़न की रिपोर्ट सामने आती रही हैं।


## भारत-पाक तनाव से लाहौर की हीरामंडी वीरान

इस्लामाबाद

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं। इस तनाव का इसका असर पाकिस्तान के लाहौर स्थित हीरामंडी इलाके पर भी हो रहा है। हीरामंडी पाकिस्तान के सबसे पुराने और बड़े रेड लाइट एरिया में से है। हीरामंडी को अपनी संस्कृति और सामाजिक-आर्थिक स्थिति के लिए जाना जाता है लेकिन अब यहां के हालात तेजी से खराब हो रहे हैं। यहां काम करने और रहने वाली महिलाओं के पास आने वाले लोगों (ग्राहकों) की संख्या घट रही है। इसमें भारत-पाक का हालिया तनाव ने भी बड़ी भूमिका निभाई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हीरा मंडी में आने वाले लोगों की तादाद कम हो रही है क्योंकि देह व्यापार ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर शिफ्ट हो रहा है। सिंधु जल संधि पर रोक और अटारी-वाघा बॉर्डर के बंद होने से महंगाई बढ़ी है। लोगों के बीच अपने कामकाज को लेकर फिक्र बढ़ी है। इसका असर हीरा मंडी की महिलाओं के काम पर हो रहा है।

रिपोर्ट कहती है कि हीरामंडी में काम करने वाली महिलाएं आमतौर पर एक ग्राहक से 200 से 400 रुपए कमाती हैं लेकिन हालिया दिनों में उनकी कमाई एकदम से गिरी है। इसकी वजह ये है कि यहां आने वाले ग्राहक खासतौर से निम्न-मध्यम वर्ग के हैं, जो अपने खर्चों में कटौती कर रहे हैं। ये लोग हीरामंडी आने के बजाय दूसरे खर्चों को पूरा करने पर ध्यान दे रहे हैं।

भारत से तनाव के बीच अंदेशा है कि लाहौर में पाक सेना की तैनाती हो सकती है या कर्फ्यू लग सकता है। लोगों के घर से



निकलने पर रोक लगेगी तो हीरामंडी के कारोबार पर बुरा असर पड़ेगा। दरअसल हीरामंडी की महिलाओं की कमाई कम होने की वजह सिर्फ मौजूदा घटनाक्रम नहीं है। यहां की औरतों की कमाई भारत-पाक तनाव के पहले से ही गिर रही है। हीरामंडी में डिजिटल क्रांति, सरकारी कार्रवाई और बदलते सामाजिक मूल्यों के कारण गिरावट देखी गई है। अब युद्ध के डर और बढ़ती निगरानी ने इस संकट को बढ़ा दिया है। एन्क्रिप्टेड ऐप्स और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल देह व्यापार के लिए होने लगा है। ऑनलाइन देह व्यापार की ओर तेजी से बदलाव के चलते हीरा मंडी में सन्नाटा बढ़ रहा है।

## ओमान की जेल से रिहा हुए अफगानिस्तान के नौ नागरिक

**काबुल, (वार्ता)।** ओमान की जेल से अफगानिस्तान के नौ नागरिक रिहा किये गये हैं, जो जल्द ही अपने परिवारों के पास पहुंच जाएंगे। सरकारी समाचार एजेंसी बख्तर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि नौ पूर्व बंदियों में से छह पहले ही अपने देश लौट चुके हैं तथा शेष तीन अपने देश वापस जाने वाले हैं। सरकारी मीडिया आउटलेट ने अफ़गानिस्तान की अंतरिम सरकार और अरब राज्य के बीच भाईचारे के संबंधों को और बढ़ाने की उम्मीद जताई। पिछले कुछ महीनों में कई अफ़गानिस्तानी नागरिक पाकिस्तान और ईरान की जेलों से रिहा होकर अपने वतन लौट चुके हैं।

## आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में भारत के साथ सहयोग के लिए अमेरिका प्रतिबद्ध: रुबियो

**वाशिंगटन, (वार्ता)।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से गुरुवार को टेलीफोन पर बात की और आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में भारत के साथ सहयोग के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने यहां एक बयान में कहा, विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने आज भारतीय विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर से बात की। मंत्री ने पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के लिए अपना दुख व्यक्त किया और आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ सहयोग के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। प्रवक्ता ने कहा कि श्री रुबियो ने भारत को तनाव कम करने और दक्षिण एशिया में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पाकिस्तान के साथ काम करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

## ईरान ने दी इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद के 'वरिष्ठ जासूस' को फांसी

**तेहरान, (वार्ता)।** ईरान ने बुधवार को इजरायल की खुफिया एजेंसी 'मोसाद' के एक वरिष्ठ जासूस को फांसी की सजा दी। यह जानकारी ईरानी न्यायपालिका की मिज़ान समाचार एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मोहसेन लंगरनेशिन के रूप में पहचाने जाने वाले व्यक्ति को मई 2022 में तेहरान में इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स के सदस्य हसन सैयद खोदाई की हत्या सहित ईरान में मोसाद के संचालन के लिए जमीनी और तकनीकी सहायता प्रदान करने का दोषी ठहराया गया था। रिपोर्ट के अनुसार कानूनी और न्यायिक प्रक्रियाओं के पूरा होने के बाद उसे फांसी दी गई। दोषी की कुछ 'आपराधिक गतिविधियों' को इस्फ़हान के मध्य प्रांत में ईरानी रक्षा मंत्रालय से संबद्ध एक औद्योगिक केंद्र पर हमले के लिए रसद, तकनीकी और परिचालन सहायता प्रदान करने, मोसाद एजेंटों के लिए संचार उपकरण खरीदने, वाहन खरीदने और उन्हें परिचालन उपकरणों से लैस करने, इज़रायली अधिकारियों से ईरान के अंदर परिचालन एजेंटों को धन हस्तांतरित करने और कुछ ईरानी प्रांतों में सुरक्षित घर किराये पर लेने के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, लैंगरनेशिन ने उन सभी 'अपराधों' को कबूल किया था, जिनके आरोप उस पर लगाये गये थे।

## रूस-यूक्रेन वार्ता बहुत जल्द होने की उम्मीद: पोलांस्की

**संयुक्त राष्ट्र,(वार्ता)।** संयुक्त राष्ट्र में रूसी उप राजदूत दिमित्री पोलांस्की ने कहा है कि अगर यूक्रेन संघर्ष के मूल कारणों को हल करने का प्रयास करता है तो मॉस्को और कीव के बीच युद्ध विराम वार्ता काफी जल्द हो सकती है। श्री पोलांस्की ने आरआईए नोवोस्ती से कहा ,श्री पोलांस्की ने एक सवाल के जवाब में कहा, गेंद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की के पाले में है, इसे स्वीकार करें या नहीं, और क्या वह इस संकट को जन्म देने वाली समस्याओं के समाधान के लिए कोई गंभीर, सार्थक प्रयास करना चाहते हैं। मुझे लगता है कि यह काफी जल्द हो सकता है। उन्होंने कहा कि मॉस्को लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित कूटनीतिक समाधान की मांग कर रहा है। श्री पोलांस्की ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि मॉस्को ने 2021 में अपनाअंतिम प्रयास किया, जब अमेरिका और नाटो को मसौदा सुरक्षा संधियों का प्रस्ताव दिया गया था। राजनयिक ने कहा कि संकट को हल करने के लिए रूस की कूटनीतिक तरीकों के प्रति प्राथमिकता में कोई बदलाव नहीं आया है।

## ये नहीं सोचा भारत के मुसलमानों पर क्या असर पड़ेगा : फारूक अब्दुल्ला

श्रीनगर



नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को पाकिस्तान को एक असफल राज्य करार दिया और कहा कि पाकिस्तान पर अगर उसकी सेना का नियंत्रण है तो वह भारत के साथ कोई दोस्ती नहीं होगी। अब्दुल्ला ने यह भी कहा कि पाकिस्तान के लोग भारत के साथ दोस्ती चाहते हैं, लेकिन देश की सेना ऐसा नहीं चाहती। उन्होंने कहा कि इस स्थिति के कारण सबसे ज्यादा कश्मीरी लोग पीड़ित हैं। एनसी प्रमुख की टिप्पणी पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर दोनों देशों के बीच बिगड़ते संबंधों के मद्देनजर आई है, जिसमें 26 पर्यटकों की जान चली गई थी, जिनमें से 25 भारतीय थे।

पहलगाम हमले पर बोलते हुए फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह सुरक्षा और खुफिया चूक का मामला था। उन्हें (पाकिस्तान को) यह पसंद नहीं आया कि हम अपनी ज़िंदगी बहुत अच्छी तरह जी रहे हैं। हमारे लोगों में भी दुष्प्रचार फैलाया गया। इसलिए उन्होंने (पाकिस्तान को) यह (पहलगाम हमला) किया। लेकिन उन्होंने इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि इसका भारत में मुसलमानों पर क्या असर पड़ने वाला है। पिछले 10 सालों से एक नैरेटिव चल रहा है, मुसलमानों को पूरी तरह से खत्म करने के लिए, हमारी मस्जिदों को जलाने के लिए। हम पहले से ही इससे निपट रहे थे।

उन्होंने आगे कहा कि अब, पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने दो-राष्ट्र सिद्धांत के बारे में बोलकर उकसाया। अगर युद्ध होता है, तो यह बातचीत की मेज पर आएगा, लेकिन बातचीत की मेज पर क्या होगा, यह सिर्फ़ अल्लाह जानता है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सरकार द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने का आदेश दिए जाने पर जेकेएनसी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि यह कार्रवाई अच्छी नहीं है, यह मानवता के खिलाफ है। कुछ लोग पिछले 70 सालों, 25 सालों से यहां रह रहे हैं। उनके बच्चे यहां हैं, उन्होंने कभी भारत को नुकसान नहीं पहुंचाया, बल्कि उन्होंने खुद को भारत के हवाले कर दिया है।

## हेडलाइन तो दे दी, लेकिन डेडलाइन कहां है, जाति गणना को लेकर कांग्रेस का मोदी सरकार से सवाल

नई दिल्ली



कांग्रेस ने गुरुवार को आगामी जनगणना में जाति गणना को शामिल करने के फैसले की घोषणा के बाद सरकार पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिना समय सीमा के सुर्खियां बनाने में माहिर हैं। कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि इस फैसले को लेकर कई सवाल उठते हैं, खासकर सरकार की मंशा पर, और मांग की कि जनगणना जल्द से जल्द होनी चाहिए। पार्टी के 24, अकबर रोड स्थित कार्यालय में आयोजित एक बैठक में प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हुए रमेश ने कहा कि वह बिना समय सीमा के सुर्खियां बनाने में माहिर हैं।

आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाने की मांग करते हुए रमेश ने पूछा कि मोदी सरकार को ऐसा करने से कौन रोक रहा है। उन्होंने कहा कि जैसे राहुल गांधी ने कल कहा, %हेडलाइन तो दे दी, लेकिन डेडलाइन कहां है? हमारे प्रधानमंत्री बिना डेडलाइन के हेडलाइन देने में माहिर हैं। 2025-26 में गृह मंत्रालय में जनगणना आयुक्त कार्यालय, जिसे जाति जनगणना कराने की जिम्मेदारी दी गई है, को बजट में 575 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। लेकिन 24 दिसंबर 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने कहा कि राष्ट्रीय जनगणना के लिए 8254 करोड़ रुपए की जरूरत है। तो, उद्देश्य और मंशा क्या है? सिर्फ हेडलाइन?

इस बात पर जोर देते हुए कि आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा की बाधा को हटाया जाना चाहिए, रमेश ने पूछा कि मोदी सरकार को ऐसा करने से कौन रोक रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मांग करती है कि संविधान संशोधन होना चाहिए और आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को हटाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना तभी सार्थक होगी जब ऐसा किया जाएगा। रमेश ने दिसंबर, 2019 की कैबिनेट बैठक की प्रेस विज्ञप्ति का हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2021 में 8,254 करोड़ रुपये की लागत से भारत की जनगणना कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

उन्होंने बताया कि उस प्रेस विज्ञप्ति में जाति गणना का कोई उल्लेख नहीं था। उन्होंने कहा कि हर कोई जानता है कि यह जनगणना नहीं हुई है और छह साल बीत चुके हैं। आश्चर्यजनक रूप से, सरकार ने कल इसकी घोषणा की। हालांकि, रमेश ने सरकार से देश के सामने जाति जनगणना के लिए एक रोडमैप रखने का आग्रह किया।

# ये पाकिस्तानी एजेंट, हिंदुओं को बना रहे निशाना

ढाका!

**मोहम्मद यूनुस पर भड़कीं तसलीमा नसरीन, नोबेल कमेटी को लिख दी चिट्ठी**



बांग्लादेश की मशहूर लेखिका तस्लीमा नसरीन ने देश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने यूनुस को धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा में नाकाम असफल नेता बताया है। तसलीमा ने यूनुस के नोबेल शांति पुरस्कार को वापस लिए जाने की अपील की है। नसरीन ने यूनुस पर भ्रष्टाचार, सत्ता का दुरुपयोग और मानवाधिकार उल्लंघन के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि यूनुस की कार्यशैली की वजह से बांग्लादेश में आर्थिक और सामाजिक संकट गहरा गया है और अल्पसंख्यक डर में जी रहे हैं।

तसलीमा नसरीन ने एक्स पर बताया है कि उन्होंने नॉर्वेजियन नोबेल कमेटी को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने मोहम्मद यूनुस को दिए गए नोबेल शांति पुरस्कार को वापस लेने की अपील की है। उनका कहना है कि यूनुस ने शांति के लिए कोई काम नहीं किया है उल्टा बांग्लादेश में हिंसा और अशांति फैलाई है। ऐसे में उनसे नोबेल अवार्ड वापस ले लिया जाए। तसलीमा नसरीन ने अपनी खिली चिट्ठी में लिखा है, %मुझे पता है कि एक बार नोबेल शांति पुरस्कार दिए जाने के बाद उसे वापस नहीं लिया जाता लेकिन यूनुस का मामला अलग है। उनके कामों को देखते हुए, उनके पास ये पुरस्कार नहीं रह सकता है। ऐसे में असाधारण परिस्थितियों को देखते हुए मेरे अनुरोध पर विचार किया जाए और पुरस्कार वापस लिया जाए। नसरीन ने यूनुस पर आरोप लगाया है कि ग्रामीण बैंक में रहते हुए उन्होंने टैक्स की चोरी की। उन्होंने बैंक के विदेशी फंड का इस्तेमाल अपने व्यवसाय शुरू करने में किया। तसलीमा ने कहा कि जब कुछ महिलाएं माइक्रोलोन को ब्याज के साथ नहीं चुका पाईं तो ग्रामीण बैंक के कर्मचारियों ने उनके घरों को तोड़ दिया। ऐसे शख्स को कैसे शांति का प्रतीक माना जा सकता है। नसरीन ने कहा, यूनुस ने आतंकी गुटों के साथ मिलकर बांग्लादेश में अवैध रूप से सत्ता हासिल की है। सत्ता हथियाने के बाद पिछले नौ महीनों में उनके इशारे पर ही विपक्षी सदस्यों और अल्पसंख्यक हिंदुओं की हत्याएं की गई है। उनके घरों को जलाकर नष्ट कर दिया गया है और कई लोगों को झूठे आरोप में जेल में डाला गया है। उन्होंने देश के इतिहास संग्रहालय को नष्ट कर दिया और बंगाली नायकों की मूर्तियों को तोड़ दिया है।

नसरीन ने यूनुस को 1971 में पराजित हुई पाकिस्तानी सेना का एजेंट बताया है। उन्होंने कहा, यूनुस पड़ोसी देश भारत के खिलाफ युद्ध की तैयारी कर रहे हैं। यूनुस 84 साल के हैं और बांग्लादेश के पास भारत के खिलाफ युद्ध करने की क्षमता भी नहीं है। इसके बावजूद वह अपने भ्रम में देश में लाखों लोगों की मौत का कारण बन सकते हैं।

तसलीमा नसरीन ने कहा कि यूनुस देश को एक भयानक संकट में धकेल रहे हैं। उनका व्यवहार असभ्य, बर्बर और क्रूर है। नसरीन ने नोबेल कमेटी से सवाल किया है कि यूनुस को नोबेल शांति पुरस्कार कैसे दिया जा सकता है। तस्लीम ने कमेटी से यूनुस से नोबेल पुरस्कार वापस लेते हुए मिसाल कायम करने का आग्रह किया है।

---

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

## ट्रोल करने वाले लोगों को पता होना चाहिए कि उनके साथ भी ऐसा ही व्यवहार हो सकता है: जावेद अख्तर

सोशल मीडिया पर अक्सर सांप्रदायिक और घृणित टिप्पणियों के लिए गुमनाम लोगों को फटकार लगाने वाले पटकथा लेखक-कवि जावेद अख्तर का कहना है कि ट्रोल करने वाले लोगों को पता होना चाहिए कि उनके साथ भी ऐसा ही व्यवहार हो सकता है। चाहे वह हाल में हुए 'रोजा' विवाद के दौरान भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी का समर्थन करना हो, विराट कोहली की प्रशंसा करने पर उन पर निशाना साधने वाले लोगों को जवाब देना हो या पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करना हो, अख्तर 'एक्स' पर अपनी राय खुलकर व्यक्त करने के लिए जाने जाते हैं।



यह पूछे जाने पर कि क्या उनका परिवार उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल करने वालों से दूर रहने के लिए कहता है, अख्तर ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''हां, बिल्कुल। यहां तक कि मेरे दोस्त भी कहते हैं। वे कहते हैं कि आप इसमें क्यों पड़ना चाहते हो? आप इन सब चीजों से ऊपर हो।'' उन्होंने कहा, '' मेरी अशिष्टता के लिए मुझे क्षमा करें, मैं ज्यादातर इन लोगों (ट्रोल करने वालों) से ऊपर महसूस करता हूं, लेकिन कभी-कभी आपको उन्हें बताना पड़ता है कि, ''नहीं, आप यह स्वतंत्रता नहीं ले सकते हैं, और यदि आप ऐसा करेंगे, तो मैं आपको उसी में जवाब दूंगा।'' गीतकार अख्तर 'इंडियन परफॉर्मिंग राइट सोसाइटी' (आईपीआरएस) के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने मंगलवार को यहां फिक्की द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि कॉपीराइट निकाय को सरकारी समर्थन की आवश्यकता है ताकि कलाकारों को सार्वजनिक प्रदर्शन रॉयल्टी का उचित हिस्सा मिल सके।

उन्होंने कहा, ''यदि कुछ लाख लोग हमें प्रदर्शन रॉयल्टी का भुगतान नहीं कर रहे हैं, तो हम अदालतों में लाखों मामले नहीं ले जा सकते, यह संभव नहीं है। केवल सरकार ही है जो भुगतान को अनिवार्य बनाने के लिए किसी प्रकार का नियम या उप-नियम बनाकर कोई दबाव बना सकती है।'' अख्तर ने कहा, ''जब भी मैंने किसी राजनीतिक दल या मंत्रालय से संपर्क किया है, तो उन्होंने इस मुद्दे के प्रति सहानुभूतिपूर्ण रुख अपनाया है। वे भारतीय कलाकारों का सम्मान करते हैं, वे अक्सर हमारी मदद करने के लिए आगे आते हैं। अब हमें फिर से (अधिकारियों के पास) जाना है और उन्हें बताना है कि क्या गलत है। आपने एक शानदार कानून बनाया है, लेकिन यह जमीनी स्तर पर काम नहीं कर रहा है।''

जाने-माने पटकथा लेखक सलीम खान के साथ मिलकर लिखी गई उनकी दो फिल्में ''शोले'' और ''दीवार'' के 50 साल पूरे हो रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि इन फिल्मों की स्थायी प्रासंगिकता का क्या कारण है, लेखक ने कहा कि लिखते समय यह अनुमान लगाना असंभव है कि किसी फिल्म का लोगों से जुड़ाव कैसे रहेगा। उन्होंने कहा, ''कुछ अच्छे काम होते हैं जो रह जाते हैं लोगों के स्मृति पटल पर। और जिन फिल्मों की आप बात कर रहे हैं, वे किसी न किसी तरह (लोगों की स्मृति में बनी हुई हैं)... ऐसा क्यों है, मुझे नहीं पता। अगर मुझे पता होता तो मैं ऐसा बार-बार करता।''

उन्होंने कहा, ''50 साल पुरानी फिल्म के संवादों का जिक्र स्टैंड-अप कॉमेडी, अन्य फिल्मों और यहां तक कि राजनीतिक भाषणों में आज भी किया जाता है। यह कैसे और क्यों हुआ? मेरा मतलब है, इसका करिश्मा क्या है? करिश्मे की कोई परिनहीं है। ऐसा होता है और फिर आप इसका कारण जानने की कोशिश करते हैं, इसमें कोई तर्क ढूंढते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि यह इससे परे है।



## सिद्धार्थ निगम ने है जूनून के लिये फिल्म रॉकस्टार, आशिकी 2 से प्रेरणा ली

सिद्धार्थ निगम ने जियोहॉटस्टार की नई म्यूजिकल ड्रामा सीरीज़ है जूनून ङ्क ड्रीम, डेयर, डॉमिनेट के लिये फिल्म रॉकस्टार और आशिकी 2 से प्रेरणा ली है। म्यूजिकल ड्रामा सीरीज़ है जूनून ङ्क ड्रीम, डेयर, डॉमिनेट, मुंबई के प्रतिष्ठित एंडरसन्स कॉलेज की ऊर्जावान दुनिया पर आधारित है। यह कहानी उन युवाओं के सपनों को दिखाती है जो संगीत और डांस के जरिए अपनी पहचान बनाने की दौड़ में शामिल हैं। कॉलेज के म्यूजिक क्लब में हर दिन कुछ नया होता है। यहां सिर्फ टैलेंट काफी नहीं, असली पहचान उस जबे से बनती है जो आपको भीड़ से अलग करता है। यह सीरीज़ 16 मई 2025 से सिर्फ जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। अभिषेक शर्मा के निर्देशन और जियो क्रिएटिव लैब्स के बैनर तले बनी है जूनून - ड्रीम. डेयर. डॉमिनेट में जैकलीन फर्नांडीज़, नील नितिन मुकेश, बोमन ईरानी, सिद्धार्थ निगम, प्रियंक शर्मा, सुमेध मुद्गलकर, कुंवर अमर, मोहन पांडे, एलिशा मेयर, संचित कुंद्रा, सांताना रोच, देवांगी सेन, आर्यन कटोच, अनुषा मनी, भाविन भानुशाली, युक्ति ठरेजा, अर्नव मागू और साची बिंद्रा जैसे कलाकार दमदार भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## निकीता दत्ता ने आईएमडीबी की इस हफ्ते के लोकप्रिय भारतीय सेलिब्रिटीज की सूची में पहला स्थान हासिल किया



अभिनेत्री निकीता दत्ता ने इस हफ्ते आईएमडीबी की प्रतिष्ठित 'लोकप्रिय भारतीय सेलिब्रिटीज' सूची में पहला स्थान हासिल किया है। अपनी दिलकश स्क्रीन प्रेज़ेंस और बहुमुखी अभिनय क्षमता के लिए जानी जाने वाली निकीता का इस सूची में शीर्ष पर पहुंचना इस साल उनके प्रति दर्शकों और समीक्षकों की बढ़ती प्रशंसा और लोकप्रियता को दर्शाता है। यह सूची हाल ही में सबसे अधिक खोजे गए सेलिब्रिटीज के आधार पर तैयार की जाती है, जिसमें वे कलाकार शामिल होते हैं जो चर्चा में रहे हैं और जिन्होंने काफी ध्यान आकर्षित किया है। निकीता के हाल के कार्यों और उनकी आकर्षक शख्सियत ने उन्हें इस सूची के शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया है, जहां उन्होंने कई स्थापित सितारों को भी पीछे छोड़ दिया है। फैन्स निकीता को उनके अनोखे और प्रभावशाली परफॉर्मेंस के लिए खूब सराह रहे हैं, जिनमें वे हर किरदार में पूरी तरह ढल जाती हैं। इस रैंकिंग से यह साफ हो जाता है कि निकीता सिर्फ एक उभरती हुई प्रतिभा नहीं, बल्कि वह नाम बन चुकी हैं जिससे हर हफ्ते ज्यादा से ज्यादा दर्शक जुड़ रहे हैं।निकीता दत्ता का सफर, उनके डेब्यू से लेकर आईएमडीबी की इस रैंकिंग में शिखर तक पहुंचना, उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और अद्भुत आकर्षण का प्रमाण है। इंडस्ट्री में जैसे-जैसे वह और चमक रही हैं, यह आईएमडीबी रैंकिंग उनके लिए बड़ी सफलताओं की सिर्फ शुरुआत है।

# नवदम्पत्तियों को दिया आशीर्वाद



नरसिंहपुर।

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में उपज मंडी प्रांगण करेली में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। अक्षय तृतीया के अवसर पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 257 जोड़ों का विवाह व 9 जोड़ों का निकाह किया गया। मंत्री श्री पटेल व अन्य अतिथियों ने मंच से प्रतीक स्वरूप हितग्राहियों को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह योजना के तहत हितलाभ वितरित किये। उन्होंने वर- वधु पर पुष्प वर्षा कर शुभाशीष प्रदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री पटेल ने कहा कि आज इस आयोजन में शामिल होकर इन सभी वर- वधु को शुभकामनायें देने के लिए आया हूँ।वर- वधु एवं उनके परिजनों को इस पावन अवसर पर हार्दिक बधाई आनंद के इतने बड़े वातावरण में शायद हम घर पर शादी- विवाह करते तो 100 से 200 लोग ही शामिल होते हैं, लेकिन यहां तो हजारों लोग शामिल हुए हैं। ये आनंद भी हमें विशेष रूप से अपने मानस पटल पर रखना होगा। यह एक ऐसा अवसर है करेली की धरती पर आज पूरे विधानसभा क्षेत्र के 266 वर- वधु परिणय सूत्र में बंध रहे हैं।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भील समाज की बेटियों के विवाह का काम शुरू किया। इसके बाद श्री चौहान प्रदेश के मुख्यमंत्री बनें और उन्होंने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना शुरू की। हमारी माता- बहनों में क्षमता की कमी नहीं है। गलतियां हमसे हुई हैं, हमने दहेज तक मांगना शुरू कर दिया, लेकिन भील समाज आदिवासी में लड़की की शादी होने पर दहेज नहीं देना पड़ता। कार्यक्रम में विधायक श्री पटेल ने वर- वधु को शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में कन्यादान का बहुत बड़ा महत्व है। बेटियां दो परिवारों को संभालती हैं, एक परिवार जहां जन्मी है और दूसरा परिवार जहां उसकी शादी हुई है। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ममार और रामसनेही पाठक ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, अन्य जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार, अधिकारी- कर्मचारी, नागरिक और बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद थे।



# कराते चैंपियनशिप में नरसिंहपुर टीम की शानदार सफलता

नरसिंहपुर।

वाराणसी के बी .एच.यू. इनडोर स्टेडियम में यूनाइटेड शिटोरियु कराते एसोसिएशन इंडिया के द्वारा आयोजित इंटरनेशनल कराते चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें भारत के अलावा नेपाल,श्रीलंका एवं भूटान के 800से ज्यादा प्रतियोगियों ने भाग लिया। इस चैंपियनशिप में नरसिंहपुर की टीम ने भारत की तरफ से 6सदस्यीय टीम ने अपने कोच सिहान बृजेश घारू के नेतृत्व में भाग लिया एवं शानदार प्रदर्शन किया। मायामणि लोधी ने कुमिते (फाइट)वर्ग में गोल्ड मेडल काता वर्ग में सिल्वर मेडल,महिमा लोधी ने कुमिते वर्ग में सिल्वर मेडल एवं काता वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल , प्रिंस्का लोधी ने अपने भार वर्ग के कुमीते वर्ग में सिल्वर ब्रॉन्ज मेडल एवं काता वर्ग में सिल्वर मेडल, वहीं पुरुष वर्ग केकुमीते मे मंगलम लोधी ने ब्रांज मेडल एवं काता वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल, श्रेष्ठ श्रीवास्तव ने कुमिते वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल एवं काता वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल,हर्ष जाट ने कुमिते वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीते। जी,. एस. शोतोकन कराते एसोसिएशन नरसिंहपुर के सिहान बृजेश घारू द्वारा प्रशिक्षित हैं । इस सफलता पर संजय नेमा डायरेक्टर एस,.एन. पी.एस.के संचालक, एड जगदीश पटेल,अमर नौरिया, मालक सिंह पटेल, अखिलेश साहू,श्रीमति मंजुलता लोधी,देवेंद्र श्रीवास्तव एवं मुकेश भूनकर आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

# जन शिक्षण संस्थान द्वारा मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

**नरसिंहपुर।** जन शिक्षण संस्थान द्वारा 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस का आयोजन ग्राम इमलिया के प्रशिक्षण केंद्र पर आयोजित किया गया द्य इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री नीरज कुशवाहा ने बताया कि दुनिया भर में आज का दिन 1 मई मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाता है । श्रमिकों के लिए एक दिन समर्पित करने का बड़ा कारण है। मजदूर दिवस मनाने का महत्व विभिन्न देशो में अलग अलग हो सकता है , लेकिन यह एक सन्देश देता है कि मजदूरों का योगदान समाज में महत्वपूर्ण है और उन्हें सम्मान व न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने कहा है कि किसी भी राष्ट्र का भार मजदूर के कंधो पर टिका होता है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक आशीष कुमार सेन द्वारा मजदूरों के हितो से जुडी शासन की विभिन्न योजनाओ की जानकारी दी और साथ ही कामगारों को इन योजनाओ के माध्यम से लाभान्वित होने के तरीको से अवगत कराया ।आपने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले सभी मजदूरो को नमन करने का दिन है। हर साल 1 मई का दिन भारत समेत दुनिया के कई देशो में मजदूर दिवस [ मई दिवस ] के तौर पर मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर के मजदूरों और श्रमिक वर्ग के लोगो को समर्पित है। देश के विकाश में ऐसा कोई निर्माण नहीं है, जिसमे मजदूर वर्ग का परिश्रम का योगदान न हो। राष्ट्र की प्रगति और उन्नति में इनकी भागीदारी के बिना असंभव है। मजदूर दिवस का मकसद मजदूरों के सम्मान के अलावा उनकी एकता को मजबूत बनाना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। मजदूर दिवस के अवसर पर उपस्थित श्रमिक साथियो का अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान से रोशन पटेल,मुकेश भरिया,कु. अंजलि ठाकुर, नरेंद्र वंशकार,आरती जाटव व श्रमिक साथी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

# तुअर खरीदी का कार्य 10 जून तक

## कृषक 15 मई तक कर सकेंगे अपना पंजीयन

नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।

भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024- 25) के अंतर्गत फसल के लिए नीति जारी की है। जारी निर्देशों के अनुसार जिले में पंजीकृत किसानों से तुअर फसल का उपार्जन का कार्य 10 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है, जो 10 जून 2025 तक की अवधि में किया जायेगा। राज्य शासन द्वारा तुअर फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य 7550 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए तुअर पंजीयन की तिथि अब 15 मई 2025 तक बढ़ाई गई है। उप संचालक कृषि ने जिले के पंजीकृत किसानों से अपील की है कि वे न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ई- उपार्जन पोर्टल 222.द्वश्चद्गह्वश्चड्डह्ल- द्बड्डठ्ठ.ठ्ठद्बष्.द्बठ्ठ पर स्?लॉट बुक कर अपनी तुअर फसल उपज का विक्रय कर सकते हैं। किसानों से अधिक से अधिक तुअर फसल उपार्जन के लिए पंजीयन कराने की अपील भी की गई है। जिले में अब तक 971 किसानों ने अपना पंजीयन कराया गया है।

## तुअर उपार्जन कार्य के लिए उपार्जन केन्द्र निर्धारित

जिले में समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से तुअर उपार्जन कार्य के लिए उपार्जन केन्द्र निर्धारित किये हैं। तहसील नरसिंहपुर के अंतर्गत सेन्ट्रल वेयर हाउस- सीडब्ल्यूसी कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर सेवा सहकारी समिति धमना, तहसील करेली के अंतर्गत सेन्ट्रल वेयर हाउस- सीडब्ल्यूसी कठौतिया- सेवा सहकारी समिति लिंगा व कोशी वेयर हाउस बरमान- सेवा सहकारी समिति केरपानी, तहसील तेंदूखेड़ा के अंतर्गत कान्हा वेयरहाउस उमरपानी- सेवा सहकारी समिति ढिलवार, तहसील गोटेगांव के अंतर्गत सांई श्रृद्धा वेयरहाउस गोटेगांव- 8- सेवा सहकारी समिति जमुनिया, तहसील गाडरवारा के अंतर्गत एमपी डब्ल्यूएलसी कैम्पस गाडरवारा- सेवा सहकारी समिति गाडरवारा, प्रतीक वेयरहाउस पिठहेरा- सेवा सहकारी समिति कामती गोदाम के उपार्जन केन्द्रों में तुअर फसल का उपार्जन कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिले अब तक 6 क्विंटल तुअर का उपार्जन का उपार्जन किया है, उपार्जन कार्य सतत जारी है।

## जल संरक्षण व संवर्धन को बढ़ावा देने हुई चर्चा

### विकासखंड सांईखेड़ा में सेक्टर स्तरीय बैठक हुई आयोजित

**नरसिंहपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में परिषद की सेक्टर क्रमांक एक विकासखंड सांईखेड़ा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य को बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में परिषद की नवांकुर संस्था तूमडा के अध्यक्ष श्री राकेश खेमरिया ने कहा कि गांव- गांव जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण करना। गांवों में दीवार लेखन, साफ- सफाई, स्वच्छता, जल स्त्रोतों का गहरीकरण, जन जागरूकता के लिए रैली, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता और पौधारोपण के माध्यम से अभियान को सफल बनाने के लिए काम करने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ भी ली।

# राशन प्राप्त करने के लिए ई- केवायसी 15 मई तक कराना अनिवार्य

## मेरा केवाईसी एप से कर सकते हैं ई-केवायसी

नरसिंहपुर। जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकान से प्रतिमाह खाद्यान्न प्राप्त करने वाले ऐसे समस्त हितग्राहियों को सूचित किया गया है कि वे अपने परिवार के सभी सदस्यों का ई- केवायसी 15 मई तक करना आवश्यक है। जिन हितग्राहियों व उनके परिजनों की 15 मई तक ई- केवायसी नहीं होगी, उन्हें माह जून 2025 से खाद्यान्न प्राप्त नहीं होगा। जिन सदस्यों/हितग्राहियों के 5 वर्ष तक के छोटे बच्चों और बुजुर्ग का बायोमेट्रिक सत्यापन/ईकेवायसी पीओएस मशीन से नहीं हो पा रहा हैं। वे एन्ड्राइड मोबाइल के मेरा केवाईसी (द्म4ष) एप के द्वारा गुगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करके ईकेवायसी कर सकते हैं। ईकेवायसी करते समय उसी मोबाइल का उपयोग करें जो कि आधार कार्ड में रजिस्टर्ड हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि समस्त हितग्राही सुगमता से राशन प्राप्त करने के लिए 15 मई तक ई- केवायसी निर्धारित समय में शासकीय उचित मूल्य दुकान पर पीओएस मशीन के माध्यम से करवाना सुनिश्चित करें।

2 मई को होगा लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन

नरसिंहपुर। राज्य शासन के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर 2 मई को लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन सुबह 11 बजे से किया जायेगा। कार्यक्रम में स्थानीय जन प्रतिनिधिगण लाड़ली बालिकाएं एवं उनके अभिभावक लाड़ली क्लब की अध्यक्ष एवं सदस्य शामिल होंगे। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम में लाड़ली बालिकाओं द्वारा स्वागत भाषण व सांस्कृति प्रस्तुतियां दी जाएंगी। उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली बालिकाओं एवं कॉलेज में

# संस्कार का हुआ नेशनल शतरंज प्रतियोगिता में चयन




नरसिंहपुर।

केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा रीजनल शतरंज प्रतियोगिता विगत दिनों सागर में सम्पन्न हुई, जिसमें जबलपुर रीजन के समस्त केंद्रीय विद्यालयों ने प्रतियोगिता दी। नरसिंहपुर से अंडर 17 आयु वर्ग में संस्कार सक्सेना ने इस प्रतियोगिता में 6 में से 5 मैच जीतकर द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु अपना स्थान सुरक्षित किया। प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हेतु संस्कार को रजत पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। गौरतलब है कि गत वर्ष आयोजित प्रतियोगिता में भी संस्कार ने नेशनल की सूची में अपना नाम दर्ज करते हुए राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की ओर से प्रतिनिधित्व किया था। संस्कार की इस उपलब्धि पर केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्य एवं स्टॉफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। संस्कार, सुप्रसिद्ध कवि गुरु सक्सेना के पोते एवं डॉ. विवेक सक्सेना के पुत्र हैं।

## 8 केंद्रों पर 4 मई को आयोजित होगी नीट परीक्षा

बालाघाट(स्वतंत्र मत)।

मेडिकल व डेंटल महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए 4 मई को नीट परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा की तैयारियों के सम्बंध में उच्च शिक्षा मप्र शासन के अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने वीसी के माध्यम से तैयारियों के सम्बंध में निर्देश दिए है। नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट के लिए बालाघाट जिले के 08 परीक्षा केंद्रों में नीट परीक्षा का आयोजन 04 मई रविवार को होना है। 4 मई को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक तथा दिव्यांगों को एक अतिरिक्त घंटे का समय परीक्षा में दिया जाएगा। इन परीक्षा केंद्रों में कानून व शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलेक्टर मृणाल मीना ने प्रशासनिक अधिकारियों की ड्यूटी लगायी गई है।

# समर कैंप 2025 का आयोजन

**नरसिंहपुर।** पी.एम.श्री. शास. एम.एल.बी. स्कूल द्वारा इस वर्ष के समर कैंप 2025 का शुभारंभ किया गया । यह कैंप 20 मई 52025 तक चलेगा। जिसमें बच्चों को ज्ञानवर्धक कार्यशालाओं, रचनात्मक गतिविधियों और आउटडोर खेलों के माध्यम से आनंदमय अनुभव प्रदान किया जाएगा।

प्रमुख गतिविधियों में कला व शिल्प, नृत्य, विज्ञान प्रयोग, आउटडोर गेम्स, कहानी लेखन, संगीत, और आर्टिफिशीयल इंटेलिजेंस शामिल हैं। शुभारंभ की शुरूआत योग शिक्षा से की गयी जिसका संचालन योग शिक्षक डॉ. अंजिता वर्मा द्वारा किया गया ।

उसके पश्चात संयोगिता चौरसिया द्वारा छात्राओं को नृत्य सिखाया गया एवं उसके पश्चात श्री



नारायण सोनी द्वारा गायन वादन की शिक्षा छात्राओं को दी । उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्राचार्य आशा नेमा द्वारा की गयी। स्कूल की प्राचार्य श्रीमति आशा नेमा ने कहा, हमारा समर कैंप बच्चों को नई रुचियाँ खोजने, मित्रता बढ़ाने और गर्मियों में सक्रिय बने रहने के लिए प्रेरित करता है । हम चाहते हैं कि बच्चे कक्षा के बाहर भी सीखने का आनंद लें । विद्यालय की गायत्री सोनी, पुष्पा दुबे एवं संगीता श्रीवास्तव एवं समस्त समर्पित शिक्षकों की टीम और वालंटियर्स द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि बच्चों के लिए यह कैंप सुरक्षित, समावेशी और आनंददायक हो ।



## विकलंगो की समस्या मुझे न तो सांसद ने बतायी न अन्य जनप्रतिनिधि ने : डां. वीरेन्द्र खटीक

**सिवनी (स्वतंत्र मत )**सामाजिक न्याय विभाग के मंत्री केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र से खटीक अल्प प्रवास पर सिवनी सर्किट हाउस पहुंचे पहुंचने के दौरान कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनसे मुलाकात की अल्प प्रवास के दौरान विकलांगों को मिलने वाली अनेकों सुविधा से लोग वंचित हैं उनको लोगों ने अवगत करवाया मंत्री जी ने बताया कि अभी आपके इधर की सांसद भारती पारधी ने बालाघाट सिवनी सांसद ने मुझे पत्र दिया था उन्होंने बालाघाट के लिए मांग की थी और उनकी मांग भी मैंने पूरी कर दी, मगर उन्होंने सिवनी के विषय में कोई चर्चा नहीं की । आपने मेरे संज्ञान में लाया है व्हीलचेयर, इलेक्ट्रॉनिक साइकिल कई दिनों से लोगों को नहीं मिल पाई विकलांग लोग जो परेशान हो रहे हैं और अनेकों सुविधा विकलांग जो जिले में उपलब्ध हो रही है उसके लिए मैं बहुत जल्द यहां के लिए व्यवस्था कराऊंगा । अगर मुझे मालूम होता तो मैं आज ही सभी विकलांगों को आज साइकिल यहां पर बटवा के जाता यहां के जनप्रतिनिधियों ने मुझे अभी तक कभी अवगत नहीं करवाया ना ही कभी मुझे बुलाने की कोशिश की । उन्होंने कहा कि मैं आम नागरिक से सीरियस कहना चाहता हूं कि मुझे दूरभाष पर चर्चा करें और मुझे पत्र भेजे जो भी समस्या है और दिल्ली में आकर मेरे निवास में जरूर मिले और जो भी कल्याणकारी योजना मेरे विभाग की हैं के बारे में मुझे अवगत कारण मैं जो है हो सकेगा पूरा करने का प्रयास करूंगा ।

## तिरोड़ी में राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मेलन का समापन

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** तिरोड़ी में आयोजित राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मेलन के प्रथम चरण में नवोदित कवियों के लिए युवा कवि सम्मेलन दोपहर 1 बजे से शुरू हुआ जिसमें बालाघाट जिले के युवा कवियों क्रमशः किशोर छिपेश्वर सागर विकास सनोडियां गजेन्द्र मधुकर हलचल बालाघाटी नवीन निराला उमा शिव प्रीसी साक्षी मेश्राम, कृष्ण कुमार ठाकरे गोविंदा गावठी ने नवीन निक्षल के मंच संचालन में शानदार काव्य पाठ किया। सभी सहभागी कवियों को साहित्य एवं संविधान की एक एक प्रति एडवोकेट संजय खोबरागड़े की ओर से दत्तु पौनीकर निरस की उपस्थिति में भेंट की गई। द्वितीय चरण साहित्यिक विचार गोष्ठी अपराह्न 4 बजे से प्रारंभ हुई। राष्ट्र भाषा हिंदी के विकास में लोक भाषाओं का योगदान विषय पर दिनेश देहाती की अध्यक्षता में दीपक रत्न पारखी विकास सनोडिया संजय खोबरागड़े मनोज दुबे एवं राजुवीर सिंह सिकरवार ने अपने विचार रखे।

# ट्रांसफार्मर जलने से पांच दिनों से देवरी गांव अंधकार में डूबा

## बूंद-बूंद पानी को तरसे देवरी कलां गांव के ग्रामवासी

**सिवनी (स्वतंत्र मत )** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 15 शिवाजी वार्ड के ग्राम देवरी कला में गत 25 अप्रैल से बिजली के ट्रांसफार्मर जल जाने के बाद पूरा गांव अंधेरे में डूब गया, वहीं बिजली नहीं रहने से पेयजल आपूर्ति भी बंद हो गई जिसके चलते सभी ग्राम वासी बुधवार को अपनी शिकायत लेकर बिजली विभाग के कार्यालय पहुंचे।

ज्ञात हो कि ग्राम में बिजली लाइन बंद रहने से पिछले 5 दिनों से जहां भीषण गर्मी में अंधेरा पसरा है वहीं साथ -साथ नल- जल योजना की पेयजल आपूर्ति नहीं होने से नदी तट स्थित लगभग 100 परिवार बूंद-बूंद पानी को तरस गए हैं और दो किलोमीटर दूर से साइकिल से पानी ला रहे हैं।

परेशान होकर अपनी सभी समस्या को लेकर जब देवरी कला



के ग्रामीण 30 अप्रैल को दोपहर के समय बिजली विभाग के कार्यालय पहुंचे तब पता चला कि अधिकारी छुट्टी पर एवं शासकीय छुट्टी होने के चलते कार्यालय के दरवाजे पर ताला लटका हुआ मिला वहां उपस्थित कर्मचारियों द्वारा आश्वासन देकर वापस लौटा दिया गया है। ज्ञात हो कि लगातार पिछले 5 दिनों से पूरा गांव दूर दराज से पीने का पानी लाकर अपने और अपने परिवार जनों का किसी तरह जीवन ज्ञापन कर रहे हैं वहीं ग्राम के सुभाष कुमार, लक्ष्मण, मतीन,श्याम कुमार, आदि ग्रामीणों ने बताया कि पानी बदलने से या बाहर का पानी पीने से छोटे बच्चों, एक बालिका और चार पुरुषों सहित सात लोगों को उल्टी एवं दस्त की बिमारी शिकायत होने पर दो लोगों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है।

बुधवार नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती निशा पटेल को भी ग्राम की पेयजल समस्या को लेकर चर्चा हुई तब उनके द्वारा तत्काल पानी के टेंकर पहुंचाने की बात कही गई है।

**पांच दिनों से देवरी कलां का बिजली ट्रांसफार्मर खराब**-विगत 25 अप्रैल से देवरी कलां गांव को बिजली सप्लाई मिलती है वह ट्रांसफार्मर जल गया जिसे बदलने में बिजली वितरण कंपनी छपारा के ए.ई अखिलेश पाटीदार द्वारा बताया गया कि देवरी कलां गांव में बिजली के बकाया बिल जमा नहीं किए गए हैं जब-तक 80त्न गांव में बिजली के बकाया राशि जमा नहीं हो जाती तब तक बिजली आपूर्ति नहीं होगी। वही बाद में इस भीषण गर्मी में ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए गुरुवार को ट्रांसफार्मर बदलने की बात कही।

वहीं कार्यालय में ज्ञापन सौंपने पहुंचे उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि उनके गांव में अधिकांश उपभोक्ताओं के बकाया राशि जमा की जा चुकीं हैं जो गांव के बकाया बिजली बिल राशि का 80त्न से अधिक भाग जमा कर दिया गया है और गांव में जिसने अपने घरों की बिजली बिल का बकाया राशि नहीं जमा किया है उनका बिजली कनेक्शन काट दिया जाए पूरे गांव की बिजली सप्लाई बंद करना उचित नहीं है। देवरी कलां गांव के निवासियों द्वारा जल्द से जल्द समस्या का निराकरण किए जाने की अपील की गई है।

# भगवान परशुराम जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

## श्रद्धालुओं में उमड़ा उत्साह जय जय परशुराम से गूंजा नगर

कटनी (स्वतंत्रमत)।

भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बना। मसुरहाघाट स्थित ब्राम्हण सत्संग भवन में सुबह 9 बजे भगवान परशुराम का अभिषेक, पूजन एवं हवन के साथ धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत हुई। शाम 5 बजे रेलवे स्टेशन चौराहे से भगवान परशुराम की शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जो दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, सुभाष चौक, सराफा बाजार, झंडा बाजार, शेर चौक, आजाद चौक होते हुए पुनः ब्राम्हण सत्संग भवन पहुंचकर सम्पन्न हुई। यात्रा में भगवान परशुराम के जीवन और कार्यों पर आधारित आकर्षक झांकी निकाली गई, जिससे जनसमूह मंत्रमुग्ध हो उठा। अन्य भक्ति झांकियों ने भी शोभायात्रा में धार्मिक उल्लास भर दिया। शहर के विभिन्न स्थानों पर छबीलें लगाई गईं और पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। समापन के अवसर पर



ब्राम्हण सत्संग भवन में भगवान परशुराम की भव्य महाआरती की गई तथा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। ब्राम्हण समाज द्वारा इस आयोजन को सफल बनाने में शहरवासियों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

**परशुराम मंदिर में भी संपन्न हुए तीन दिवसीय आयोजन** – जिला अस्पताल मार्ग स्थित भगवान परशुराम मंदिर में चाणक्य ब्राम्हण महासभा परिवार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन हुआ। 28 अप्रैल को भजन संध्या, 29 अप्रैल को मातृशक्ति परिचय एवं मेहंदी महावार कार्यक्रम के बाद 30 अप्रैल को अभिषेक, हवन और पूजन के साथ भगवान परशुराम जयंती पर्व मनाया गया। कार्यक्रमों का समापन भक्तों को प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस दौरान निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ब्रामँहण समाज जिला अध्यक्ष रामचंद तिवारी, नगर अध्यक्ष राजू शर्मा, बिल्लू शर्मा, प्रियदर्शन गोर राजेश दीक्षित, पीतांबर टोपनानी, सुनील उपाध्याय, मृदुल द्विवेदी, गुड्डू तिवारी, धर्मेंद्र गर्ग, रमाशंकर पाठक , अनुज तिवारी, शशिकांत तिवारी, अजय शर्मा, सरमन तिवारी, सुजीत तिवारी, पप्पू मिश्रा, अरविन्द तिवारी, दिनेश तिवारी, संतू परौहा, राकेश दुबे, हर्ष पांडे, अनुनय शुक्ला, मुकेश पांडे, पत्रकार विवेक शुक्ला, भवानी तिवारी, रोहित बेन, सुभाष गर्ग, अमन पांडे, उषा पांडे, गीता पाठक, मंजूषा गौतम सहित बडी संख्या में लोगो की उपस्थिति रही। सुभाष चौक में अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमित शुक्ला ने शोभायात्रा का स्वागत किया। आयुर्वेद चिकित्सक एस एन त्रिपाठी परशुराम जी कौतुक वेशभूषा में आकर्षण का केंद्र रहे।



# 27 हजार 523 श्रमिक परिवारों को दी अनुग्रह सहायता राशि

## नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभागार में आयोजित हुआ स्थानीय कार्यक्रम

कटनी (स्वतंत्रमत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 30 अप्रैल अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर धार जिले से संबल योजना के तहत 27 हजार 523 श्रमिक परिवारों को सिंगल क्लिक के माध्यम से अनुग्रह सहायता राशि अंतरित की गई।

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभागार में आयोजित किया गया। महापौर प्रीति संजीव सूरी एमआईसी सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति में संबल योजना के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्र के 16 हितग्राहियों को 36 लाख रुपए की अनुग्रह राशि का चेक वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा निरंतर इस प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं जिससे कि नागरिकों को किसी भी परिस्थिति में परेशानी का सामना ना करना पड़े। इस दौरान उन्होंने मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलायी जा रही समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं हेतु मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को धन्यवाद प्रेषित किया। उक्त कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य बीना बैनर्जी, सुभाष शिब्बू साहू, गोविंद चावला, पार्षद शकुंतला सोनी, सीमा श्रीवास्तव, ईश्वर बहरानी, पूर्व पार्षद कमलेश चौधरी, उपायुक्त पी के अहिरवार, सहा यंत्री आदेश जैन, सहा सामुदायिक विकास संगठक सनद विश्वकर्मा, सुनील जार, गनेश बिचपुरिया, ओमप्रकाश सोनी सहित कर्मचारी एवं हितग्राहियों की उपस्थिति रही।



# आम आदमी पार्टी कटनी द्वारा मिठाई वितरण कर मनाया मजदूर दिवस

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** आपको विदित हो की 1 मई को आम आदमी पार्टी जिला कटनी द्वारा मजदूर दिवस पर गल्ला मंडी व बस स्टैंड मे कार्यरत श्रमिकों के मध्य पहुँचकर मिठाई वितरण कर मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी। व देश के विकास मे श्रमिकों के योगदान हेतु आभार व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर दवारा व्यक्त किया गया कि मजदूरों के बिना किसी भी देश के विकसित राष्ट्र बनने की कल्पना कोर कागज के समान है। देश की सुरक्षा मे जितना सहयोग सेना का है। उतना ही देश के नवनिर्माण मे मजदूरों का सहयोग है। कार्यक्रम के दोरान जिलाध्यक्ष एड. अनिल सिंह सेंगर, प्रकाश जैन, शिवप्रताप सिंह परमार, करण दहिया, काशी पटेल, प्यासी, अर्जुन कुशवाह, सूर्य प्रकाश पटेल आदि साथी उपस्थिति रहे।

# श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाई भगवान परशुरामजी की जयंती

## पूजन अर्चन माल्यार्पण कर विश्वशांति की प्रार्थना कर लगाया छप्पन भोग

कटनी (स्वतंत्रमत)।

अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज महिला मोर्चा कटनी ने भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी की जयंती बहुत ही श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाई। कार्यक्रम के प्रथम चरण में मुख्यातिथि वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मीरा भार्गव ने दीप प्रज्ज्वलन कर भगवान परशुरामजी के छाया चित्र का पूजन कर माल्यर्पण किया इसके पश्चात कटनी जिला अध्यक्ष राजुल मिश्रा एवं उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने क्रमश परशुरामजी का पूजन तिलक चंदन अक्षत से किया। इसके बाद लगाया छप्पन भोग और फिर रेणुका पुत्र जमदग्नि के लाल की सामूहिक आरती की गई। आरती पूजन के बाद कार्यक्रम की संचालिका शशी दुबे ने भगवान



परशुराम जी के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके विषय में बताया हमारे शास्त्रों के अनुसार 7 चिरंजीव है जो आज भी धरती पर अजर अमर हैं भगवान परशुराम जी भी चिरंजीव हैं और इस धरती पर आज भी जीवित विराजमान हैं। उन्होंने सत्रह बार इस धरती को अत्याचारी पापियों का संहार कर धरती को पाप के भार से मुक्त कराया। मीरा भार्गव ने अपने उद्बोधन में कहा, भगवान परशुराम जी इस धरती पर विराजमान हैं तो आइए हम सब उनका आवाहन कर उनसे विश्व शांति की प्रार्थना करते हैं। सामूहिक प्रार्थना करते हुए कहा हे भगवान पूरे विश्व की समस्त नकारात्मक शक्तियों का उन्मूलन कीजिये। नफरत द्वेष हिंसा आतंक की अग्नि को बुझाइए। फरसा उठा कर विश्व के समस्त आतंकियों का उनकी दुष्ट प्रवृत्तियों का नाश कीजिये। सम्पूर्ण विश्व में शांति और प्रेम की गंगाधारा प्रवाहित कीजिए।

मीरा भार्गव के मुख्यातिथ्य में आयोजित संयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राजुल मिश्रा ने की। सुंदर और व्यवस्थित संचालन शशी दुबे ने किया। इसके बाद छप्पन भोग का प्रसाद सभी ने ग्रहण किया। राजुल मिश्रा ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। विशेष उपस्थिति एगो सेविका अमिता श्रीवास, मीरा भार्गव, राजुल मिश्रा, ममता गर्ग, डॉ लक्ष्मी द्विवेदी, गायत्री त्रिवेदी, ज्योति पांडेय, ऋचा बाजपेई, शांति तिवारी, माया तिवारी, उर्मिला शर्मा, सुशीला शर्मा, रंजना गर्ग, शशी दुबे, लक्ष्मी दीक्षित की रही।



# वैदेही शक्ति सेवा समिति ने किया प्याऊ का शुभारंभ

कटनी (स्वतंत्रमत)।

अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में वैदेही शक्ति सेवा समिति ने गायत्री मंदिर के सामने प्याऊ खोला जिसमें गुड चना और रूहअफजा का वितरण किया। गर्मी में लोगों को पानी मिल पाए यही वैदेही की मनसा है, इसमें उन्हें अंजू अग्रवाल का भरपूर सहयोग मिला उन्हीं से फीता कटवा कर प्याऊ का शुभारंभ किया। रुआफ्जा आगे आम पाना और छांछ और भी शीतल पेय राहगीरों को पिलाए जायेंगे ग्रुप में सहयोगी सदस्य अंजू अग्रवाल शामिल सद्स्य निशा तिवारी, शशि यादव, रश्मि सरावगी, सीमा लहरिया, शशि साहू, सविता पुरवार रही। सभी के सहयोग से प्याऊ हमारा पूरी गर्मी चलेगा और जनता को शुद्ध शीतल पेय जल मिलता रहेगा।

# कटनी होकर चलेगी बांद्रा टर्मिनस-रीवा समर स्पेशल ट्रेन, यात्रियों को मिली सुविधा

कटनी (स्वतंत्रमत)।

गर्मियों में बढ़ती यात्री भीड़ को देखते हुए रेलवे ने बांद्रा टर्मिन से रीवा के बीच कटनी होकर अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन शुरू की है। यह ट्रेन मई में सप्ताह में एक बार दोनों दिशाओं में चलेगी और इटारसी, कटनी, सतना समेत कई स्टेशनों पर रुकेगी। कुल 22 कोच होंगे। गर्मियों की छुट्टियों के दौरान सामान्य श्रेणी के यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। जानकारी के मुताबिक गाड़ी संख्या 09029-09030 बांद्रा टर्मिनस बांद्रा टर्मिनस के मध्य पांच-पांच ट्रिप के लिए अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर



संचालित की जाएगी। यह ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के रीवा स्टेशन से प्रारंभ टर्मिनेट होगी और इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों पर ठहरेगी। इस ट्रेन में 20 सामान्य श्रेणी कोच, 1 जनरेटर कारए एवं 1 एसएलआरडी कोच सहित कुल 22 कोच रहेंगे। गाड़ी संख्या 09029 बांद्रा टर्मिनस से रीवा 1 मई से 29 मई तक प्रत्येक गुरुवार को बांद्रा टर्मिनस से सुबह 04:30 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन इटारसी रात 21:05, पिपरिया 22:18, नरसिंहपुर 23:10, मदनमहल 01:00 अगले दिन कटनी 02:40, मैहर 04:10, सतना 05:20 तथा रीवा सुबह 7 बजे पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 09030 रीवा से बांद्रा टर्मिनस 2 मई से 30 मई तक प्रत्येक शुक्रवार को रीवा से सुबह 11 बजे प्रस्थान करेगी। यह सतना 12:20, मैहर 12:45, कटनी 14:00, मदनमहल 16:05, नरसिंहपुर 17:05, पिपरिया 18:00, इटारसी 19:55 पर रुककर शनिवार सुबह 11:30 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, बोईसर, वापी, वलसाड, भेस्तान, चलथान, बारडोली, नंदुरबार, अमलनेर, धरणगांव, जलगांव, भुसावल, खंडवा स्टेशनों पर भी ठहरेगी।



# मई दिवस के अमर शहीदों को लाल सलाम

कटनी (स्वतंत्रमत)।

मजदूर संघ और आ फै कर्म यूनियन ने आयुध निर्माणी कटनी में मई दिवस के अवसर पर सैकड़ों कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण कर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया और ठेका श्रमिकों का सम्मान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ श्रमिक नेता सुरेश बड़गईयाँ, एम एल राजपूत और व्ही के बैनर्जी की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।

# राजस्थान महिला मंडल द्वारा विशेष कला कार्यशाला

कटनी (स्वतंत्रमत)।

राजस्थान महिला मंडल द्वारा 21 अप्रैल से 26 अप्रैल 2025 तक एक विशेष कला कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को पारंपरिक एवं आधुनिक कलाओं में दक्ष बनाना था। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को विभिन्न कलाओं जैसे बोहो आर्ट, क्ले आर्ट तथा मधुबनी आर्ट की बारीकियाँ सिखाई गईं। कार्यशाला में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा उनमें छिपी प्रतिभाओं को निखारना था। मंडल की अध्यक्षा हंसा अजय खण्डेलवाल ने बताया



कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। सरावगी एवं मीडिया प्रभारी श्रेहा खण्डेलवाल ने बताया की समाज में ऐसे कार्यक्रम होने से समाज सशक्त होता है और नई प्रतिभाओं को आगे आने का मोका मिलता है। इस कार्यक्रम में बच्चों में लक्ष्य, नायरा नताली, भूमि, सान्या, अनंत, वन्या, मायरा, प्रियम, अद्रित, प्रथम, अर्थ के साथ ही अन्य अनेको बच्चों ने सहभागिता ली साथ ही राजस्थानी महिला मंडल की मुख्य मार्गदर्शिकाएं एवं अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

# समर्थन मूल्य पर तुअर का विक्रय करने अब 15 मई तक पंजीयन करा सकेंगे किसान



कटनी (स्वतंत्रमत)।

राज्य शासन द्वारा किसानों की सुविधा के मद्देनजर समर्थन मूल्य पर तुअर विक्रय करने के लिये पंजीयन कराने की अवधि पंद्रह दिन और बढ़ा दी है। समर्थन मूल्य पर तुअर का विक्रय करने किसान अब 15 मई तक अपना पंजीयन करा सकेंगे। इसके पहले शासन द्वारा तुअर उपार्जन हेतु किसानों के पंजीयन की अवधि 20 अप्रैल से बढ़ाकर 30 अप्रैल की गई थी। समर्थन मूल्य पर तुअर के विक्रय हेतु जिले में तुअर की फसल लेने वाले किसानों से अधिक से अधिक संख्या में अपना पंजीयन कराने का आग्रह किया गया है, ताकि उन्हें उनकी उपज की अच्छी कीमत प्राप्त हो सके। राज्य शासन द्वारा रबी वर्ष 2024-25 में तुअर का समर्थन मूल्य 7 हजार 550 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जबकि जिले की मंडियों में तुअर का अधिकतम मूल्य 6 हजार 600 रुपए प्रति क्विंटल के करीब ही प्राप्त हो रहा है। समर्थन मूल्य पर तुअर फसल की दर बाजार में वर्तमान में प्रचलित प्रति क्विंटल दर से अधिक है। इसलिए किसान भाइयों को समर्थन मूल्य पर तुअर बेंचने पर अधिक फायदा है। किसान भाई सभी जरूरी दस्तावेज ले जाकर इन केंद्रों में जाकर 15 मई तक अपना पंजीयन करा सकेंगे।

# बाल विवाह रोकथाम के लिए जिला प्रशासन सजग और मुस्तैद

## बाल विवाह कराने, सहयोग देन वाले व्यक्ति, संस्था व संगठन को दो वर्ष तक कारावास और 1 लाख रूपये के जुर्माना या दोनों का है प्रावधान

कटनी (स्वतंत्रमत)।

जिले में अक्षय तृतीया पर्व एवं अन्य विवाह मुहूर्तों पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए एक सशक्त, समन्वित और बहुस्तरीय व्यापक कार्ययोजना बनाई गई है। इसके लिए विकासखंड स्तर पर संबंधित क्षेत्र के एसडीएम की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय बाल विवाह रोकथाम दल गठित किया गया है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बाल विवाह निगरानी समितियां और कोर ग्रुप बाल विवाह संबंधी गतिविधियों पर सख्त नजर रखें। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई है। समाज में इस कुप्रथा का स्वरूप बहुत ही भयावह है। कलेक्टर ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए समाज से भी आगे आने और जिला प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह की सूचना कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम नंबर 07622-220071 पर और पुलिस कंट्रोल रूम सहित संबंधित एसडीएम और महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों को



भी दी जा सकती है। कलेक्टर ने ताकीद किया कि प्रशासन बाल विवाह की रोकथाम के लिए सजग और मुस्तैद है।

बाल विवाह रोकथाम अधिनियम 2006 की धारा 9,10,11 एवं 13 के तहत बालविवाह कराने, सहयोग देने वाले व्यक्ति, व्यक्तियों, संस्था, सामाजिक संगठन के लिए दो वर्ष तक कारावास अथवा एक लाख रूपये का जुर्माना या दोनो का प्रावधान है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास नयन सिंह ने हलवाई, प्रेस करने वाले, कैटरर्स, धर्मगुरू, समाज के मुखिया, बैंड बाजा वाले, घोड़ी वाले और ट्रांसपोर्टर आदि से भी अनुरोध किया है कि वे बाल विवाह करने और कराने वालों को अपनी सेवायें कदापि प्रदान नहीं करें, अन्यथा वे भी बाल विवाह के सहयोगी माने जायेंगें और बाल विवाह रोकथाम अधिनियम के अंतर्गत विधि संगत धाराओं के तहत कार्यवाही के दायरे में आ जायेंगें।

### बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल

महिला बाल विकास मंत्रालय द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की गई है। इसके तहत बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल बनाया गया है। यह पोर्टल एक ऐसा अभिनव ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जो नागरिकों को बाल विवाह की घटनाओं की रिपोर्ट करने, शिकायत दर्ज करने और देशभर में बाल विवाह निषेध अधिकारियों के बारे में जानकारी प्रदान करने में सक्षम बनाता है। हेल्पलाइन नंबर 181, 1098, 100 और बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल पर भी सूचना या जानकारी दर्ज कराई जा सकती है।



# शिक्षा विभाग में कलेक्टर का आदेश प्रभावी नहीं

कटनी (स्वतंत्रमत)।

कलेक्टर कटनी द्वारा जिले के शिक्षकों सहित समस्त कर्मचारियों को प्रतिमाह माह की 1 तारीख को अनिवार्यत वेतन भुगतान किए जाने के स्पष्ट एवं सख्त आदेश जारी किए गए हैं। दुर्भाग्य का विषय है कि कलेक्टर का यह आदेश जिले के शिक्षा विभाग में प्रभावी नहीं हो सका है, शिक्षकों का वेतन आहरण संवितरण विकासखंड शिक्षा कार्यालय द्वारा होता है। शिक्षक कांग्रेस के प्रांत अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी ने पत्र के द्वारा कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया है कि संकुल केंद्रों द्वारा विकासखंड शिक्षा कार्यालय में उचित प्रक्रिया के तहत देयक प्रस्तुत नहीं किए जाने से समय पर वेतन भुगतान नहीं हो पाता है। साथ ही शिक्षकों के महंगाई भत्ते तथा क्रमोन्नति के अंतर की राशि का भुगतान भी लंबित है । संगठन द्वारा कलेक्टर से इस विषय में आवश्यक कार्रवाई किए जाने की अपेक्षा की गई है।

# गुजरात अपने घरेलू मैदान पर हैदराबाद से करेगी मुकाबला

**अहमदाबाद ।** आईपीएल में शुक्रवार को गुजरात टाइटंस अपने घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला करेगी। गुजरात का लक्ष्य अपने घरेलू मैदान पर जीत के साथ ही पिछले मैच में मिली हार से उबरकर प्लेऑफ की अपनी दावेदारी मजबूत करना रहेगा। पिछले मैच में 14 साल के वैभव सूर्यवंशी की तूफानी बल्लेबाजी के कारण उसे राजस्थान रॉयल्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। गुजरात की टीम का प्रदर्शन इस सत्र में अब तक काफी अच्छा रहा है, ऐसे में अब वह सनराइजर्स के खिलाफ मैच में जीत की प्रबल दावेदार है। दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद की टीम इस सत्र में बल्लेबाजी और गेंदबाजी हर क्षेत्र में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पायी है। ऐसे में उसे इस मैच में जीत के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। सनराइजर्स सनराइजर्स की राह इसलिए भी कठिन नजर आती है क्योंकि उसकी ताकत बल्लेबाजी है जिसमें ही वह अब तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी है। वहीं गुजरात ने अब तक अच्छी बल्लेजी और गेंदबाजी की है। उसके पास शुभमन गिर और साई सुदर्शन जैसे



बल्लेबाज हैं। सुदर्शन ने इस सत्र में अब तक सबसे अधिक रन बनाये हैं।

गुजरात टीम नौ मैचों में छह जीत के साथ 12 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। उसे बाकी पांच मैचों में से सिर्फ दो जीतने होंगे जिससे की प्लेआफ में पहुंचने के लिए उसे 16 अंक मिल जायें। गुजरात के सुदर्शन ने अब तक पांच अर्धशतक समेत 456 रन बनाये हैं। वहीं शुभमन ने 389 और जोस बटलर ने 406 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में गुजरात के पास प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और ईशांत शर्मा जैसे तेज गेंदबाज हैं। कृष्णा ने इस स्त्रत में अब तक सबसे अधिक विकेट लिए हैं और उनका सामना करना सनराइजर्स के लिए आसान नहीं रहेगा।

उसके पास स्पिनर के तौर पर राशिद खान और वॉशिंगटन सुंदर जैसे गेंदबाज हैं जबकि सनराइजर्स अब तक नौ में से सिर्फ तीन मैच जीतकर तालिका में नौवे स्थान पर है। एक और हार से वह प्लेआफ से बाहर होगी। सनराइजर्स के लिए अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है पर इनमें निरंतरता की कमी रही है। शीर्षक्रम के विफल होने से मध्यक्रम पर दबाव बना है जिससे हेनरिक क्लासेन, नीतिश कुमार रेड्डी और ईशान किशन रन नहीं बना पा रहे। पिछले दो मैचों में अभिषेक दो अंक तक भी नहीं पहुंच सके जबकि हेड ने 8 पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक लगाया है। गेंदबाजी की बात करें तो कप्तान पैट कमिंस और मोहम्मद शमी जैसे अनुभवी तेज गेंदबाज भी विफल रहे हैं। अब तक केवल पे हर्षल पटेल ने ही प्रभावित किया है। कुल मिलाकर देखा जाये तो इस मैच में गुजरात का पलड़ा भारी नजर आता है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायदे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, स्मरण रविचंद्रन, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), ट्रैविस हेड, हर्षल पटेल, कामिंडु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), बी साई सुदर्शन, शाहरुख खान, शेरफेन रदरफोर्ड, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कैगिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, अनुज रावत, महिपाल लोमरोर, अरशद खान, जयंत यादव, निशांत सिंधु, कुलवंत खेजरोलिया, गेराल्ड कोएट्जी, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, गुरनूर बराड़ और करीम जनत।

# चोटिल विग्नेश पुथुर आईपीएल से हुए बाहर

### मुम्बई ने रघु शर्मा को किया अनुबंधित

**मुम्बई (वार्ता)** मुंबई इंडियंस (एमआई) के बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज विग्नेश पुथुर दोनों पिंडलियों में खिंचाव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से बाहर हो गए हैं। फ्रैंचाइजी ने उनकी जगह अनकैप्ड लेग स्पिनर रघु शर्मा को अनुबंधित किया है। फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा, विग्नेश मुंबई इंडियंस चिकित्सा और एस एंड सी टीम के साथ अपनी रिकवरी और स्वास्थ लाभ पर ध्यान केंद्रित करने के लिए टीम के साथ बने रहेंगे। पुथुर ने इस आईपीएल के इस सत्र की शुरुआत



में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएके) के खिलाफ तीन विकेट लेकर यादगार शुरुआत की थी। उन्होंने कुल पाँच मैचों में 9.08 की इकॉनमी रेट से छह विकेट लिए। 32 वर्षीय रघु मुंबई इंडियंस के नेट गेंदबाज का हिस्सा थे और 30 लाख रुपये के अपने बेस प्राइस पर उन्हें मुख्य टीम में शामिल किया गया। उन्होंने पिछले कुछ वर्षो में घरेलू क्रिकेट में पंजाब और पुडुचेरी का प्रतिनिधित्व किया है। 11 प्रथम श्रेणी मैचों में उन्होंने 19.59 की औसत से 57 विकेट लिए हैं। उन्होंने नौ लिस्ट ए खेलों में 14 विकेट और तीन टी-20 मैचों में तीन विकेट लिए हैं।

### लेडी श्री राम कॉलेज और किरोड़ी मल बने पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल चैंपियन

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** लेडी श्री राम कॉलेज और किरोड़ी मल कॉलेज चौथी पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल प्रतियोगिता में क्रम महिला और पुरुष वर्ग में चैंपियन बने। महिला वर्ग के फाइनल में लेडी श्री राम कॉलेज ने रामजस कॉलेज को 49-31 से हराकर यह प्रतियोगिता जीती और मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर का अवॉर्ड लेडी श्रीराम कॉलेज की विपासना को मिला। पुरुष वर्ग के फाइनल मैच में किरोड़ी मल कॉलेज ने श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज को 83 -75 से हराकर यह खिताब जीता। किरोड़ी मल कॉलेज के दक्ष चौधरी को मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड मिला। मुख्य अतिथि हॉकी इंडिया की निदेशक मिस रणजीत गिल और उनके साथ गेस्ट ऑफ आनर भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी हरजीत सिंह पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के संयुक्त सचिव गौतम वढेरा और मेजबान खालसा कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर गुरमोहिंदर सिंह थे। इनके साथ खालसा कॉलेज की डायरेक्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स, डॉ इंदरप्रीत कौर नंदा ने खिलाडियों को पुरस्कार प्रदान किये।



### यूईएफए चैंपियंस लीग में बार्सिलोना और इंटर के बीच मैच रहा ड्रा

मैड्रिड, (वार्ता)। यूईएफए चैंपियंस लीग सेमीफाइनल के पहले चरण में एफसी बार्सिलोना और इंटर मिलान के बीच खेला गया रोमांचक मुकाबला 3-3 से ड्रा रहा। मोंटजुइक के ओलंपिक स्टेडियम में बार्सिलोना ने बुधवार को चैंपियंस लीग सेमीफाइनल के पहले चरण में इंटर मिलान के खिलाफ घरेलू मैदान पर पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मैच को 3-3 से बराबरी पर समाप्त किया। इंटर मिलान ने मैच की धमाकेदार शुरुआत की और पहले ही मिनट में उसकी टीम के मार्कस थुरम के शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद 21वें मिनट में डेनजेल डमफ्रीज ने गोल कर अपनी टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। इंटर के दूसरे गोल के तीन मिनट बाद लेमिन यामल ने बार्सिलोना के लिए एक शानदार गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। फेरान टोरेस ने 38वें मिनट में अपना पहला गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। बार्सिलोना के दबदबे के बावजूद, इंटर के लिए डमफ्रीज ने 64वें मिनट में गोलकर एकबार फिर से बढ़त हासिल कर ली, मेजबान टीम के राफिन्हा का जोरदार शॉट गोल पोस्ट से टकराया और फुटबॉल इंटर के गोलकीपर यान सोमर के पीछे से उछलकर गोलबॉक्स में घुस गयी और स्कोर 3-3 से बराबरी पर आ गया।

### श्रेयस अय्यर पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना

**चेन्नई, (वार्ता)।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के मैच 49 के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल का यह मुकाबला बुधवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम



स्टेडियम में खेला गया था। आईपीएल आचार संहिता के अनुसार यह अपराध अनुच्छेद 2.22 के अंतर्गत आता है, जो न्यूनतम ओवर-रेट मानकों के उल्लंघन से संबंधित है। पंजाब किंग्स का इस सत्र का यह पहला अपराध है इसलिए अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की आचार संहिता यह सुनिश्चित करती है कि टीमें निर्धारित समय के भीतर खेले। निर्धारित ओवर-रेट के किसी भी उल्लंघन के लिए कप्तान पर जुर्माना लगाया जाता है और बार-बार उल्लंघन के मामले सामने आने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है।

### लॉर्ड्स करेगा महिला टी-20 विश्वकप 2026 के फाइनल की मेजबानी

**दुबई (वार्ता)।** लंदन का लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप 2026 के फाइनल की मेजबानी करेगा। आईसीसी ने गुरुवार को 24 दिनों तक 12 टीमों के बीच होने वाले 33 मैचों के इस टूर्नामेंट के लिए लॉर्ड्स सहित सात स्थलों ओल्ड ट्रैफर्ड, हेडिंग्ले, एजबेस्टन, हैम्पशायर बाउल, द ओवल और ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड के नामों की पुष्टि की। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला पांच जुलाई 2026 को खेला जायेगा। इस अवसर पर आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने कहा, च्यूनाइटेड किंगडम की समृद्ध विविधता ने हमेशा सभी टीमों के लिए भावुक समर्थन दिखाया है, जिसे हमने पिछले आयोजनों में यादगार रूप से देखा है। 2017 में लॉर्ड्स में महिला क्रिकेट विश्वकप का फाइनल महिलाओं के खेल के उत्थान में एक मील का पत्थर बना हुआ है और मैं फाइनल के लिए इससे अधिक उपयुक्त मंच के बारे में नहीं सोच सकता। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी रिचर्ड गोल्ड ने कहा, यह घोषणा करना निश्चित रूप से बेहद खास है कि फाइनल लॉर्ड्स




में खेला जायेगा। यह विश्व क्रिकेट के बेहतरीन स्थलों में से एक है और हर क्रिकेटर लॉर्ड्स में विश्वकप फाइनल जैसे अवसरों का हिस्सा बनने का सपना देखता है। 2026 के आयोजन में आठ टीमें ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज, पाकिस्तान और श्रीलंका पहले से ही टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की कर चुकी हैं। अंतिम चार प्रतिभागियों का फैसला अगले साल क्वालीफायर के जरिए होगा।

## तेल में नरमी, दलहन- दाल सस्ती, चावल सामान्य



**इंदौर (वार्ता)।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में उठाव रहा इससे भाव बने रहे। खाद्य तेलों में कमी हुई। आज सोयाबीन रिफाइंड सस्ता बिका। तिलहन में लिवाली रही। दलहन तथा दाल में मांग कमी से नरमी रही। चावल में लिवाली बढ़ी बताई गई सियागंज किराना बाजार में शक्कर में मांग से तेजी हुई। आज शक्कर में चार गाड़ी की आवक हुई। खोपरा बूरा दिसावर के साथ बना रहा। खोपरा गोला तथा हल्दी में खरीदी रही। खाद्य तेलों में खरीदी कमी से गिरावट दर्ज की गई। आज सोयाबीन रिफाइंड सस्ता बिका। तिलहन में उठाव बना बताया गया। संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन जिन्सों में मांग सुस्ती से चना, तुअर तथा मूंग आवक दबाव से सस्ती बिकी। मोगर में पूछपरख साधारण रही। चावल में मजबूती रही।शक्कर 4200 से 4240 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 190 से 240 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 4000 से 6000 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 180 से 270 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 4800 से 5000, पैकिंग में 5400 से 5500 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों निमाड़ी 6200 से 6300 सोयाबीन 4300 से 4350 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल इंदौर 1310 से 1330, सोयाबीन रिफाइंड 1220 से 1225, साल्वेंट 1155 से 1160, पाम तेल 1295 से 1300 रुपये प्रति 10 किलो।चना कांटा 6000 से 6050, चना विशाल 5700 से 5800, मसूर 6150 से 6200, तुअर निमाड़ी 6400 से 6800, तुअर (महाराष्ट्र सफेद) 6800 से 6900, तुअर, (महाराष्ट्र लाल) 7000 से 7100, तुअर (कर्नाटक) 7000 से 7200, मूंग 7750 से 7800, मूंग हल्की 7000 से 7500, उड़द 8000 से 8200, हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल। चना दाल 7200 से 8000, तुअर दाल सवा नंबर 9200 से 9400, तुअर दाल फूल 9600 से 9700, तुअर दाल बोल्ड 10600 से 11100, आयातित तुअर दाल 8000 से 8100, मसूर दाल 7600 से 7900, मूंग दाल 8600 से 9200, मूंग मोगर 9600 से 10000, उड़द दाल 8900 से 9300, उड़द मोगर 9900 से 10300 रुपये प्रति क्विंटल। बासमती 10500 से 11500, तिबार 9000 से 10000, दुबार 8000 से 8500, मिनी दुबार 7000 से 7500, मोगरा 4000 से 6500, बासमती सैला 6500 से 9000, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7000, दूबराज 4000 से 4500, परमल 3400 से 3500, हंसा सैला 3500 से 3700, हंसा सफेद 2900 से 3100, पोहा 4500 से 5100 रुपये प्रति क्विंटल। रवा 1700, मैदा 1650, आटा 1650, दलिया 1700, चना बेसन 3950 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।



### महाराष्ट्र दिवस के चलते 1 मई को बंद रहा शेयर मार्केट

**नई दिल्ली ।** सप्ताह के चौथे दिन गुरुवार यानी 1 मई को भारतीय शेयर बाजार बंद रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) की आधिकारिक छुट्टियों की सूची के मुताबिक गुरुवार को इक्विटी, इक्विटी डेरिवेटिव्स, करेंसी डेरिवेटिव्स और सिक्योरिटीज लेंडिंग एंड बॉरोइंग (एसएलबी) सेगमेंट में कोई ट्रेडिंग नहीं की जाएगी। शेयर बाजार 1 मई को महाराष्ट्र दिवस के उपलक्ष्य पर बंद रहा। इस दिन पूरे राज्य में समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम और परेड आयोजित होते हैं, खासकर मुंबई में जो भारत की वित्तीय राजधानी भी है। बता दें 1 मई को मजदूर दिवस भी मनाया जाता है। यह भी सार्वजनिक अवकाश की तारीख है। एक दिन के अवकाश के बाद शुक्रवार 2 मई को ट्रेडिंग होगी। इसके बाद 3 और 4 मई को साप्ताहिक अवकाश की वजह से बाजार बंद रहेगा। 5 मई सोमवार का दिन है और इस दिन से पूरे हफ्ते सामान्य कारोबार होगा।

## महिला उद्यमी अपने कौशल को निखारकर व्यवसाय बढ़ाने के लिए उत्सुक

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** भारत के टियर 2, 3 और छोटे शहरों की महिला उद्यमियों में एक नई ऊर्जा और महत्वाकांक्षा दिखाई दे रही है। वे न केवल डिजिटल रूप से जागरूक हैं, बल्कि अपने व्यवसाय को विस्तार देने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। लेकिन वित्तीय संसाधनों, कारोबारी नेटवर्क और सार्वजनिक पहचान की कमी उनके रास्ते में अब भी बड़ी रुकावट बनी हुई है। टाइड द्वारा जारी भारत वुमन एस्पिरेशन इंडेक्स 2025 के अनुसार, 70 प्रतिशत महिला उद्यमी वित्तीय, विपणन और डिजिटल कौशल को बेहतर बनाकर अपने व्यवसाय को आगे ले जाना चाहती हैं। महिलाएं अब आत्मनिर्भरता की दिशा में गंभीरता से कदम उठा रही हैं। हालांकि, इन आकांक्षाओं के बावजूद, चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 86 प्रतिशत महिलाएं किसी व्यावसायिक नेटवर्क से जुड़ी नहीं हैं, जिससे उन्हें मार्गदर्शन और सहयोग की बहुत सीमित पहुँच मिलती है। वहीं, 52 प्रतिशत महिलाओं को अब भी ऋण प्राप्त करने के लिए परिवार के पुरुष सदस्य की मदद लेनी पड़ती है। 49 प्रतिशत महिलाओं को यह भी लगता है कि उन्हें सार्वजनिक मंचों और मीडिया में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलता। टाइड ने गैर-मेट्रो शहरों में 1,300 से अधिक नई और मौजूदा महिला व्यवसाय मालिकों का सर्वे किया। इनकी उम्र 18 से 55 साल के बीच थी। इस अध्ययन में भारत के टियर 2, 3 और



उससे छोटे शहरों की महिला उद्यमियों की आकांक्षाओं और चुनौतियों को समझने की कोशिश की गई है, ताकि उनके सामने आने वाले अवसरों और चुनौतियों के बारे में पता लगा सकें। रिपोर्ट के अनुसार 52 प्रतिशत महिलाएं रिटेल, ई-कॉमर्स, एडटेक जैसे डिजिटल रूप से घरेलू क्षेत्रों में काम करती हैं। केवल 12 प्रतिशत यानी हर 10 में से 1 से थोड़ा अधिक ने डिजिटल कौशल को प्रमुख प्राथमिकता माना जो उद्योग की जरूरतों और आत्मधारणा के बीच असंगति को दर्शाता है। 54 प्रतिशत महिलाओं को लगता है कि वित्तीय संस्थान उन्हें कम विश्वसनीय मानते हैं। 90 प्रतिशत व्यवसायों को जेन ज़ी और मिलेनियल उद्यमी चला रही हैं, जिनमें 83 प्रतिशत टियर 2 और उससे छोटे शहरों से हैं। इससे यह पता चलता है कि छोटे भारतीय शहरों से अधिक महिला उद्यमी सामने आ रही हैं।

## अप्रैल में कोयला उत्पादन में 3.63 प्रतिशत की वृद्धि



**नयी दिल्ली (वार्ता)** भारत के कोयला उत्पादन अप्रैल 2025 में पिछले वर्ष की इसी माह की तुलना में 3.63 प्रतिशत ऊंचा रहा। कोयला मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल में कोयल उत्पादन करीब 8.16 करोड़ टन (अनंतिम) रहा जबकि पिछले वर्ष इस माह उत्पादन 7.87 करोड़ टन था। इस बार अप्रैल में कैप्टिव/अन्य संस्थाओं की खदानों से उत्पादन उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 1.45 करोड़ टन (अनंतिम) रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में करीब 1.15 करोड़ टन था। अप्रैल में कोयले का डिस्पैच 8.66 करोड़ टन रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष इसी माह 8.51 करोड़ टन था।विज्ञप्ति में कहा गया है कि 30 अप्रैल को कोयला कंपनियों के पास कोयले का संरक्षित कोयला भंडार उल्लेखनीय बढ़ोतरी के साथ 12.58 के करीब था जो कि पिछले साल इसी तिथि पर 10.24 करोड़ टन था। इस दौरान सिर्फ कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के पास कुल कोयला स्टॉक 10.5 करोड़ टन था, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 8.66 करोड़ टन से 22.10 प्रतशत ज्यादा है।

# टूट गया रिकॉर्ड...भर गया खजाना

### अप्रैल में अब तक का सबसे ज्यादा 2.37 लाख करोड़ जीएसटी कलेक्शन

**नई दिल्ली।** नए महीने की शुरुआत के साथ ही देश के लिए अच्छी खबर आई है. अप्रैल महीने के दौरान जीएसटी में शानदार बढ़ोतरी हुई है. इस बढ़ोतरी के साथ जीएसटी कलेक्शन रिकॉर्ड हाई लेवल पर पहुंच गया है. सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में वस्तु एवं सेवा कर कलेक्शन साल-दर-साल 12.6 प्रतिशत बढ़कर 2.37 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड हाई लेवल पर पहुंच गया।इससे पहले सबसे ज्यादा जीएसटी कलेक्शन अप्रैल 2024 में हुआ था, जो 2.10 लाख करोड़ रुपये था। हालांकि अब ये रिकॉर्ड भी टूट चुका है। मार्च 2025 में यह कलेक्शन 1.96 लाख करोड़ रुपये था। घरेलू लेनदेन से जीएसटी राजस्व 10.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयातित वस्तुओं से राजस्व 20.8 प्रतिशत बढ़कर 46,913 करोड़ रुपये हो गया है।

**जनवरी से मार्च तक कितना रहा जीएसटी कलेक्शन:-** सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में यह कलेक्शन 1.96 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 9.9 प्रतिशत की ग्रोथ है। फरवरी में जीएसटी कलेक्शन




1.83 लाख करोड़ रुपये रहा, जो साल-दर-साल 9.1 प्रतिशत की ग्रोथ रही। वहीं जनवरी में भी 1.96 लाख करोड़ रुपये जीएसटी कलेक्शन रहा, जो 12.3 प्रतिशत की ग्रोथ को दिखाता है। जीएसटी कलेक्शन में हर महीने बढ़ोतरी की बड़ी वजह देश में घरेलू मांग की बढ़ोतरी रही है।

**इन जगहों पर ज्यादा हुआ जीएसटी कलेक्शन:-**लक्षद्वीप में जीएसटी कलेक्शन में 287 प्रतिशत की ग्रोथ हुई है. राज्यों में, अरुणाचल प्रदेश ने 66 प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज की है, जबकि मेघालय और नागालैंड में क्रमश 50 प्रतिशत और 42 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हरियाणा, बिहार और गुजरात जैसे बड़े राज्यों ने भी दोहरे अंकों की ग्रोथ दर्ज की है। इसके विपरीत, आंध्र प्रदेश, त्रिपुरा और मिजोरम में गिरावट देखी गई, जिसमें मिजोरम में 28 प्रतिशत की सबसे बड़ी गिरावट देखी गई।

# सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता का हैं सशक्त माध्यम : डॉ. मोहन यादव

## मुख्यमंत्री सहित अन्य जन-प्रतिनिधियों ने नवदंपतियों को दी शुभकामनाएं, आशीर्वाद और बधाई

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारे सनातन धर्म में सभी की सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की गई है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता का सशक्त माध्यम है। विवाह में सिर्फ वर-वधु का विवाह नहीं, बल्कि दो परिवारों और कुटुम्बों का मिलन भी होता है। उन्होंने कहा कि हर माता-पिता का यह सपना होता है कि उसकी बेटी का, उन्होंने जितने अच्छे से लालन-पालन किया उससे अच्छा लालन-पालन और प्यार उसे ससुराल में मिलेगा। इस विश्वास के साथ ही बेटी के माता-पिता उसे वर को सौंपते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सागर जिले के गढ़ाकोटा में 23वें वृहद सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस समारोह में 3 हजार 219 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। समारोह में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, मंत्री लखन पटैल, सांसद सागर संसदीय क्षेत्र लता वानखेडे, दमोह सांसद राहुल सिंह, पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव, पूर्व मंत्री एवं विधायक जयंत मलैया, विधायक प्रदीप लारिया, विधायक ब्रज बिहारी पटैरिया, पूर्व विधायक पारुल साहू, पूर्व मंत्री रामकृष्ण कुसमरिया, पूर्व मंत्री ललिता यादव, श्रीश्री 108 श्री



किशोरदास जी महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत, नगर निगम अध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, जिला अध्यक्ष रानी पटैल, अभिषेक दीपू भार्गव, डॉ. अनिल तिवारी, शैलेश केसरवानी ने भी नव दंपत्तियों को वैवाहिक जीवन के शुभारंभ पर आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं।

**निकाह के साथ पुनर्विवाह भी हो रहे** -:मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुझे विश्वास है कि वर पक्ष के परिवार बहु को बेटी के समान ही प्यार और सम्मान देंगे। उन्होंने कहा कि गढ़ाकोटा में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में निकाह के साथ पुनर्विवाह भी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल्याणियों का पुनर्विवाह एक अच्छी पहल है। यह पवित्र कार्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जन-प्रतिनिधियों और समाजसेवियों से अपील करते हुए कहा कि वे कल्याणियों के पुनर्विवाह में उनका सहयोग करे।

**अंतर्जातीय विवाह को प्रोत्साहित कर रही है**-:मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार कल्याणियों के पुनर्विवाह, नि:शक्तजन के विवाह और सामाजिक समरसता स्थापित करने, अंतर्जातीय विवाह को प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि बुन्देलखंड वीरों की भूमि है, बुन्देलखंड के वीरों का गौरवशाली इतिहास रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुन्देलखंड की पवित्र भूमि में सामूहिक कन्या विवाह के भव्य समारोह के लिए आयोजकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

**कन्यादान करने से मोक्ष प्राप्त होता है: भार्गव**-:रहली विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री भार्गव ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कन्यादान महादान है, कन्यादान करने से मोक्ष प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि 23 वर्ष पहले प्रारंभ किया गया यह कार्यक्रम जीवन के अंतिम क्षण तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि उनका रहली की जनता के साथ पीढ़ियों का रिश्ता है। विधायक श्री भार्गव ने कहा कि धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक महाकुंभ में आज 3 हजार 219 से अधिक नवदंपत्तियों ने सात फेरे लिए हैं। मुझे अब तक 28 हजार से अधिक बेटियों के कन्यादान का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि मेरे जीवन की अंतिम सांस तक बेटियों का कन्यादान करने का सिलसिला चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि कन्यादान विवाह समारोह समाज से भेदभाव मिटाने का कार्य भी कर रहा है। विधायक श्री भार्गव ने कहा कि मैंने अपने इकलौते बेटे अभिषेक दीपू भार्गव का विवाह भी इसी महाकुंभ में सभी वर्गों एवं विभिन्न जातियों के जोड़ों के साथ कराया था। इसी प्रकार मैंने अपनी बेटी का विवाह भी सामूहिक विवाह समारोह में किया था। उन्होंने कहा कि सौभाग्य की बात है कि समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मिलित होकर नव दंपत्तियों को आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी नव दंपत्तियों के लिये शुभकामना संदेश भेजा है।

**बुंदेली व्यंजनों से किया गया नव दंपत्तियों का स्वागत:**23वें कन्यादान विवाह निकाह समारोह में 3 हजार से अधिक नव-दंपत्तियों के साथ घराती-बरातियों का बुंदेली व्यंजनों के साथ स्वागत किया गया। कन्यादान कार्यक्रम में सभी बुंदेली व्यंजनों के साथ आम का पना, फरूटी, आइसक्रीम, कढ़ी-चावल, बिजोरा, रोटी, खीर, पुरी, पापड़, चटनी, अचार, सलाद सहित अन्य बुंदेली व्यंजन परोसे गए।



# शीतल पेयजल के लिए विद्यार्थी परिषद ने जल मंदिर का किया शुभारंभ

दमोह। आखिल भारतीय विद्यार्थी नगर इकाई हटा द्वारा राघवेंद्र सिंह हजारी शासकीय महाविद्यालय हटा में सेवार्थ विद्यार्थी गतिविधि के माध्यम से शीतल पेय जल के लिए जल मंदिर का शुभारंभ किया गया ताकि राहगीरों और विद्यार्थियों को ठंडा पानी उपलब्ध हो सके। जिसका उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पीके ढाका द्वारा किया गया। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने बांस की लकड़ी एवं घांसफूस एकत्रित करके अथक परिश्रम से इस मंदिर का निर्माण कर प्रकृति संरक्षण का भी संदेश दिया। भाग संयोजक अजीत विश्वकर्मा ने बताया कि हर वर्ष परिषद के द्वारा प्रकृति संरक्षण के लिए विभिन्न गतिविधियां हम लोग करते हैं जैसे सकोरा अभियानए नदी घाट एवं मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान, बरसात के समय पौधारोपण ताकि हमारे आसपास का परिवेश स्वच्छ एवं हरा भरा बना रहे। जल मंदिर उद्घाटन के दौरान हिंदी विभाग प्राध्यापिका आशा राठौरए डॉ राहुल राहुल चौधरी, डॉ विनय वर्मा एवं अन्य महाविद्यालय स्टाफएवं विद्यार्थी परिषद के हटा पटेरा भाग संयोजक अजीत विश्वकर्मा, नगर मंत्री निखिल रजक, नगर महाविद्यालय अध्यक्ष अखिलेश पटेल, मयंक राय, शांतनु खटीक, गजेन्द्र रजक रितिक डिम्हा एवं विद्यार्थी परिषद के अन्य सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## बाल विवाह की सूचना पर रुसल्ली पहुंचे अधिकारी



**हटा।** हटा थाना क्षेत्र के रुसल्ली गांव में बाल विवाह की सूचना पर नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार, परियोजना अधिकारी शिव राय हटा थाना पुलिस के साथ देर रात रुसल्ली गांव मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाइस देकर विवाह रुकवाया। प्रशासन को यहां एक किशोर की 21 वर्ष के पूर्व ही विवाह होने की सूचना मिली थी जिस पर अधिकारियों ने बाल विवाह के दुष्परिणाम बताते हुए बार पक्ष को 21 वर्ष की उम्र से पहले विवाह नहीं करने की सलाह दी। अधिकारियों की समझाइस पर वरपक्ष विवाह नहीं करने को राजी हुआ

## ग्राम पंचायत की मतदाता सूची का अद्यतीकरण 6 मई तक चलेगा

**दमोह।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतो के रिक्तन पदों हेतु फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण के संदर्भ में जारी किए गए। निर्देशों के परिपालन में जनपद पंचायत हटा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों के प्राधिकृत अधिकारी अपनी-अपनी ग्राम पंचायत भवन



में उपस्थित रहकर 6 मई तक आवेदन लेंगे। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राकेश सिंह मरकाम ने बताया सभी संबंधित प्राधिकृत अधिकारी प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक उपस्थित रहकर मतदाताओं से परिवर्धनए निरसन एवं संशोधन फार्म प्राप्त करेंगे। उक्त कार्य में ग्राम पंचायत के सचिव एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संबंधित प्राधिकृत अधिकारियों का सहयोग करेंगे। जो भी मतदाता अपनी ग्राम पंचायत की मतदाता सूची में नाम जुड़वाना चाहते हैं संबंधित प्राधिकृत अधिकारियों को निर्धारित आवेदन प्रस्तुत कर नाम जुड़वा सकते हैं।

# जनजातीय क्षेत्रों में घर घर तक पहुँची 66 मोबाईल मेडिकल यूनिट : डॉ. विजय शाह

**भोपाल।** जनजाति कार्य मंत्री डा. विजय शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के अंतर्गत पीएम जनमन योजना में प्रदेश के कमजोर जनजातीय समूहों के सामाजिक, आर्थिक विकास के साथ ही जनजाति वर्ग के हितग्राहयों के स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान देते हुए जनजातीय क्षेत्रों में ऐसी बसाहट वाले क्षेत्र जहाँ 5 कि. मी.के दायरे में कोई भी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र उपलब्ध नहीं है, में मोबाईल स्वास्थ्य वैन यूनिट के माध्यम से जन-जन तक स्वास्थ्य सेवायें पहुँचाई जा रही हैं। जनजाति कार्य विभाग केन्द्र सरकार द्वारा राज्यों में जनजाति वर्ग के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार की ओर से नोडल विभाग के रूप में कार्य कर रहा है। डा0 विजय शाह ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास यह है कि केन्द्र सरकार द्वारा पोषित इस योजना का लाभ प्रदेश के जनजाति वर्ग के अंतिम पंक्ति के अंतिम हितग्राही को मिल सके।प्रदेश की जनता को डबल इंजिन सरकार का भरपूर लाभ मिल सके। प्रदेश के 21 पीवीटीजी जिलों के 87 ब्लाकों में शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र की अनुलब्धता वाले 1645 चिन्हित क्षेत्र में 66 मोबाईल मेडिकल यूनिट इस समय संचालित हैं। इसमे सर्वाधिक शिवपुरी जिले में 245 चिन्हित क्षेत्रों में10 मोबाईल मेडिकल यूनिट संचालित है। दूसरे नंबर पर 172 अनुलब्धता के साथ विदिशा में 5 मोबाईल मेडिकल यूनिट संचालित है।न्यूनतम अनुलब्धता वाले क्षेत्र में 01 स्थान के साथ भिण्ड एवं 02 स्थानों के साथ मैहर दूसरे स्थान पर है।इन दोनों स्थानों में से भिण्ड में 00 और मैहर में 01 एमएम यूनिट संचालित है। जनजाति कार्य मंत्री डा0 विजय शाह ने बताया कि विगत 3 वर्षो में इस योजना पर 5031.18 लाख की राशि का उपयोग किया जा चुका है। कुल 87 ब्लाकों में 77 हजार 413 पीवीटीसी हितग्राहियों के साथ दो लाख से अधिक मरीज लाभान्वित हो चुके हैं।

## अनियंत्रित होकर पलटी बोलेरो कार चार घायल

**हटा।** पटेरा मार्ग पर राजा बंदी के पास बोलेरो कार अनियंत्रित होकर पलट जाने से चार लोग घायल हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर 3 बजे बोलेरो कर जो की पटेरा ब्लॉक के कुटरी गांव से सरपंच रामकुमार मिश्रा की बेटी को लेने सिमरी गांव जा रही थी कि राजाबंदी के पास अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें सवार गोलू पिता राजेश मिश्रा, डब्बू पिता मूलचंद सेन, शिबू पिता सुखदेव पाठक, निक्की पिता रामकुमार मिश्रा घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए सिविल अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार उपरांत घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।



## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बीडी शर्मा अल्प प्रवास पर पहुंचे दमोह



**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा अल्प प्रवास पर दमोह पहुंचे। जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा का अल्प प्रवास पर दमोह आगमन हुआ। जहां जिला भाजपाध्यक्ष श्याम शिवहरे के मार्गदर्शन में सागर नाका टोल पर भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का पुष्प हार पहनाकर, ढोल नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष राजगढ़ी हिंडोरिया के लिए रवाना हो गए जहां उन्होंने दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी एवं पूर्व विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी के घर वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए एवं उन्होंने राजगढ़ी हिंडोरिया में स्थित 1857 की क्रांति के अंग्रेजों द्वारा दागे हुए तोप के गोलो के निशान का अवलोकन किया। इसके उपरांत प्रदेश अध्यक्ष पन्ना जिले के लिए रवाना हुए। प्रदेश अध्यक्ष के दमोह आगमन पर पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधीए दमोह सांसद राहुल सिंहए पूर्व विधायक प्रधुम्न लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता पटेल एवं गौरव पटेल उपाध्यक्ष रमन खत्री, संजय सेन, अमित बजाज सुरेश पटेल, रिंकू गोस्वामी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रिंस जैन, भरत यादव, पवन तिवारी, ब्रज गर्ग, नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, ब्रजेश लोधी, सुनील यादव, लालू जैन, मनीष तिवारी, श्याम दुबे, दीपक मिश्रा, महेंद्र राठौर, राकेश लोधी, राजुल चौरहा सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### हितलाभ वितरण कार्यक्रम संपन्न

**दमोह।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल 2.0 योजना अनुग्रह सहायता हितग्राहियों को हितलाभ वितरण कार्यक्रम 30 अप्रैल को उमरबन जिला धार में सिंगल क्लिक किया गया है। जिसमें मध्यप्रदेश के 27523 हितग्राहियों को 600 करोड़ की राशि डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में अंतरण किया गया। दमोह जिले के 538 हितग्राहियों को 11 करोड़ 58 लाख की राशि का भुगतान किया गया है तथा जिले की समस्त निकायों में उक्त कार्यक्रम लाईव प्रसारण किया गया।

# नावघाट स्कूल से हुई सेवानिवृत्त शिक्षक की विदाई

**हटा।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला नावघाट में पदस्थ शिक्षक विजय आदर्श का विदाई समारोह शाला परिवार द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती वंदना से किया गया। कार्यक्रम के दौरान आदर्श जी से जुड़े हुए लोगों ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में जीवन के कई अनछुए पहलुओं से सभी को परिचित कराया। अन्य वक्ताओं के अलावा उनकी बेटी ने भी अपने पिता के पारिवारिक दायित्वो और विद्यालयीन कर्तव्यों के बीच कुशलता से समन्वय स्थापित करने के संस्मरण सुनाए। उनके शिष्य केशवेन्द्र नामदेव ने उनसे जुड़े कई रोचक प्रसंगों से सभी को अवगत कराया। प्राचार्य राघवेंद्र पाठक,




रामस्वरूप चौरसिया श्रीमती गायत्री गर्ग, राम शंकर गर्ग एवं लगभग सभी वक्ताओं ने उन्हें कर्तव्य निष्ठ प्रेरणादायक शिक्षक निरुपित किया। अपने-अपने उद्बोधन में सभी ने उनके दीर्घायु स्वस्थ जीवन की कामना की। शाला परिवार की ओर से विजय आदर्श को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया जबकि सेवा निवृत्त शिक्षक ने विद्यार्थियों की सुविधा हेतु विद्यालय एक वाटर प्यूरीफायर सिस्टम प्रदान किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षक रामकृष्ण श्रीवास्तव, नन्द किशोर असाटी, ललित किशोरी तिवारी के अलावा जनशिक्षक देवेंद्र सिंह राजपूत, प्रताप पटैल, संदीप सोनी, अरुण कस्तोर, मिथिला असाटी, बालकृष्ण चौरसिया, संध्या जैन, मंजू खटीक, सविता साहू, कमला साहू, चंदा पटैल, सुमन चौहान, गुरुदयाल पाठक, शकील खान, मयंक वर्मा, पुरुषोत्तम अहिरवार, अर्जुन सेन सहित अभिषेक ताम्रकार एसएमसी अध्यक्ष नीरज नामदेव आदि की उपस्थिति रही। समस्त स्टॉफने ढोल नगाड़ों की ध्वनि के बीच उन्हें परिवार सहित कार में बैठाकर उन्हें विदा किया।

# महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ: वैष्णवी गर्ग

## श्रीकृष्ण और रुकमणी विवाह के प्रसंग में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया

**दमोह।** कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग के मुखारविंद से दसोंदी धाम द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह का आयोजन हुआ जिसे बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास किशोरी जी ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय है। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण है। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान कंस का वध महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध उधव गोपी संवादए ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना व रुकमणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया। कथा के दौरान किशोरी ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया।

महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। भगवान श्रीकृष्ण रुकमणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। भागवत कथा के छठवें दिन कथा स्थल पर रूकमणी विवाहउत्सव के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रीकृष्ण रुकमणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई।



कथावाचक किशोरी वैष्णवी ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुकमणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं, उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। कथा श्रवण के दौरान स्थानीय महिलाओं पर पांडवों के भाव अवतरित हुए। कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश हैए इसलिए जीव के अंदर अपारशक्ति रहती है यदि कोई कमी रहती है, वह मात्र संकल्प की होती है। संकल्प व कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे। उन्होंने महारास लीला श्री उद्धव चरित्र श्री कृष्ण मथुरा गमन और श्री रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर विस्तृत विवरण दिया।

**द्वारिकाधीश भगवान श्रीकृष्ण सत्य मार्गी है**-:रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर व्याख्यान करते हुए उन्होंने कहा कि रुक्मणी के भाई ने उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था लेकिन रुक्मणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल नंद के लाला अर्थात श्री कृष्ण जी को पति के रूप में वरण करेंगे। उन्होंने कहा शिशुपाल असत्य मार्गी है। द्वारिकाधीश भगवान श्रीकृष्ण सत्य मार्गी है। इसलिए वो असत्य को नहीं सत्य को अपनाएगी। अंत में भगवान श्रीद्वारकाधीशजी ने रुक्मणी के सत्य संकल्प को पूर्ण किया। उन्हें भार्या के रूप में वरण करके प्रधान पटरानी का स्थान दिया, रुक्मणी विवाह प्रसंग पर आगे कथावाचक ने कहा इस प्रसंग को श्रद्धा के साथ श्रवण करने से कन्याओं को अच्छे घर और वर की प्राप्ति होती है और दांपत्य जीवन सुखद रहता है। मुख्य यजमान दसोंदी धाम एवं समस्त ग्रामबासी ने आप सभी से कथा श्रवण करने की अपील की है। शुक्रवार को श्रीकृष्ण सुदामा चरित्र होगा।

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कामधेनु नगर पनागर जबलपुर में स्थित भूखण्ड क्रमांक- एल.आई.जी. 211 श्री अनुज पटेल पिता श्री अम्बिका प्रसाद पटेल के नाम आवंटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 07.02.2022 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड श्री अनुज पटेल पिता श्री अम्बिका प्रसाद पटेल ने संयुक्त शपथ पत्र के आधार पर पंजीकृत विकय विलेख दिनांक 21. 03.2025 के माध्यम से श्री ओंकार सिंह पिता श्री दयाराम बघेल को विकय किया है। श्री ओंकार सिंह पिता श्री दयाराम बघेल द्वारा उक्त भूखण्ड उनके नाम लीज हस्तांतरण/नामांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उपरोक्त लीज हस्तांतरण / नामांतरण (भवन/भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि हस्तांतरण / नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / दावा मान्य नही होगा।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

# सिवनी कलेक्टर-एसपी एक सप्ताह में दें जवाब

## डॉ. अंबेडकर की मूर्ति तोड़ने का मामला, शपथ पत्र भी मांगा



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र उच्च न्यायालय ने सिवनी जिले के धूमा क्षेत्र में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने के मामले में कलेक्टर-एसपी व एसएचओ धूमा को नोटिस जारी किया है। अधिकारियों से एक हफ्ते में शपथ पत्र के साथ जवाब मांगा है, यह घटना फरवरी 2025 की है। मामले में स्थानीय व्यक्ति ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी, जिसमें उसने कोर्ट को बताया कि प्रतिमा तोड़ने की शिकायत की गई थी, जिस पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

सिवनी निवासी जितेंद्र अहिरवार की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने कोर्ट में पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि धूमा थाना अंतर्गत एक गांव में 10-11 फरवरी की रात कुछ लोगों ने डॉ अंबेडकर की प्रतिमा में तोड़फोड़ की, अगले ही दिन धूमा पुलिस थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई गई, लेकिन आज तक आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने की बजाय जर्जर मूर्ति को किसी अज्ञात स्थान में रख दिया और वहां पर नई प्रतिमा लाकर रख दी। जो नई मूर्ति लगाई गई है वह किसके द्वारा लाई गई, कहां से लाई गई और किस मद से उसमें पैसा खर्च किया है यह जानकारी नहीं दी गई।

याचिकाकर्ता ने इस मामले को लेकर लगातार सिवनी कलेक्टर, पुलिस कप्तान सहित अन्य अधिकारियों से जाकर शिकायत की, लेकिन किसी ने भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया। हाईकोर्ट को यह भी बताया गया कि सिवनी पुलिस प्रतिमा तोड़ने वालों की ना ही जांच कर रही है और ना ही उनके खिलाफ कार्यवाही। घटना को ढाई महीने से ज्यादा समय हो गया हैए लेकिन आज तक पुलिस ने एक भी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई। हाईकोर्ट को यह भी बताया गया था कि पुलिस उल्टा याचिकाकर्ता को ही परेशान कर रही है कि कार्यवाही को लेकर दबाव न बनाया जाए।

जनहित याचिका पर चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने सिवनी कलेक्टर, एसपी व एसएचओ धूमा को नोटिस जारी कर 7 दिन में जवाब मांगा है। मामले में अगली सुनवाई 7 मई को होगी। हाईकोर्ट ने सिवनी एसपी को यह भी निर्देश दिए हैं कि अगली सुनवाई में शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुए यह बताएं कि इस मामले में अभी तक क्या कार्यवाही की गई है, हाईकोर्ट ने कार्रवाई का पूरा ब्यौरा भी पुलिस से मांगा है।

## टीएसडी कार्पोरेशन को हाईकोर्ट से मिली राहत

**लीज निरस्त मामले में यथा स्थिति के आदेश**

एमपी हाईकोर्ट से मेसर्स टीएसडी कार्पोरेशन को बड़ी राहत मिली है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैथ एवं जस्टिस विवेक जैन की युगल पीठ ने आईटी पार्क जबलपुर में आवंटित जमीन की लीज निरस्त करने के मामले में यथा स्थिति के आदेश दिए हैं। दरअसल, मध्यप्रदेश राज्य के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वर्ष 2016 में प्रदेश आईटी कंपनियों को बढ़ावा देने एवं आईटी क्षेत्र में रोजगार के अवसर को बढ़ाने के लिए मध्य प्रदेश, आईटी, आईटीईएस, और ईएसडीएम निवेश प्रोत्साहन नीति और योजना 2016 प्रारंभ की थी। उक्त योजना के अंतर्गत जबलपुर में बरगी हिल्स को आईटी पार्क चिह्नित किया गया था। मेसर्स टीएसडी कार्पोरेशन वर्ष 2019 में आईटी यूनिट संचालन हेतु भूमि आवंटित करने हेतु आवेदन किया था, मध्य प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम द्वारा आवेदक को प्लॉट क्रमांक 1 आवंटित किया है।

आवंटित प्लॉट पथरीला एवं समतल नहीं था, परंतु मेसर्स टीएसडी कार्पोरेशन द्वारा अपने कठिन प्रयासों से प्लॉट में कार्य प्रारंभ किया। कार्य के दौरान नजदीकी प्लॉट मालिक से सीमा संबंधी विवाद हो गया था। मेसर्स टीएसडी कारपोरेशन को सिविल न्यायालय की शरण लेनी पड़ी, प्रकरण आज दिनांक तक लंबित है। इसी दौरान मप्रइलेक्ट्रॉनिक विकास निगम द्वारा 10 जनवरी 2025 को जारी आदेश के द्वारा मेसर्स टीएसडी कार्पोरेशन की लीज निरस्त कर दी। उक्त आदेश को पारित करते समय निगम द्वारा मेसर्स टीएसडी कार्पोरेशन के तर्कों पर विचार नहीं किया था। मेसर्स टीएसडी द्वारा आदेश से व्यथित हो कर एमपी हाईकोर्ट जबलपुर की शरण लेनी पड़ी। याचिका पर गुरुवार को चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैथ एवं जस्टिस विवेक जैन की युगल पीठ ने सुनवाई करते हुए अगली सुनवाई तक यथा स्थिति बनाए रखने का आदेश पारित किया है। याचिका कर्ता की ओर से अधिवक्ता पंकज दुबे और अक्षय खण्डेलवाल ने तर्क रखा।



# अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर हितकारिणी डेंटल टीम ने दंत शिविर में श्रमिकों का किया परीक्षण



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग ने गुरूवार को कृषि श्रमिक शेड, कृषि उपज मण्डी विजय नगर दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 30 से अधिक संख्या में मजदूरों के दांतो का परीक्षण कर उन्हें दांतो की उचित देखभाल, सही ख़ान पान एवं ब्रश करने के सही तरीकों से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निदेशक डॉ. राजेश धीरावाणी एवं अधिष्ठाता डॉ. रोहित मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित यह शिविर व्यवस्थापक घनश्याम चक्रवर्ती, आरती ठाकुर, दिलीप चौधरी, अनुसुईया रजक, महेन्द्र चौधरी, सुरेन्द्र यादव, प्रकाश लोधी आदि की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस शिविर को सफल बनाने में हितकारिणी डेंटल कॉलेज से पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. निहारिका बेंजामिन, डॉ. अविनाश बोस, डॉ. नेहा राय एवं अन्य डॉक्टरों का योगदान रहा।

## नमक की बोरियां चुराते सीसीटीवी में कैद वारदात



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

शहर में रसगुल्ले की चोरी के बाद अब नमक चोरी की घटना सामने आई है। यह वारदात देवताल के पास एक किराना दुकान के बाहर हुई, जहां एक अज्ञात चोर एक्टिवा से आकर नमक की पांच बोरियां चुरा ले गया। यह घटना 30 अप्रैल की तड़के सुबह हुई, जिसका सीसीटीवी ुटेज भी सामने आया है। इस मामले में दुकान संचालक जयपाल सिंह प्रजापति उर्फ छोटे ने गढ़ा थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है और फुटेज भी सौंपा है। पुलिस अब अज्ञात नमक चोर की तलाश में जुट गई है। जयपाल सिंह ने बताया कि वह कई सालों से दुकान के बाहर नमक की बोरियां रखता आ रहा है, लेकिन कभी चोरी नहीं हुई। 30 अप्रैल की सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि बाहर रखी पांच नमक की बोरियां गायब थीं। उन्होंने तुरंत सीसीटीव्ही फुटेज खंगाला, जिसमें दिखा कि एक व्यक्ति सफेद रंग की एक्टिवा लेकर आया और एक के बाद एक 5 बोरियां गाड़ी में रखकर चला गया। पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## हाई वे पर मिली वृद्ध की लाश

*जबलपुर ( स्वतंत्र मत )।*

*सिहोरा थाना पुलिस ने बताया कि अजय कुमार कोल निवासी मोहला ने सूचना दी कि वह ग्राम मोहला का कोटवार है सुबह गांव के बिज्जू वंशकार के साथ अपने गांव मोहला से सिहोरा आ रहा था। तभी अजीत शोरूम वालों के खेत हाईवे 30 रोड किनारे भीड़ लगी थी। देखा एक अज्ञात व्यक्ति उम्र लगभग 65 वर्ष मृत हालत में पड़ा हुआ था। मृतक की पहचान सुभाष बर्मन 60 साल निवासी वार्ड क्रमांक 6 अभिमन्यु चौक थाना पनागर के रूप मे हुई । पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। पुलिस ने इस संबंध में मौके पर मौजूद लोगों और ग्रामीणों से पूछताछ की। खबर पाकर मृतक के परिजन पहुँच गए थे। जिनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस जांच कर रही है।*

# बंधक बनाकर 7वीं की छात्रा से गैंगरेप

## मंडला बुलाकर आरोपियों ने दिया वारदात को अंजाम



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

शहर की एक नाबालिग को बंधक बनाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दरअसल मंडला के युवक ने पहले सोशल मीडिया पर उससे दोस्ती की, फिर उसे कान्हा नेशनल पार्क घुमाने का कहकर मंडला बुलाया। यहां दोस्त के घर में 3 दिन बंधक बनाकर उसने और उसके दोस्त ने दुष्कर्म किया। जानकारी के मुताबिक कक्षा 7वीं में पढ़ने वाली पीड़ित की 6 महीने पहले मंडला जिले के राजन से सोशल मीडिया पर दोस्ती हुई। दोनों के बीच बातें होने लगीं। इसी बीच दोनों ने एक-दूसरे का मोबाइल नंबर ले लिया।

**सहेली के घर जाने का दिया बहाना** - 4 दिन पहले राजन ने नाबालिग को फोन लगाया और कान्हा नेशनल पार्क घुमाने का झांसा देकर मंडला बुलाया। वह बहकावे में आ गई और सहेली के घर जाने का बहाना बनाकर 26 अप्रैल को मंडला पहुंच गई। राजन उसे अपने दोस्त के घर ले गया, जहां तीन दिन बंधक बनाकर राजन और उसके दोस्त ने दुष्कर्म किया। राजन और उसका दोस्त बुधवार दोपहर पीड़ित को बाइक पर बैठाकर मंडला बस स्टैंड पहुंचे और यह कहते हुए उसे बस में बैठा दिया कि अगर घर या पुलिस को कुछ भी बताया तो ठीक नहीं होगा। डरी सहमी किशोरी ने जब यह बात परिजनों को बताई तो वह गढ़ा थाने पहुंचे और दोनों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने राजन और उसके एक अन्य साथी के खिलाफ रेप और पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



## श्रमजीवी पत्रकार संघ ने सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

पत्रकार हितों की लड़ाई में अग्रणी संगठन मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देश पर 1 मई अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालयों में ज्ञापन सौंपे गए। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की जबलपुर जिला इकाई के द्वारा संघ के द्वारा पत्रकारों के हितो से जुड़ी संघ की 21 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम कलेक्टर दीपक सक्सेना को सौंपा गया। इस अवसर पर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश द्विवेदी, जिला अध्यक्ष स्वप्निल पटैल, संभागीय कोषाध्यक्ष अरविंद देवक, जिला महासचिव नीरज कमल अवस्थी, अमित द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष राहुल पांडे, जिला उपाध्यक्ष कदीर अंसारी, सचिव आकाश बर्मन, सचिव कलीम हनफि, बबलू रजक, सोनू ठाकुर आदि बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

# बीजेपी पार्षद कविता रैकवार अयोग्य घोषित

## कमिश्नर कोर्ट ने जारी किया आदेश, हनुमानताल वार्ड की सीट हुई खाली




जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

कमिश्नर जबलपुर संभाग अभय वर्मा ने गुरुवार को एक आदेश पारित करते हुए नगर निगम जबलपुर के वार्ड क्रमांक 24 (हनुमानताल) से पार्षद कविता रैकवार को पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित सीट पर प्रतिनिधित्व की पात्र नहीं पाया है। लिहाजा नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा 19(2) के तहत कविता रैकवार को आगामी 5 वर्षों तक पार्षद बनने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 24 की सीट को रिक्त मानते हुए निर्वाचन की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि नगर निगम जबलपुर के वार्ड क्रमांक 24 (हनुमानताल) की भाजपा पार्षद कविता रैकवार के जाति प्रमाण पत्र को लेकर कांग्रेस नेताओं ने एक शिकायत थी। जिसमें प्रमाण पत्र को फर्जी बताया गया था। शिकायत की जांच उच्च स्तरीय छानबीन समिति द्वारा की गई, जिसमें प्रमाण पत्र को फर्जी पाया गया। समिति ने 10 नवंबर 2020 को जारी प्रमाण पत्र को निरस्त करते हुए कार्रवाई की सिफारिश की गई थी।

## पोर्टल से आरपीएफ ने ढूंढ निकाला मोबाइल

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा और उनकी संपत्ति की सुरक्षा को लेकर लगातार नवाचारों को अपनाया जा रहा है। रेलवे सुरक्षा बल ने हाल ही में दूरसंचार विभाग के सहयोग से पूरे देश में सीईआईआर पोर्टल को लागू किया है। यह पोर्टल चोरी या खोए हुए मोबाइल फोन को आईएमईआई नंबर के माध्यम से ब्लॉक, ट्रैक व रिकवर करने में मदद करता है। दरअसल 25 अप्रैल को शिकायतकर्ता श्री मुरु द्वारा इटारसी स्टेशन पर यात्रा के दौरान उनका मोबाइल चोरी होने की जानकारी रेल मदद पोर्टल पर दी। यात्री ने कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई, बावजूद इसके आरपीएफ साइबर सेल द्वारा शिकायत का निपटान किया गया।साइबर सेल, भोपाल ने निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए मोबाइल को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से ब्लॉक किया, ताकी वह उपयोग में नहीं लाया जा सके। 26 अप्रैल को मोबाइल को भोपाल क्षेत्र में ट्रेस किया गया, और जांच में पता चला कि यह किसी प्रवीन नामक व्यक्ति के पास है। संबंधित व्यक्ति को संपर्क कर मोबाइल निकटतम आरपीएफ पोस्ट पर जमा कराने के लिए कहा गया, और उन्होंने 30 अप्रैल को आरपीएफ पोस्ट-रानी कमलापति में मोबाइल जमा कर दिया।

## जयंती समारोह का आयोजन आज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** समरस भारत - समर्थ भारत के लिये सब सबको जाने - सब सबको माने, एक अभियान के अंतर्गत समरसता सेवा संगठन द्वारा भगवान परशुराम एवं भगवान चित्रगुप्त के अवतरण दिवस के अवसर पर जयंती समारोह का आयोजन आज शाम 04.30 बजे से अग्रवाल धर्मशाला, साकेत धाम के पास, ग्वारीघाट में किया गया है। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष श्री संदीप जैन ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।



## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद वीडी शर्मा ने पदाधिकारियों से की मुलाकात

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो लोकसभा के सांसद वीडी शर्मा अल्प प्रवास पर जबलपुर पहुंचे जहां उन्होंने उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक कार्यालय सेवा सदन पहुंचकर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वी डी शर्मा का स्वागत विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने शॉल, श्रीफल और माला पहना कर सेवा सदन में किया एवं श्री शर्मा ने इस दौरान मीडिया के मित्रों से विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की। इस अवसर पर मंडलों के नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए वीडी शर्मा ने संगठन के कार्य को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और ऊर्जा के साथ करने एवं सरकार के कार्यों का लाभ जन-जन तक पहुंचाने की सलाह दी।

इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश यादव, शंकर श्रीवास्तव, प्रदीप ड्योढिया, निखिल देशकर, प्रताप सिंह बैस, नीतीश अग्रवाल, रमेश रैकवार, सपन यादव, पुष्पराज पाण्डेय, योगेश शर्मा, रवि वासवानी, लकी तिवारी आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 12180 आदिवासी घर हुए रोशन, लक्ष्य प्राप्त

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान (प्रधानमंत्री जनमन योजना) के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस योजना के तहत कंपनी को कुल 12180 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के घरों में बिजली कनेक्शन प्रदान करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसे पूर्ण कर लिया गया है। योजना का क्रियान्वयन जबलपुर, कटनी, मंडला, डिंडोरी, नरसिंहपुर, बालाघाट, सिवनी, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर एवं शहडोल जिलों के आदिवासी क्षेत्रों में किया गया। इन जिलों के कुल 109 गांवों, मजरे, टोलों को विद्युत सुविधा से जोड़ा गया। इस उपलब्धि से कमजोर जनजातीय समूह के परिवारों के बच्चों को पढ़ाई के बेहतर अवसर, घरेलू कामकाज में सुविधा और रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। इसके अतिरिक्त पीने का पानी, सड़क, स्वच्छता और अन्य मूलभूत सुविधाओं तक पहुंच में सुधार हुआ है जिससे इन क्षेत्रों के जीवन स्तर में स्पष्ट सुधार देखा जा रहा है।

# इनडोर के साथ आउट डोर गेम्स के गुर सीखेंगे बच्चे

## हितकारिणी सभा विद्या परिषद समर कैंप का उदघाटन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



हितकारिणी सभा विद्या परिषद और मप्र युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय समर कैंप का उदघाटन गुरुवार को आदर्श हितकारिणी चिल्ड्रन एकेडमी गोविंदगंज के खेल मैदान में विद्या परिषद के सचिव एड. जयेश सिंह राठौड़ ने किया। कैंप का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न कर उनकी बहुमुखी प्रतिभा का समुचित विकास करना होगा। कैंप में वालीबॉल, कबड्ड़ी, खो-खो, योग और तीरंदाजी खेलों का प्रशिक्षण राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन खेल अधिकारी दिनेश सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर हितकारिणी उच्चतर माध्यमिक शाला देवताल गढ़ा के प्राचार्य रजनीश श्रीवास्तव, हितकारिणी कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला बीटी की प्राचार्य स्नेहलता श्रीवास्तव, आदर्श हितकारिणी चिल्ड्रन एकेडमी की प्राचार्य ज्योत्सना दीक्षित सहित खेल प्रभारी शेखर खंपरिया, सचिन पेडसे, हरीश विश्वकर्मा, विनोद नामदेव, सारिका मिश्रा आदि उपस्थित रहे। कैंप का संचालन विद्या परिषद के संयोजक नरेश तिवारी और सह संयोजक राजीव श्रीवास्तव के निर्देशन में किया जा रहा है।




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**